

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिका में क्रिकेट खेलने को ...

चीन ने रूस-यूक्रेन युद्ध से किया किनारा, कहा- इस मुद्दे पर चर्चा ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 52 | पटना, रविवार,02 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश कुमार पहुंचे बख्तियारपुर, किया मतदान



पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम और सातवें चरण में शनिवार को बिहार की आठ सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। इस बीच, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से बख्तियारपुर पहुंचकर अपना मत डाला। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बख्तियारपुर पहुंचे और मतदान केंद्र संख्या 236 पर वोट डाला। इस दौरान हालांकि उन्होंने पत्रकारों से कोई बात नहीं की। वोट डालने के बाद मुख्यमंत्री सीधे अपने पैतृक आवास पहुंचे और वहां लोगों से मुलाकात की। बिहार में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ संसदीय क्षेत्रों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को मतदान चल रहा है। कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं।

### कर्नाटक के सीएम, डिप्टी सीएम को मानहानि मामले में मिली जमानत

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को मानहानि मामले में स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट ने शनिवार को जमानत दे दी। भाजपा महासचिव केशव प्रसाद ने इनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर कराया था। केशव प्रसाद ने याचिका में आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए पूरे पेज का विज्ञापन प्रकाशित कर प्रचार किया और इसे 40 प्रतिशत सरकार करार दिया था। कांग्रेस ने विभिन्न पदों के लिए कथित रूप से निर्धारित रेट कार्ड को प्रदर्शित करते हुए पोस्टर और विज्ञापन भी बनाए थे। सीएम सिद्दारमैया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह एक निजी शिकायत के सिलसिले में कोर्ट में पेश हुए हैं। यह मामला सिविल प्रकृति का है। मैंने कानून के रक्षक और कानून का पालन करने वाले नागरिक के रूप में खुद को जज के सामने पेश कर जमानत हासिल की।

### जांच में सहयोग नहीं कर रहे प्रज्वल रेवन्ना

बेंगलुरु। यौन शोषण और सेक्स स्कैंडल में गिरफ्तार मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना जांच में अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। विशेष जांच दल अब उस लापता मोबाइल फोन की तलाश कर रही है जिसका इस्तेमाल आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ितों के साथ यौन कृत्यों और मारपीट को रिकॉर्ड करने के लिए किया था। सूत्रों ने बताया कि मोबाइल फोन की बरामदगी अधिकारियों के लिए जांच का केंद्र बन गई है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना अधिकारियों के सवालों के जवाब देने में बच रहे हैं। जानकारी के अनुसार, उनकी आवाज के नमूने एकत्र किए जाएंगे और वीडियो में आवाज से मिलान करने के लिए फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेजे जाएंगे। एसआईटी सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान हासन के सांसद चुप्पी साधे रहे। पूछताछ के दूसरे दिन भी अधिकारियों को प्रज्वल रेवन्ना से कोई खास जानकारी नहीं मिली।

# केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार! एग्जिट पोल के रूझानों में एनडीए 350 पार



| लोकसभा चुनाव / एग्जिट पोल-2024 / सीट 543 बहुमत 27[2] | | | |
|---|---|---|---|
| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
| न्यूज 24- टुडेज चाणक्य | 400 | 107 | 36 |
| इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया | 361-401 | 131-166 | 8-20 |
| एबीपी सी-वोटर | 353-383 | 152-182 | 04-12 |
| इंडिया टीवी-सीएनएक्स | 371-401 | 109-139 | 10-20 |
| टीवी 9-पोल स्ट्रैट, पीपल्स इनसाइट | 342 | 166 | 35 |
| रिपब्लिक पीमारक्यू | 359 | 154 | 30 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| रिपब्लिक मैट्रिज | 353-368 | 118-135 | 118-135 |
| टाइम्स नाऊ | 358 | 152 | 33 |
| इंडिया न्यूज डी-डायनमिक्स | 371 | 125 | 47 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 की मतदान प्रक्रिया संपन्न होते ही। एग्जिट पोल जारी होने शुरू हो गए। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। नतीजों से पहले आज शाम को अलग-अलग मीडिया चैनलों और सर्वे एजेंसियों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किए। एनडीटीवी न्यूज चैनल के एग्जिट पोल में कहा गया है कि शनिवार को संपन्न हुए आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान है। जबकि दो एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसद के 543 सदस्यीय निचले सदन में 350 से अधिक सीटें जीत सकता है, जहां साधारण बहुमत के लिए 272 की आवश्यकता होती है। 2019 के चुनाव में ठऊअ ने 353 सीटें जीती थीं। राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी इंडी गठबंधन को 120 से अधिक सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया है। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भारत में अब तक एग्जिट पोल का रिकॉर्ड खराब रहा है, क्योंकि वे अक्सर चुनाव के नतीजे गलत बताते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि बड़े और विविधतापूर्ण देश में उन्हें सही बताना एक चुनौती है। हालांकि, विपक्ष ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है और उसके जारी होने से पहले पूर्वनिर्धारित कहा था। कई अन्य टीवी चैनल शनिवार को बाद में अपने एग्जिट पोल नंबर पेश करने वाले हैं। 19 अप्रैल से शुरू हुए सात चरणों के चुनाव में लगभग एक अरब लोग मतदान करने के पात्र थे और कई हिस्सों में भीषण गर्मी में चुनाव हुए। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के पोल में तमिलनाडु में इंडी गठबंधन को 33-37 सीटें, बीजेपी को 2-4 सीटें मिलने के आसार हैं। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के पोल में कर्नाटक में एनडीए को 55 प्रतिशत वोट मिले हैं। सीटों की बात करें, तो एनडीए को 20-22 सीटें मिलती दिख रही हैं। इंडी गठबंधन को 3-5 वहीं जेडीएस को 3 सीटें मिली हैं। इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया के मुताबिक, बिहार में इंडी गठबंधन को 48 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। राज्य की 40 सीटों में से एनडीए को 29-33 सीटें मिलने का अनुमान है। रिपब्लिक-के एग्जिट पोल में बीजेपी प्लस को 359 सीटें मिलती दिखाई गई हैं, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन के लिए 150 सीटों का अनुमान जताया गया है। इंडिया न्यूज-डी डायनामिक्स के एग्जिट पोल में एनडीए को 371 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इंडी गठबंधन को 125 सीटें मिलने का अनुमान है।

-इंडिया न्यूज-पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल में एनडीए के लिए 371 सीटों का अनुमान है, जबकि इंडी गठबंधन को 125 सीटें मिलती दिख रही हैं, अन्य को 47 सीटें मिल सकती हैं। जन की बात के एग्जिट पोल में इखढ प्लस यानी एनडीए को 377 सीटें पर जीत का अनुमान है। इंडी गठबंधन को 151 सीटें मिलती दिख रही हैं। रिपब्लिक भारत मैट्रिज के एग्जिट पोल में एनडीए को 368 सीटें मिलने का अनुमान है. जबकि इंडी गठबंधन 125 सीटें जीत सकती है। एग्जिट पोल में एनडीए को 342 से 338 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि इंडी गठबंधन को 153-169 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है, अन्य पार्टियों को 21-23 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया टीवी-सीएनएक्सः एनडीए-371-401; भारत ब्लॉक-109-139; अन्य-28-38। दैनिक भास्करः एनडीए-285-350; भारत ब्लॉक-145-201; अन्य-33-49

इंडिया न्यूज-डी-डायनामिक्सः एनडीए-371; भारत ब्लॉकः 125; अन्य-47। जन की बातः एनडीए 362-392; भारत ब्लॉकः 141-161; अन्य-10-20।

रिपब्लिक भारत-मैट्रिजः एनडीए-353-368; भारत ब्लॉक-118-133; अन्य-43-48। रिपब्लिक टीवी-पी मार्कः एनडीए-359; भारत ब्लॉक-154; अन्य-30।

## इंडी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल : मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उम्मीद जताई कि लोगों ने एक बार फिर एनडीए सरकार को चुनने के लिए रिकॉर्ड मतों से मतदान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसरवादी विपक्षी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा और लोगों ने उनकी प्रतिगामी राजनीति को नकार दिया। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार जिस तरह से गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों, दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाई है, उसे लोगों ने देखा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले मतदाताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि मैं नारी शक्ति और युवा शक्ति की खास तौर पर तारीफ करना चाहूंगा क्योंकि इनकी मजबूत उपस्थिति उत्साहजनक संकेत है। विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के साथ तालमेल बिठाने में विफल रहा। वे जातिवादी, सांप्रदायिक और भ्रष्ट हैं। मुट्ठी भर परिवारों की रक्षा करने के उद्देश्य से बनाया गया विपक्षी गठबंधन राष्ट्र के लिए भविष्य की दृष्टि प्रस्तुत करने में विफल रहा।

## बिहार : एग्जिट पोल में एनडीए को बड़ी बढ़त, इंडिया गठबंधन पिछड़ा

### सी-वोटर ने एग्जिट पोल में एनडीए गठबंधन को 34 से 38 सीटें दी



| लोकसभा चुनाव / एग्जिट पोल-2024/बिहार / सीटें 40 | | | |
|---|---|---|---|
| एजेंसी | भाजपा+ | राजद+ | अन्य |
| रिपब्लिक मैट्रिज | 32-37 | 2-7 | 1 |
| पीमारक्यू | 37 | 3 | 0 |
| आजतक- एक्सिस माई इंडिया | 27-32 | 7-10 | 0 |
| न्यूज 24 टुडेज चाणक्य | 36 | 4 | 0 |
| इंडिया टीवी- सीएनएक्स | 28-30 | 3-5 | 1 |

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 की सातवें चरण व अंतिम चरण के मतदान समाप्त होते ही एग्जिट पोल जारी होने शुरू हो गए। अधिकांश एजेंसियों द्वारा दिखाए जा रहे रूझान में एक बार फिर बिहार में एनडीए को बड़ी बढ़त है। इंडिया गठबंधन काफी पिछड़ता दिख रहा है। सी-वोटर ने एग्जिट पोल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 34 से 38 सीटें दी हैं। कांग्रेस+ को इसने तीन से पांच सीटें दी हैं। इस एग्जिट पोल में अन्य के खाते में एक भी सीट नहीं दी गई है। टुडेज चाणक्या ने भारतीय जनता पार्टी व सहयोगी दलों को 36 सीटें दी हैं, लेकिन साथ ही चार सीटें कम या ज्यादा होने का भी अनुमान रखा है। इसी तरह कांग्रेस व सहयोगी, यानी महागठबंधन को चार सीटें दी हैं। यह संख्या चार बढ़ या घट सकती हैं। अन्य के खाते में इस एग्जिट पोल ने भी एक सीट रखी है। मैट्रिज के एग्जिट पोल में बिहार की 40 में से 32 से 37 सीटें एनडीए को दी गई हैं। इंडी एलायंस को दो से सात सीटें दी गई हैं। इस एग्जिट पोल में अन्य को एक सीट दी गई है। इंडिया टीवी के एग्जिट पोल में भाजपा की सभी 17 सीटें कायम रह गई हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में जदयू को 16 सीटों पर जीत मिली थी, इस एग्जिट पोल ने उसे 11 से 13 सीटें दी हैं। मतलब, सीधा-सीधा नुकसान यहीं है। इस एग्जिट पोल ने लोजपा को भी नुकसान दिखाया है। लोजपा-रामविलास को तीन से चार सीटें मिलने का अनुमान दिखाया है। इस एग्जिट पोल में हम अपनी इकलौती सीट जीत रहा है। उपेंद्र कुशवाहा के लिए अनुमान अस्पष्ट है। लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद को तीन से पांच सीटें दी जा रही हैं। कांग्रेस को इस एग्जिट पोल में दो सीटें दी जा रही हैं- किशनगंज और कटिहार। अन्य के खाते में एक सीट है। मैट्रिज एग्जिट पोल ने बिहार में इस एग्जिट पोल ने एनडीए को 32 से 37 सीटें दी हैं। महागठबंधन को इसने दो से सात सीटें दी हैं। अन्य (निर्दलीय) को एक सीट दे रहा है। आजतक-एक्सिस माई इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार, बिहार में 48 प्रतिशत वोट एनडीए के खाते में जा रहे हैं। पिछली बार 56 प्रतिशत वोट प्रतिशत आया था। दो पार्टियां जुड़नें के बावजूद नुकसान की बात सामने आ रही है। वहीं महागठबंधन को इस बार बिहार में 42 प्रतिशत वोट प्रतिशत मिला है। जबरदस्त उछाल है। बिहार में एनडीए को 27 से 32 सीटें मिलने का दावा किया गया है। भाजपा को 17 की जगह 13 से 15 सीटें मिलेंगी। जदयू को 16 की जगह नौ से 11 सीटों पर जदयू की जीत संभावित। लोजपा-रा को चार सीटें मिलने की उम्मीद है। महागठबंधन को 7 से 10 सीटें मिलने का दावा किया जा रहा इसमें से अकेले राजद 6-7, कांग्रेस 1-2 सीटें मिलने का दावा किया जा रहा।

## लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की हिफाजत करने की घड़ी है : तेजस्वी

पटना। लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित इंडिया गठबंधन की संयुक्त बैठक में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले राजद नेता तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, बैठक में शामिल होने दिल्ली जा रहा हूं। तीन बजे बैठक है। सभी लोग शामिल होंगे। तब खुलकर चर्चा होगी। इस बीच, जब उनसे यह सवाल किया गया कि इंडिया गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी कौन होगा, तो उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया, सिर्फ इतना ही कहा कि बैठक में हम लोग इस पर खुलकर चर्चा करेंगे, लेकिन अभी मैं कुछ नहीं कह सकता। शनिवार शाम से कई एग्जिट पोल सामने आएंगे। इस पर तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्हें एग्जिट पोल पर नहीं जनता पर भरोसा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है, एनडीए जा रहा है। देश के लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की हिफाजत करने की घड़ी है। बिहार के लोगों का मन टनाटन है। इसके अलावा, जब तेजस्वी यादव से बीजेपी द्वारा इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर तंज कसने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अब मैं इस पर क्या कहूं। ये लोग तो कहते ही रहते हैं।

## इंडिया समूह का 295 से ज्यादा सीटों पर जीत का दावा



प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया है कि इंडिया समूह को इस आम चुनाव में कम से कम 295 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हो रही है।

श्री खड़गे ने इंडिया समूह के शीर्ष नेताओं की शनिवार यहां उनके आवास पर हुई बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि समूह के नेताओं से मिली जानकारी और उसके आधार पर किए गए आकलन से स्पष्ट होता है कि इंडिया समूह 295 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल कर रहा है। उनका कहना था कि इंडिया समूह को इससे ज्यादा सीटों पर जीत मिल रही है लेकिन 295 से कम सीट यह नहीं जीत रहा है। उन्होंने कहा की इंडिया समूह के नेताओं की करीब ढाई घंटे चली बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में सबसे ज्यादा विचार इसी मुद्दे पर हुआ है कि मतगणना के दिन कैसी रणनीति रखनी है। इसको लेकर सभी दलों की नेताओं ने अपने विचार रखे। श्री खड़गे ने कहा कि बैठक में यह भी तय हुआ है कि चुनाव के दिन किस तरह की सतर्कता बरतनी है और अपनी बात को रखना है। उनका कहना था कि इंडिया समूह के सभी दल अपने कार्यकताओं को इसके लिए तैयार कर रहे हैं। बैठक में श्री खड़गे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, रामगोपाल यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार, जितेंद्र अवहद, आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, संजय सिंह, राघव चड्ढा, डीएमके के टीआर बालू, राजद के तेजस्वी यादव, संजय यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के चम्पई सोरेन, श्रीमती कल्पना सोरेन, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सीताराम येचुरी, शिवसेना उद्धव गुट के अनिल देसाई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य तथा वीआईपी के मुकेश साहनी ने हिस्सा लिया।

**लोस चुनावः नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीट पर मतदान संपन्न**

# अंतिम चरण : बिहार की 8 सीटों पर 50.56 प्रतिशत मतदान

### 2019 लोकसभा की तुलना में 0.68 प्रतिशत कम वोटिंग



प्रात: किरण

पटना। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में बिहार की 8 सीटों पर सुबह 7 बजे से चल रही वोटिंग खत्म हो गई है। वोटिंग खत्म होने के साथ ही सातवें चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। सातवें चरण में बिहार के नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय सीट के लिए मतदान हुई। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक बिहार की 8 सीटों पर शाम 6 बजे तक औसत 50.56 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं बिहार की एक सीट पर हो रहे उपचुनाव में अगियांव में 6 बजे तक 46.00 प्रतिशत पोलिंग हुई है। चुनाव आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक नालंदा में शाम 6 बजे तक 46.50 प्रतिशत वोटिंग हुई है जबकि पटना साहिब में 45.00 प्रतिशत, पाटलिपुत्र में 56.91 फीसद, आरा में 48.50 फीसद, बक्सर सीट पर 53.70 फीसद, सासाराम में 51.00 प्रतिशत, काराकाट में 53.44 फीसद और जहानाबाद में 51.20 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सभी आठ सीटों पर शाम 6 बजे तक औसत कुल 50.56 फीसद वोटिंग हुई है। वहीं विधानसभा उपचुनाव में अगियांव सीट पर 6 बजे तक 46.00 प्रतिशत मतदान हुआ है।

**पाटलिपुत्रा और काराकाट में हुआ अधिक मतदान :** लोकसभा चुनाव में सातवें चरण की आठ सीटों के साथ ही सभी 40 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। अंतिम यानी सातवें चरण में कुल 50.56 प्रतिशत शाम छह बजे तक मतदान हुआ। सातवें चरण में 2019 लोकसभा की तुलना में 0.68 प्रतिशत कम हुआ है। सातवें चरण में पाटलिपुत्रा लोकसभा एवं काराकाट लोकसभा क्षेत्रों में 2019 की तुलना में अधिक मतदान हुआ है।

दरअसल, सातवें चरण का चुनाव खत्म होने के साथ ही बिहार की 8 सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कई दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। नालंदा से जेडीयू के मौजूदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, पटना साहिब सीट से बीजेपी के मौजूदा सांसद रविशंकर प्रसाद, पटना की दूसरी सीट पाटलिपुत्र से बीजेपी के सांसद रामकृपाल यादव, आरा संसदीय सीट से बीजेपी सांसद आरके सिंह, काराकाट सीट पर एनडीए के साझा उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा की प्रतिष्ठा दांव पर है।

नालंदा संसदीय सीट पर जेडीयू के कौशलेंद्र कुमार का महागठबंधन के संदीप सौरभ, पटना साहिब सीट पर बीजेपी उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार के बेटे कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अभिजीत, पाटलिपुत्र सीट पर बीजेपी उम्मीदवार रामकृपाल यादव और लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती, आरा में बीजेपी प्रत्याशी आरके सिंह और महागठबंधन के सुदामा प्रसाद मैदान में हैं। वहीं, बक्सर संसदीय सीट पर एनडीए के मिथिलेश तिवारी और आरजेडी के सुधाकर सिंह, सासाराम सीट पर एनडीए के शिवेश राम और महागठबंधन के मनोज कुमार भारती के बीच सीधा मुकाबला है जबकि काराकाट सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। काराकाट सीट से एनडीए के उपेंद्र कुशवाहा, निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे पावर स्टार पवन सिंह और महागठबंधन के राजा राम सिंह के बीच कड़ी टक्कर है। जहानाबाद सीट से जेडीयू के मौजूदा सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और आरजेडी के सुरेंद्र यादव के अलावा पूर्व सांसद अरुण कुमार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। बता दें कि 8 राज्यों की कुल 57 सीटों पर लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग हुई है। सातवें चरण में देशभर में कुल 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और चंडीगढ़ की सीट पर वोटिंग हुई।

## देश भर की 57 सीटों पर 59.65 फीसदी हुआ मतदान

### पीएम मोदी सहित कई दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में कैद

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर 1 जून को सातवें व अंतिम चरण का मतदान संपन्न हो गया। इस दौरान 8 राज्यों की 57 सीटों के लिए मतदान हो गया। सुबह 7 बजे से शाम के 6 बजे तक मतदान हुआ। बता दें कि सातवें चरण में बिहार, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मतदान कराया गया है।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक, शाम 6 बजे तक हुए कुल 59.65 फीसदी वोटिंग हुई है। इस चरण के मतदान के साथ ही 19 अप्रैल से शुरू हुए चुनाव के सभी चरणों का मतदान संपन्न हो गया और अब नतीजे चार जून को घोषित हो सकते हैं। शनिवार देर शाम जारी एक बयान में चुनाव आयोग ने बताया कि आखिरी चरण में रात 8.45 बजे तक 59.45 फीसदी मतदान हुआ। आखिरी चरण में 8.45 बजे तक पंजाब की सभी 13 सीटों पर 55.86 फीसदी मतदान हुआ. वहीं उत्तरप्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर 55.60 फीसदी वोट डाले गए. बिहार की 8 लोकसभा सीटों पर 50.79 फीसदी और पश्चिम बंगाल की 9 लोकसभा सीटों पर 69.89 फीसदी मतदान हुआ।

वहीं ओडिशा की 6 लोकसभा सीटोंपर 63.57 फीसदी और हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीटों पर 67.53 फीसदी वोट डाले गए. झारखंड की तीन सीटों पर 69.59 फीसदी मतदान हुआ. केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ में एक सीट पर 62.80 फीसदी वोट डाले गए। इस चरण में सर्वाधिक हाईप्रोफाइल वाराणसी सीट भी शामिल हैं, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। श्री मोदी ने 2014 और 2019 में यहां से जीत हासिल की और अब अपने तीसरे कार्यकाल के लिए कृतसंकल्पित हैं। केंद्रशासित चंडीगढ़ की एक सीट समेत हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सभी सीटों के साथ, ओडिशा छह, उत्तर प्रदेश में 13, पश्चिम बंगाल में नौ तथा बिहार में आठ एवं झारखंड तीन सीटों पर भी मतदान संपन्न हुआ। वर्ष 2019 के आम चुनावों में इन 57 में से भाजपा ने 25 सीटें जीतीं, तृणमूल कांग्रेस ने नौ और कांग्रेस ने आठ सीटें जीती थी। अंतिम चरण के चुनाव में कुल 904 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें पंजाब से 328, उत्तर प्रदेश से 144, बिहार से 134, ओडिशा से 66, झारखंड से 52, हिमाचल प्रदेश से 37 और चंडीगढ़ से चार प्रत्याशी शामिल हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में प्रधानमंत्री के अलावा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, अभिनेत्री से नेत्री बनी कंगना रनौत, हरसिमरत कौर बादल, रवि किशन, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी तथा अन्य प्रमुख नेता शामिल हैं।

## सनातन संस्कृति के गौरव के प्रतीक हैं श्री सोमनाथ: शाह

अहमदाबाद,एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भगवान सोमनाथ सनातन संस्कृति में गौरव के प्रतीक हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को गुजरात में भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए सभी की समृद्धि की कामना की। मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट के न्यासियों में से एक शाह ने शुक्रवार शाम को ध्वज पूजा की। अनुष्ठान के बाद ध्वज मंदिर के शीर्ष पर फहराया गया। शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, जय श्री सोमनाथ। प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव अविरल, अमिट और अडिग सनातन संस्कृति के गौरव प्रतीक हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जांच के दौरान महात्मा गांधी सेतु पर बोलेरो से 7 लाख बरामद

पटना सिटी, पटना साहिब लोकसभा चुनाव के दौरान महात्मा गांधी सेतु और गंगा किनारे रोड से लेकर एनएच-30 पर पुलिस लगातार चौकस देखी गई। यही कारण रहा कि महात्मा गांधी सेतु के बेरियर के पास वाहन जांच के दौरान शनिवार की सुबह करीब नौ बजे एक बोलेरो गाड़ी (जिस पर पंजीयन नंबर डीएलएचसी बीएफ 2074 लिखा था) को रुकवा कर जांच की गई। इस दौरान वाहन से पुलिस ने नगद सात लाख रुपया बरामद किया। वाहन सवार चालक को लेकर पुलिस थाना पहुंची। आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने गांधी सेतु के बेरियर के पास जांच के दौरान एक बोलेरो गाड़ी के चालक राकेश पाठक सात लाख नगद लेकर मुजफ्फरपुर जा रहा था। पूछताछ के दौरान वाहन के चालक ने पुलिस को बताया कि वह एक रेलवे ठेकेदार के यहां चालक की नौकरी करता है। मजदूरों को भुगतान करने के लिए वह यह राशि लेकर मुजफ्फरपुर जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव के दौरान इतनी बड़ी नगद राशि लेकर जाना निषिद्ध है। इसी के कारण पुलिस ने उक्त रुपया को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चालक के कहे अनुसार मामला सत्यापित होने पर और इससे जुड़े कागजात दिखाए जाने के बाद ही रकम विधिवत वापस की जा सकेगी।

### राजद समर्थको ने एक भाजपा नेता को जम कर पीटाई कर दी

दानापुर नगर के अंतर्गत लोकसभा चुनाव के दौरान नगर परिषद के निकट मतदान केन्द्र के बाहर राजद समर्थको ने एक भाजपा नेता को जम कर पीटाई कर दी। जिससे भाजपा नेता गंभीर रूप से जख्मी हो गये। गंभीरावस्था में इलाज के लिए सगुना स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रामजीचक मंडल अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि कर्मवीर रामजीचक मंडल के महामंत्री है। मतदान को लेकर वे नगर परिषद केन्द्र के पास पहुंचे थे। इसी को लेकर बौखलाये राजद समर्थक ने उनके साथ मारपीट कर दिया। जिससे वे जख्मी हो गये। जिन्हे इलाज के लिए सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी सूचना भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल यादव एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गयी है।

### वाहनों के टॉल टैक्स में दो से ढाई प्रतिशत की आज आधी रात से वृद्धि

पटना सिटी (प्राकि)। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के पटना -बख्तियारपुर के बीच दीदारगंज टॉल प्लाजा पर दो जून की आधी रात से बढ़े दर पर वाहन चालकों को टॉल टैक्स देना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने यह सूचना जारी की है। शनिवार को यह जानकारी टॉल के प्रबंधक प्रभाकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टॉल वसूली में दो से ढाई प्रतिशत की वृद्धि की गई है। हर साल अप्रैल माह में टॉल के दर में बदलाव होता है। इस बार लोकसभा चुनाव के कारण टैक्स में इजाफा नहीं किया गया था। दो जून की रात से नया दर लागू हो जाएगा। इस संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी कर दी गई है। टॉल प्लाजा से प्रतिदिन करीब 20 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं।

### वोटरों को जागरुक कर पानी, शरबत व सेल्फी का किया इंतजाम



पटना सिटी (प्राकि)। मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने को शहीद भगत सिंह चौक पर मतदाता जागरूक शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन समाजसेवी गिरधारी लाल सराफ ने किया। मुख्य अतिथि वयोवृद्ध समाजसेवी देवकिशन राठी व विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन गोविंद कानोडिया उपस्थित थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने किया। समिति के द्वारा मतदाताओं के लिए ठंडा पानी, नींबू शरबत, आम का शरबत जलजीरा, दही का छाछ के साथ सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था की गई थी। मास्टर सौरभ और अंकित की जोड़ी ने संगीत की धारा बहाई। शिविर में राजकुमार गोयनका, गणेश शर्मा, राजेश कानोडिया, सुभाष पोद्दार, राजेश देवड़ा, अशोक बंका, रमेश टेकरीवाल, राजू बागला, अमित कानोडिया, विजय यादव आदि सक्रिय थे।

# अंतर जिला ठग गिरोह के तीन गिरफ्तार, दो की तलाश में छापेमारी

## महिला को नवादा जाने की बात कह कार में बैठा महुली रोड में ले जा सोने के जेवरात लूटा





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नवादा जिला के रूपौव थाना और मोहल्ला के रहने वाले अक्षय कुमार सिंह की पत्नी सीता देवी अपने घर जाने के लिए एनएच-30 के महादेव स्थान पर बस के इंतजार में सुबह सात बजे खड़ी थी। इसी दौरान कार सवार व्यक्ति आया और उसे विश्वास दिलाया कि वह भी नवादा जा रहा है। महिला को अपनी कार में बैठा कर महुली रोड की तरफ चल दिया। रास्ते में अधिकारी का भय दिखाते हुए उसके सामान की जांच करने के बहाने आवेदिका का जेवरात लेकर उसे वहीं उतार दिया। घटना 30 मई की सुबह की है। पीड़िता के द्वारा इस संबंध में उसी दिन बाइपास थाना में कांड 219/24 दर्ज कराया गया। इस संबंध में डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि कांड की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देशन में सिटी एसपी ईस्ट सोनी भारत और डीएसपी-2 की निगरानी में छापेमारी दल का गठन किया गया। इस दौरान अनुसंधानकर्ता एसआई संजय कुमार के द्वारा घटनास्थल से लेकर महुली रोड तक रहे सीसीटीवी को खंगालने के साथ ही उसका विश्लेषण किया। इसके बाद गोपनीय सूत्र से मिली जानकारी के आधार पर घटना का उद्भेदन करते हुए सशस्त्र बल की मदद से नालंदा जिला से घटना में शामिल तीन अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी गए आभूषण को भी बरामद करते हुए नकद 12 हजार 500 और घटना में इस्तेमाल किया गया ऑटो कार को जब्त किया गया है।

डीएसपी-2 ने बताया कि इस घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी से बाइपास थाना क्षेत्र में जनवरी, 24 से अब तक घटित इसी अपराध शैली के तीन अन्य कांडों का भी उद्भेदन संभव हो सका है। इस घटना में गिरफ्तार किए गए तीन अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी पाया गया है। घटना में शामिल दो अन्य अप्राथमिकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। महिला से सोने का कानबाली, सोने के कान का टॉप्स, सोने की अंगुठी एवं एक सोने का मंगलसूत्र ले लिया था।

अंतरजिला है गिरोह

इस गिरोह का ठगी से संबंधित आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्र में मामला दर्ज है। इसमें पटना जिला का कोतवाली थाना, बाइपास थाना, बाढ़ थाना, गया जिला का विष्णुपद थाना शामिल है। बाइपास थाना में पूर्व से तीन कांड दर्ज है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में संजय पासवान पिता कृष्णा पासवान, विष्णु पासवान पिता स्वर्गीय बृजनंदन पासवान और नवल साव पिता स्वर्गीय कैलाश साव है। तीनों नालंदा जिला के नूरसराय थाना क्षेत्र के बेलसर का रहने वाला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बरामद किए गए सामान में सोने का एक मंगलसूत्र, सोने का एक जोड़ी कान का टॉप्स, एक ऑल्टो कार (जिस पर निबंधन संख्या बीआर 21जी 6596 लिखा है), दो एंड्राइड मोबाइल एवं एक कीपैड मोबाइल के अलावा लॉकेट बनाने वाला सांचा भी शामिल है।

## फतुहा में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ अंतिम चरण का मतदान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। लोकसभा चुनाव के लिए सातवें चरण का मतदान शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जानकारी अनुसार फतुहा विधानसभा में शाम पांच बजे तक 57 फीसदी वोट डाले गए। चिलचिलाती गर्मी के बीच भी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और वोट डालने मतदान केंद्रों तक पहुंचे। चुनाव आयोग द्वारा अपने वोटर टर्नआउट ऐप पर अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत फतुहा विधानसभा में भारी गर्मी के बावजूद मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की भारी संख्या देखने को मिली। मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधा जैसे पेयजल, शामियाना, रैंप, शौचालय की व्यवस्था की गयी थी। ताकि मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं सुरक्षित मतदान कराने के लिए बिहार पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल लगाए गए थे। इसके साथ ही पिछले महीने की 19 तारीख को शुरू हुए दुनिया के सबसे बड़े मतदान मैराथन की शानदार समाप्ति हो गई। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। मतदान और गर्मी की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

## थोक मंडी रही बंद, खुदरा दुकान भी दिखा बेरौनक

### जाम रहने वाला अशोक राजपथ पर सन्नाटे का आलम



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा संसदीय क्षेत्र के चुनाव के दौरान पटना सिटी की प्रमुख थोक मंडियों के शटर शनिवार को नहीं उठे। वहीं दूसरी ओर अधिकांश खुदरा दुकानदारों की दुकान भी खुले जरूर, मगर ग्राहकी न के बराबर देखा गया। वहीं अशोक राजपथ पर हमेशा जाम की स्थिति देखने को मिला करता था, उस पर सन्नाटे की स्थिति दिख रही थी। इसका कारण लोकसभा का चुनाव था। कल रविवार होने के कारण भी यहां की थोक मंडियां बंद रहेंगी। दरअसल यहां की प्रमुख थोक मंडी मारूफगंज की किराना, हुमाद, जड़ी बूटी, तेल,-तिलहन, मंसूरगंज की अनाज मंडी, थोक कपड़ा की रामबाग मंडी, झाऊगंज का हार्डवेयर मंडी, मच्छरहट्टा का मनिहारी, फूड प्रोडक्ट्स, होजियरी, मौरी पटमौरी से लेकर सौंदर्य प्रसाधन, प्लास्टिक आदि की दुकान बंद रही। हालांकि कल रविवार होने के कारण भी दुकान नहीं खुलेंगी। वहीं छिटपुट तौर से गलियों एवं संपर्क पथ में रहे खुदरा दुकानदारों ने अपनी दुकान खोली जरूर, मगर ग्राहकी खासा कम था। फुटपाथ पर लगने वाला फल और सब्जी की दुकान भी कम संख्या में लगी। हालांकि शाम में चौकशिकारपुर, चौक सब्जी मंडी, खाजेकलां सब्जी मंडी, मीना बाजार और गुलजारबाग में शाम में लोग खरीदारी करते देखे गए। हालांकि शाम 6.30 बजे के बाद विभिन्न मतदान केंद्रों से एवं और अन्य मतदान सामग्री लेकर वहां पुलिस सुरक्षा में पश्चिम की ओर एएन कॉलेज जाने के लिए भागम भाग की स्थिति देखी गई। लोग भी सड़कों पर निकले और आपस में चुनाव से संबंधित बातें करते रहे।

## दो जवान व एक एएनएम की चुनाव के दौरान तबीयत बिगड़ी

### इलाज को कराया गया अस्पताल में भर्ती





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा संसदीय क्षेत्र के तहत पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में मतदान के कार्य में सुबह छह बजे से ही पुलिस और कर्मी लग गए। इस दौरान चौक थाना क्षेत्र के किला रोड स्थित हाजीगंज में मतदान केंद्र पर हिमाचल प्रदेश से चुनाव ड्यूटी में आए जवान भागदिन की तबीयत अचानक खराब हो गई। उसे रिहाइड्रेशन के साथ वोमेटिंग हो रहा था और शरीर से गर्मी फेंक रहा था। उसे स्थानीय समाजसेवी विनय कुमार बिट्टू के द्वारा गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। दूसरी ओर नेहरू टोला स्थित मतदान केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मी की ड्यूटी लगी थी। यहां एएनएम पूजा कुमारी की तबीयत अचानक खराब हो गई। वह गिरकर बेहोश हो गई। उसे भी इलाज के लिए गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां के चिकित्सक डॉ कार्तिक कुमार ने कहा कि कांस्टेबल को उल्टी और लूज मोशन हुआ था, जिसके कारण उसकी तबीयत खराब हुई है। नर्स पूजा कुमारी की भी तबीयत उल्टी के कारण खराब हुई है। इसका भी इलाज चल रहा है। दूसरी और 47 साल के शंभूनाथ विश्वास पिता बाबूलाल विश्वास, जो फारबिसगंज के रहने वाले हैं, को भी शुक्रवार की रात में एनएमसीएच के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। उन्हें भी डिहाइड्रेशन के साथ ही वोमेटिंग के लक्षण थे। हालांकि बाद में सूचना मिलने के बाद उनके परिजन पहुंचे। हालांकि जिला एवं अनुमंडल प्रशासन के द्वारा मतदान केंद्रों पर धूप से बचने और पीने के पानी की व्यवस्था की गई थी। हालांकि कुछ बूथ पर मतदाताओं की लाइन लंबी होने के कारण उन्हें मौसम की मार भी झेलनी पड़ी।

## स्थानीय स्तर पर खरीदी गई दवाओं को भी डीबीडीएमएस पर करना होगा अपडेट

### ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम को पूर्णतया क्रियाशील बनाने का आदेश

- इससे भविष्य की खपत, आवश्यकता आधारित खरीद तथा इसके प्रबंधन में मिलेगी मदद



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को बीएमएसआईसीएल द्वारा आपूर्ति की जा रही दवाओं के अलावा अब स्थानीय स्तर से खरीदी गई दवाओं को भी ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम (डीबीडीएमएस) पोर्टल पर अपडेट करना होगा। इससे दवाओं और चिकित्सकीय सामग्रियों की मांग, आपूर्ति की निरंतरता एवं वितरण प्रबंधन की सुगमता को पारदर्शी बनाया जा सकेगा। मालूम हो कि बीएमएसआईसीएल द्वारा कुल 151 किस्म की आवश्यक दवाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा उपयोग में आने वाली दवाओं को जिला स्वास्थ्य समिति या स्वास्थ्य संस्थानों को अपने स्तर से भी स्थानीय बाजार से खरीदने की अनुमति दी गयी है। यह निर्देश राज्य स्वास्थ्य समिति ने सभी सिविल सर्जन को पत्र के माध्यम से दिया गया है।

पत्र में जिलों द्वारा दवाओं की मांग एवं वितरण की संपूर्ण प्रविष्टि डीबीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से करने को कार्यपालक निदेशक ने जरूरी बताया है ताकि स्वास्थ्य संस्थानों में स्टॉक आउट की स्थिति न बने और स्वास्थ्य केंद्र पर हमेशा दवाएं मौजूद रहें। इससे सेंट्रल डैशबोर्ड पर राज्य की रैंकिंग भी प्रभावित नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि डीबीडीएमएस के माध्यम से दवाओं की अधिप्राप्ति, आपूर्ति एवं वितरण का कार्य किए जाने से भविष्य के खपत का आकलन करने, तिथिवार होने वाली दवाओं का पूर्वानुमान करने, सभी प्रशासनिक स्तर पर बेहतर योजना एवं प्रबंधन करने एवं उसकी निगरानी समेत कई लाभ होते हैं। सरकारी अस्पतालों के प्रभारी इसे फार्मासिस्ट या भंडारपाल के माध्यम से सुनिश्चित कराएँगे वहीं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर यह काम सीएचओ या एएनएम करेंगी।

शत प्रतिशत दवाओं की उपलब्धता है लक्ष्य

स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की सूची के अनुसार, दवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों को प्रिस्काइव औषधियों के वितरण की शत प्रतिशत व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक है। वहीं दवाओं की मांग एवं वितरण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी यह कदम जरूरी माना गया है।

## कबीरपंथी आश्रम में साप्ताहिक कबीर कथा प्रारंभ

- मानवता को जगाने के लिए हुआ था सदगुरु कबीर का प्राकट्य : मंहत ब्रजेश मुनि महाराज



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कबीरपंथी आश्रम मीठापुर मंदिर प्रांगण में सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य महामहोत्सव के उपलक्ष्य में कबीर कथा सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य गद्दी कबीर मठ फतुहा के संरक्षक महंथ ब्रजेश मुनि ने कबीर कथा का मंगलाचरण करते हुए कहा-कबीरा जब हम पैदा हुआ जग हंसे हम रोये। ह्य ऐसी करनी कर चलो हम हंसे जग रोये ॥ह्व सद्गुरु कबीर साहिब मानव मात्र को कर्म से जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। जैसे रामकथा, कृष्ण कथा, देवी कथा है, वैसे महापुरुष संतों में सद्गुरु कबीर कथा है। कबीर कथा जीवन समुदाय और समाज के विभिन्न पहलुओं से जुड़ा हुआ है। कबीर प्राकट्य की कथा कहते हुए ब्रजेश मुनि ने कहा-गगन मंडल से उतरे, सद्गुरु सत्य कबीर। जलज माँहि पौढ़न किये, दोऊ दिनन के पीर। मध्यकालीन युग में संवत 1455 ज्येष्ठ पूर्णिमा को सद्गुरु कबीर साहेब का प्राकट्य काशी के लहरतारा सरोवर में कमल के पुष्प पर दिव्य प्रकाश पुंज के रूप में प्राकट्य हुआ यह सारी घटना वहां मौजूद स्वामी रामानंद के शिष्य अष्टानंद ऋषि ने देखी और वह चकित हो गए उसी समय नीरू नीमा नाम के जुलाहे का जब विवाह हुआ तब विदायी कराकर आते समय रास्ता में नीमा को प्यास लगी। नीमा पालकी से उतरकर सरोवर में जल पीने गयी वहां कमल पत्र पर एक दिव्य को देखकर पति नीरू को बुलाया न और कहा, यह बच्चा हम साथ ले चलेंगे। नीरू ने लोकलाज के भय से ऐसा करने से मना किया किन्तु नीमा का मातृत्व भाव देखकर नीरू नीमा ब बच्चे को अपने घर ले गये। शिशु कबीर दूध नहीं पी रहे थे तो हकीम को बुलाया गया। हकीम ने देखा तो कहा, बच्चा सब तरह से ठीक है। सब चकित रह गये। बाल्यावस्था में ही उन्होंने पाखंड को समझ लिया था। इसलिए मुसलमानों से कहा- ह्यकांकड़पाथर जोड़ के मस्जिद लिया बनाय। ता पर मुल्ला बांग दे क्या बहरा हुआ खुदाई ।ह्व इसी तरह देवी देवता के नाम पर पशु की बलि देनेवालों के लिए कहा-ह्वपाहन पूजै हरि मिलै तो मैं पूजूं पहाड़। ताते तो चक्की भली पीस खाय संसार ।ह्व सद्गुरु कबीर साहिब का कहना था कि जरें- जरें में अल्लाह का नूर है तो हर जगह खुदा है। जीव-जीव सब एक है तो जीव की हिंसा करके भक्ति कैसे हो सकती है ? उनकी इस बेबाकी के लिए तत्कालीन बादशाह सिकन्दर लोदी ने उन्हें हाथी के पांव तले कुचलवाने की कोशिश की किन्तु कबीर का बाल बांका नहीं हुआ। सात दिनों तक कबीर कथा चलेगी।

## इवीएम में गड़बड़ी व शांति के साथ संपन्न हुआ लोकसभा का चुनाव



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के लिए पटना साहिब में लोकतंत्र का महापर्व शांति के साथ शनिवार को संपन्न हो गया। हालांकि कड़ी धूप और उमेश भरी गर्मी के बीच मतदाताओं में बहुत अधिक उत्साह नहीं देखा गया। मध्याह्न 12 तक वोटरों की खासी लाइन देखी गई। इसके बाद अनेक बूथों पर लाइन कम हो गई। हालांकि कुछ मतदान केंद्रों को छोड़ दें, तो अधिकांश मतदान केंद्रों पर सन्नाटे का आलम मध्याह्न के बाद देखा गया। एसडीओ सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी गुंजन सिंह ने बताया कि मतदान शुरू होने से पहले 14 मतदान केंद्रों पर मॉक पोल के दौरान इबीएम में गड़बड़ी की शिकायत मिली। इसे बदलने और ठीक कराने के साथ मतदान कराया गया। पोलिंग के दौरान बूथ संख्या 45 में इबीएम से जुड़े वीपीटी मशीन में आयी गड़बड़ी को दूर किया गया। इस दौरान कुछ मिनट तक मतदान बाधित हुआ। एसडीओ ने बताया कि पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में 19 बूथ महिला कर्मियों के हवाले था। इसके अलावा चार मॉडल बूथ सब रजिस्ट्री कार्यालय में बनाया गया था। दिव्यांग वोटरों के लिए भी बूथ संख्या 84 व 85 सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग में युवा वोटरों के लिए बूथ संख्या 62, 63 और 64 कन्या मध्य विद्यालय, रमना में व्यवस्था थी। एसडीओ ने बताया कि लगभग 50 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। हालांकि दिव्यांग, वृद्ध और बीमार ने भी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान किया है। वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने और वापस ले जाने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था भी की गई थी। स्थिति यह थी कि मध्याह्न 12 बजे के बाद मतदाताओं का उत्साह कम हो गया। इसके बाद धीरे-धीरे मतदाता बूथ पर आते और मतदान कर लौटते। सेल्स टैक्स ऑफिस मतदान केंद्र पर 96 वर्षीय देविकशन राठी और वृद्धाश्रम में रहने वाले 60 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। एसडीओ गुंजन सिंह ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया।

## युवा अपने साथ बुजुर्गो को भी साथ लेकर मतदान कराने पहुंचे





प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत में मतदान के प्रति मतदाताओ में गजब का उत्साह दिख। लोग अपने बुजुर्गो को भी साथ लेकर मतदान कराने पहुंचे। सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क रहा अनुमंडलाधिकारी प्रदीप सिंह नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान, एएसपी सुश्री दीक्षा समेत थानाध्यक्ष स्थिति पर नजर रखते हुए गश्त लगाते दिखे। लालकोठी मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 207, 208 पर मतदाता की कतार लग गयी। वही सगुना स्थित पिंक मतदान केन्द्र संख्या 105 पर कतार छोटी दिखी। इस केन्द्र पर शरीर से लाचार पूर्व सैनिक बासुदेव सिंह बेटे के कंधे के सहारे मतदान करने पहुंचे। वे खासकर मतदान करने को लेकर दिल्ली से आये थे। केन्द्र संख्या 104 पर प्रथम बार मतदान करने पहुंची अपराजिता काफी खुश दिखी। अपराजिता ने बताया कि देश के लिए वोट करने के लिए आयी हूं। जनकधारी इंटर स्कूल के मतदान केन्द्र संख्या 127 पर ईवीएम के खराबी से मतदाता परेशान दिखे। मतदान केन्द्र करीब एक घंटे के बाद ईवीएम ठीक होने के बाद मतदान शुरू हुआ। छावनी परिषद स्थित मतदान केन्द्र संख्या 86 पर इक्के दूक्के मतदाता आते जाते दिखे। यहां मतदाताओ के लिए गर्मी से निजात दिलाने को लेकर फव्वारा लगाया गया था। शाहपुर सीयाराम सिंह विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 61 पर ईवीएम से आवाज नही मिलने की शिकायत मतदाताओ ने की। अनुमंडल कार्यालय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 68 पर सुबह के पौने ग्यारह बजे ही सन्नाटा पसर गया जबकि 68 पर इक्के दुक्के लोग वोट करने पहुंचते रहे। डीएव इंटर स्कूल, डीपीएस स्कूल व फामेर्सी कालेज मतदान केन्द्रो पर भी जागरूक मतदाता मतदान करने पहुंचे व मताधिकार का प्रयोग किया। दियारा के पुरानीपानापुर स्थित बुथ संख्या 42 43 व 49 चलंत मतदान केन्द्र संख्या 46,47 वा लंबी कतार मतदाताओ की सुबह से ही दिखी। बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची नही मिलने के शिकायत कई बुथो पर मतदान केन्द्र पर पहुंचे मतदाताओ ने की। खगौल के लोको कोलनी स्थित मतदान केंद्र संख्या 325 पर 41 वर्ष बाद पहली बार बीमारी के कारण मतदान करने पहुंची राधा कुमारी अपने पिताजी के साथ मतदान करने पहुंची। इनका नाम मतदाता सूची में नाम नही आया था इस बार नाम आया और उन्हे उनका बहुमूल्य मत दिलवाने साथ लेकर पिता पहुंचे। मुस्तफापुर में मतदान केन्द्रो को जायजा लेते अनुमंडलाधिकारी अपने काफिला के साथ पहुंचे।

## विस अध्यक्ष, मेयर व पार्षदों ने किया मतदान, केंद्र में बनेगी मोदी की सरकार, पटना साहिब लोस क्षेत्र से जीतेंगे रविशंकर







पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कड़ी धूप और गर्मी के बीच भी पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मेयर सीता साहू के अलावा विभिन्न वार्ड पार्षदों ने अपने मतदान का प्रयोग किया। साथ ही लोगों से घर से निकल कर लोकतंत्र के प्रहरी की भूमिका निभाने के लिए लोगों से मतदान करने की अपील की। इस दौरान लोगों ने केंद्र में एक बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार प्रचंड बहुमत से बनने की बात कही। साथ ही पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से रविशंकर प्रसाद के हैट्रिक की बात भी कही। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव शनिवार को पूर्वाह्न करीब 10 बजे इन्फेंट जीसस स्कूल के बूथ नंबर 199 पर वोट डालने पहुंचे। हालांकि उस वक्त कुछ वोटर लाइन में लगे थे। इसके बावजूद सबों ने उन्हें सम्मान के साथ आगे जाकर मतदान करने का आग्रह किया। अपना वोट डालने के बाद मतदान केंद्र के परिसर में बने सेल्फी स्टैंड के पास उन्होंने सेल्फी लिया। बाद में पत्रकारों से बात करते उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर गर्मी का प्रकोप है, मगर लोगों को पांच साल के लिए सरकार चुनना है और इसके लिए लोगों को आधा घंटा समय जरूर दिया जाना चाहिए। यदि आपके पास वोट का अधिकार है, तो सरकार चुनने का अधिकार भी है। बाद में उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार प्रचंड बहुमत से बनने जा रही है। विपक्ष पहले ही हार मान चुका है और जनता भी उसे नकार चुकी है। पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने भी मीना बाजार स्थित निगम कार्यालय में रहे बूथ पर अपने मत का प्रयोग किया। इसके बाद वह भी सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाई। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में पटना नगर निगम ने अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया है। खासकर मतदान केंद्रों के आसपास साफ-सफाई, फॉगिंग कराने से लेकर वेस्ट कचरा मैनेजमेंट पर भी काम किया है। श्रीमती सीता साहू ने कहा कि अबकी बार 400 पर भाजपा का नारा चरितार्थ होकर रहेगा। अन्य प्रमुख लोगों में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एसए कृष्णा, नीरज कृष्णा, पैथोलॉजिस्ट डॉ राजेश कुमार, आर्थो के डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ नूतन कुमारी, डॉ टीपी गोलवारा, डॉ प्रवीण कुमार के अलावा पार्षदों में संध्या यादव, अंजली राय, विनोद कुमार, मनोज मेहता, मुन्ना जायसवाल, तारा देवी, कांति देवी, तरुणा राय, शोभा देवी, श्वेता कुमारी, किरण मेहता, गायत्री देवी से लेकर पूर्व पार्षदों में स्मिता रानी, सीता सिन्हा, लल्लू शर्मा, प्रदीप मेहता, बलराम चौधरी, नरेश मेहता आदि ने भी अपने वोट का इस्तेमाल किया।




राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मत का किया प्रयोग



राजद सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी व रोहिणी आचार्य ने किया मतदान



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने डाले वोट



बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने पत्नी व पुत्री शांभवी चौधरी के साथ किया मतदान



भाजपा के बिहार झारखंड के क्षेत्र संगठन महामंत्री नागेंद्र जी ने मत का किया प्रयोग



पाटलिपुत्रा से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने डाला वोट



पाटलिपुत्रा से राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने किया मतदान



पटना साहिब से भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने मत का किया प्रयोग



पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने अपने परिवार संग किया मतदान



भाजपा के पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने हज किया मतदान

# लोकसभा चुनाव : राज्यपाल,नेता प्रतिपक्ष सहित कई सियासी दिग्गजों ने किया मतदान

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण के लिए बिहार के 8 सीटों सहित 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 57 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो गया है। बिहार के आरा, बक्सर, काराकाट, नालंदा, जहानाबाद, पटना साहिब, पाटलिपुत्र और सासाराम में वोट डाले गये। इसी कड़ी में बिहार के कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया है। सभी नेताओं मतदान कर लोगों से अधिक से अधिक मतदान कर अपने मत का प्रयोग करने को कहा है। इस बीच, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव सहित कई दिग्गजों ने वोट डाला। दिग्गज लोगों ने मतदाताओं से अधिक से अधिक वोट डालने की भी अपील की। राज्यपाल आर्लेकर राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, राजभवन परिसर स्थित मतदान केन्द्र पहुंचे और अपना वोट डाला। इधर, विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव अपने भाई और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव के साथ मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही इंडिया गठबंधन के जीत का दावा किया है। इससे पहले लालू यादव अपने परिवार के साथ पटना के वेटनरी कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान हालांकि राजद अध्यक्ष लालू यादव ने पत्रकारों से कोई बात नहीं की। उनके साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्री रोहिणी आचार्य भी थी। सारण से राजद की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने वोट डालने के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते हुए कहा कि मेरा वोट मणिपुर की बहन-बेटियों के सार्वजनिक चीरहरण पर मौन धारण करने वाले के खिलाफ है। वहीं, पाटलिपुत्र से भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव व राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने भी पटना में मतदान किया। गया में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने पूरे परिवार के साथ मतदान किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय महकार के बूथ संख्या 38 पर मतदान किया। साथ में पुत्र संतोष कुमार सुमन, पत्नी सहित परिवार के अन्य लोगों ने भी अपने मत का प्रयोग किया। बता दें कि गया जिले का अतरी विधानसभा क्षेत्र जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में आता है। जहां हम सुप्रीमो ने मतदान किया है। भाजपा के पटना साहिब प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद, बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी, बिहार सरकार में बीजेपी से श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह अपने पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव कैमूर जिले के मोहनिया विधानसभा के बघिनी स्थित बूथ संख्या 63 पर मतदान किया। इस दौरान उनके छोटे भाई जदयू नेता आलोक सिंह भी मौजूद रहे। श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि इस बार बिहार की 40 में 40 सीटें हम जीत रहे हैं और सातवें चरण का मतदान रिकॉर्ड तोड़ मतदान होगा। इसी कड़ी में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने अपनी पत्नी और समस्तीपुर से एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी के साथ मतदान किया है। वहीं, मतदान के बाद शांभवी चौधरी ने सभी मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने का अपील किया है। उन्होंने कहा कि मकतदान केंद्रों पर उचित व्यवस्था किया गया है। आप सभी घर से बाहर निकलें और मतदान करें। साथ ही उन्होंने एनडीए की जीत का दावा किया है।

## मुस्कुराइए ! बन रही है इंडिया की सरकार : मीसा

पटना। पाटलिपुत्रा से राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने भी मतदान किया। मीसा भारती ने मतदान के बाद बड़ा बयान दिया है। उन्होंने ना सिर्फ 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है। बल्कि ये भी कहा है कि 4 जून को कई सारी खबरें जनता के सामने आएंगी। मतदान के बाद अपने सोशल मीडिया पर तस्वीर पोस्ट कर मीसा भारती ने कहा कि, मुस्कुराइए ! बन रही है इंडिया की सरकार ! साथ ही मीसा भारती ने पीएम मोदी के ध्यान करने को लेकर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि चुनाव प्रचार के बाद भी न्यूज में बने रहने के लिए पीएम मोदी ने इस पैंतरे को अपनाया है। पीएम ध्यान ने सोचा आज के बाद उनका कोई प्रचार नहीं हो पाएगा, तो प्रचार खत्म होते ही ध्यान में चले गए। जैसे चुनाव खत्म हो जाएगा, उनका ध्यान भी खत्म हो जाएगा। पीएम मोदी को 10 साल में जनता के मुद्दों पर ध्यान देना था, जितने वादा किए थे उसपर ध्यान देना था ध्यान नहीं लगाना था, ध्यान हम भी लगाते हैं, पूजा हम भी करते हैं। पीएम मोदी कितना भी ध्यान लगा लें, 4 जून को उनका जाना तय है। मीसा भारती ने कहा कि, देश की जनता ने उनकी विदाई तय कर के रखी है। 4 जून को बहुत सारी खबरें मिलेंगी। वहीं मतदान को लेकर मीसा भारती ने कहा कि, जनता में उत्साह है। उन्होंने कहा कि, इंडिया गठबंधन जनता के मुद्दों के साथ चुनावी मैदान में हैं। 10 सालों से जनता त्रस्त है। प्रधानमंत्री ने जितने वादे किए, बिहार में डबल इंजन की सरकार कही जा रही है फिर भी सरकार बिहार का विकास नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि, पूरी तरह से इस बार पाटलिपुत्र से कोई प्रत्याशी नहीं जितेंगे जनता जीतेगी।

# 4 जून को इंडिया गठबंधन की बन रही सरकार : सहनी

- अंतिमं चरण के मतदान के बाद वीआईपी प्रमुख का बड़ा बयान

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के बीच विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने बड़ा बयान दिया है। सातवें चरण के मतदान को लेकर सहनी ने कहा कि हम सबसे अपील करते हैं कि घर से निकले और वोट दें। वहीं सहनी इंडिया गठबंधन की बैठक में जा रहे हैं, जिसको लेकर कहा नॉर्मल बैठक है। उसी में जा रहे हैं, बाकी उसके बाद बात होगी। बाकी आप लोग जश्न मनाए, इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री ध्यान में गए हैं जिस पर उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट का वक्त आ गया है। प्रधानमंत्री का इसलिए ध्यान में गए हैं लेकिन जो उनका ध्यान करना चाहिए था देश के युवाओं को लेकर के बेरोजगारों को लेकर के किसानों को लेकर के बीते 10 सालों में उन्होंने ध्यान किया नहीं।अपनी अच्छी सेहत के लिए ध्यान में गए हैं। गरीबों का नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है गिरिराज सिंह ने कहा है जिस पर सहनी ने कहा कि गरीबों के नेता कैसे हैं। इतना मोदी जी को रैली करना पड़ा बिहार बार-बार आना पड़ा चुनाव में। लाखों के लाखों पद खाली है वह तो अपने आपको सब कुछ बोल ही दिए हैं आप बस उनको भगवान बोलना बचा है। कांग्रेस ने मीडिया से दूरी बनाई है जिसको लेकर



अमित शाह कह रहे हैं की हार के डर से ऐसा कर रही है। जिस पर मुकेश सहनी ने कहा कि सरकार से विपक्ष व मीडिया अगर सवाल नहीं पूछेगा तो कौन पूछेगा। लेकिन आज के वक्त में मीडिया को लेकर के थोड़ा सा अलग मामला हुआ है। जो इनको भूमिका निभानी चाहिए वह कर नहीं रहे हैं और मीडिया भी खुलकर के बोल रहे हैं कि हम आपके लिए लड़ाई क्यों लड़ेंगे। उनका अपना-अपना विचार है यह एक रणनीति है अभी हमारा मन कर रहा है तो आपसे बात कर रहे हैं। उनका मन नहीं कर रहा है, इसीलिए वह एक रणनीति के तहत यह कर रहे हैं। मतगणना से पहले इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर के एनडीए सवाल खड़ा कर रहा है कि हम बैठक कर रहे हैं क्योंकि हम काम कर रहे हैं आप तो सिर्फ ध्यान कर रहे हैं । हम लोग काम कर रहे हैं। आपके जैसा गुफा में जाकर आराम नहीं कर रहे हैं। हमें पूरा यकीन है कि हमारी सरकार बन रही है। हम लोग काम कर रहे हैं, इसीलिए इसको लेकर के रणनीति बना रहे हैं। नतीजा 4 जून को आएगा।

# बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए को भारी बढ़त : उमेश

## कहा- 4 जून को चारों खाने चित होगा विपक्ष

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को बयान जारी कर सूबे के सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की बड़ी जीत का दावा किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार से एक भी सीट इंडी गठबंधन के खाते में नहीं जायेगा। पूरे चुनाव के दौरान तथाकथित विपक्षी एकता का असर धरातल पर कहीं नहीं दिखा है। उन्होंने कहा कि बिहार के किसी भी लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन का प्रत्याशी एनडीए के लिए चुनौती नहीं बन पाया। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार सहित पूरे देश से विपक्ष का सफाया होने जा रहा है, 4 जून को इंडी गठबंधन चारों खाने चित हो जायेगा। झूठ और



दुष्प्रचार की दुकान चलाने वालों के खिलाफ जनता ने एकजुट होकर वोट किया है। मतदाताओं को बरगलाने के लिए विपक्ष द्वारा रची गई झूठ की साजिश 4 जून को पूरी तरह से धाराशयी होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के खेमे में नेता और नीति दोनों का अभाव था इसलिए सिर्फ झूठ बोलकर जनता को अपनी ओर आकर्षित करने में जुटे हुए थे लेकिन उनका यह उद्देश पूरा नहीं हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जंगलराज से भयभीत जनता ने सुशासन और शांति के लिए एनडीए को वोट किया है। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बीते 18 वर्षों में हुए विकास के अनेकों काम से जनता बेहद प्रभावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस वर्षो में देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया इसलिए जनता का एनडीए के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। एनडीए के तीसरे कार्यकाल में देश के साथ-साथ बिहार के भी विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। जनता में दिख रहे आपार उत्साह से हम एनडीए की प्रचंड जीत को लेकर पूरे आश्वस्त है।

## बिहार से एनडीए का सफाया तय : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि 18 वीं लोकसभा चुनाव का चुनाव बिहार सहित पूरे देश में सम्पन्न हो गया। देश की जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व सांप्रदायिकता के खिलाफ और देश, संविधान एवं लोकतंत्र बचाने के लिए वोट किया है। बिहार की 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए का सफाया हो गया है और महागठबंधन की जीत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने की पूरी कोशिश की, लेकिन भाजपा का हिन्दू-मुस्लिम कार्ड पूरी तरह फैल हो गया। केंद्र की जन विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ मतदाताओं ने जमकर वोट डाले। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि लोग भाजपा के झूठे जुमले में नहीं आये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जो वादा किया था, एक भी पूरा नहीं हुआ है। इस सरकार से देश की जनता त्रस्त है। भाजपा सरकार से मुक्ति पाने के लिए लोग वोट कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अच्छे दिन लाने का वादा किया था, लेकिन किसी भी सभा में इस बार अच्छे दिन की बातें नहीं की। सिर्फ हिन्दू-मुस्लिम और मंगलसूत्र की बातें करते रहें। प्रचार समाप्त होते ध्यान लगाने लगे। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो गया। जिलों से मिली रिपोर्ट के अनुसार एनडीए का बिहार में सफाया हो गया है। केंद्र से भाजपा सरकार की विदाई तय है और इंडिया गठबंधन की नई सरकार बनेगी।

## केंद्र में नई सरकार इंडिया गठबंधन की बननी तय : अरुण

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद यह साफ स्पष्ट हो गया कि किसी भी हालत में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार नहीं बनेगी। जनता ने इस लोकसभा चुनाव में पूरी तरह केंद्र की मोदी सरकार को खारिज कर दिया है। वहीं केंद्र में नई सरकार इंडिया गठबंधन की बननी तय हो गई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सातवें चरण में बिहार के आठ लोकसभा सीटों पर सम्पन्न हुए मतदान उपरांत पार्टी कार्यकताओं द्वारा मिले फीडबैक के अनुसार आठों लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन समार्थित उम्मीदवारों के पक्ष में सभी जाति धर्म और वर्ग के लोगों ने उत्साहित होकर मतदान करने का काम किया है। इसलिए इंडिया गठबंधन समार्थित सभी उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि एनडीए के लोग पूरे चुनाव के दौरान जनता को मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए तरह-तरह की बातें करते रहे लेकिन जनता अपने मूल मुद्दों पर डटे रहे। बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी से त्रस्त मतदाताओं ने वोट की चोट से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जन विरोधी केंद्र की मोदी सरकार के विरुद्ध बिहार की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त था, जिसके कारण नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी के समर्थन में जबरदस्त लहर थी। इस तेजस्वी लहर में बिहार की एक्का, दुक्का सीट छोड़कर सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन समार्थित उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है।

# लोकसभा चुनाव में कई नए चेहरों को मिली राजनीतिक पहचान

## राजनीतिक दलों ने कई नए तो कई पुराने योद्धाओं को चुनावी अखाड़े में उतारा

**रामाधार प्रसाद**

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और आखिरी चरण के तहत शनिवार को बिहार की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। इस चुनाव में राजनीतिक दलों ने जीत के लक्ष्य के साथ कई नए तो कई पुराने योद्धाओं को चुनावी अखाड़े में उतारा। 4 जून को मतगणना में हार-जीत किसी की भी हो, इतना तो तय है कि इस चुनाव ने कई नए चेहरों को राजनीतिक पहचान दे दी है। राजनीतिक दलों ने इस चुनाव में कई नए चेहरों पर दांव लगते हुए उन्हें चुनावी अखाड़े में उतारा है। राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य राजनीति में प्रवेश करते हुए सारण से मैदान में उतरीं। अपने पिता को किडनी देने के कारण रोहिणी पहले भी सुर्खियों में रह चुकी हैं, लेकिन इस चुनाव ने उन्हें राजनीति में स्थापित किया है। उन्होंने चुनावी अखाड़े में जमकर पसीना भी बहाया। इसी तरह, समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से दो नए चेहरे भी सियासी पटल पर उभरे। यहां से लोजपा (रामविलास) के टिकट पर शांभवी चौधरी मैदान में उतरीं तो उनका मुकाबला कांग्रेस के सन्नी हजारी से हुआ। शांभवी जहां नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल अशोक चौधरी की बेटी हैं, वहीं सन्नी हजारी दिग्गज जदयू नेता और मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र के हैं। इस चुनाव के पहले दोनों की राजनीति में कोई पहचान नहीं थी, लेकिन दोनों नए चेहरों के उतरने से समस्तीपुर की गिनती हॉट सीट के रूप में हुई। पहले भी भोजपुरी सिनेमा जगत के कई अभिनेता और गायक राजनीति में अपनी पहचान बना चुके हैं। इस चुनाव में भी भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और गायक गुंजन सिंह ने भी अपनी राजनीतिक पहचान बनाई है। दोनों कलाकारों को हालांकि किसी पार्टी ने उम्मीदवार नहीं बनाया, लेकिन दोनों निर्दलीय के तौर पर मैदान में उतरे हैं। पवन सिंह काराकाट से तो गुंजन नवादा से किस्मत आजमा रहे हैं। मुंगेर संसदीय क्षेत्र से राजद के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरीं अनिता देवी महतो ने भी इस चुनाव से अपनी राजनीतिक पहचान बनाई है। उन्होंने चुनाव से कुछ ही दिन पहले 17 साल तक जेल में रहकर बाहर आये अपराधी अशोक महतो से शादी की थी और राजद ने उन्हें टिकट थमा दिया। बहरहाल, चुनावी अखाड़े में उतरे योद्धाओं में किसकी जीत होती है और कौन हारता है, इसका फैसला तो 4 जून को होगा, लेकिन इतना तय है कि इन नए चेहरों ने इस चुनाव से बिहार की सियासत में अपनी पहचान तो बना ही ली है।




# पूरे देश में मोदी की लहर, एनडीए होगा 400 पार : सम्राट

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

पूजा-ध्यान और कार्यकताओं से चर्चा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शनिवार को अपने दिन की शुरूआत की। करीब ढाई महीने के भागदौड़ और चुनाव प्रचार के बाद आज पूरे दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी पटना स्थित अपने आवास पर रहे और वहीं से कार्यकताओं से वोटिंग के सिलसिले में जानकारियां और फीडबैक लेते रहे। इस दौरान श्री चौधरी ने कहा कि सम्भावित हार कि संभावना से हताश होकर राजद गुंडागर्दी पर उतर आया है। राजद की गुंडागर्दी का जवाब जनता ने उसे नकार कर दिया है। राज्य के जिन 8 लोकसभा क्षेत्रों में शनिवार को सातवें व आखिरी चरण के मतदान हुए, पूरे दिन उसका फीडबैक लेने के बाद श्री चौधरी ने कहा कि बिहार की जनता पूरी तरह से एनडीए के साथ रही है।पूरे देश के साथ ही बिहार में भी एनडीए की शानदार जीत होगी। एनडीए उम्मीदवारों के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने आखिरी चरण के चुनाव को एनडीए के पक्ष में बताया और कहा कि सभी चरणों के चुनाव में मोदी की लहर रही। बिहार की जनता को मोदी की गारंटी पर पूर्ण भरोसा रहा है।उन्होंने कहा कि 04 जून को जब चुनाव परिणाम आएगा तब एनडीए की संख्या 400 पार होगी। इसके पूर्व अहले सुबह प्रदेश अध्यक्ष ने एक वीडियो संदेश के जरिए मतदाताओं से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वे अपने घरों से निकलें और एक मजबूत, श्रेष्ठ व खुशहाल भारत के निर्माण के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करें।



# वोटरों ने दिया एनडीए को अपना भरपूर आशीर्वाद : मंगल

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न होने पर राज्य चुनाव आयोग, चुनाव में शामिल पुलिसकर्मी, राज्यकर्मी, मीडियाकर्मी के साथ-साथ सभी आयु वर्ग के मतदाताओं को बधाई दी है। श्री पांडेय ने कहा कि सबों के सहयोग और सजगता से लोकतंत्र का महापर्व उत्सवी महौल में संपन्न हुआ। सभी सात चरण में राज्य के मतदाताओं ने एक बार फिर एनडीए को अपना भरपूर आशीर्वाद देकर 40 की 40 सीट एनडीए की झोली में डालने का काम किया है। सभी लोकसभा सीटों पर मतदाता जागरूक रहे और बढ़-चढ कर वोटिंग में हिस्सा लेकर अपना कर्तव्य पूरा किया। इस दौरान चुनाव आयोग व स्थानीय प्रशासन द्वारा मतदाताओं का पूरा ख्याल रखा गया था। श्री पांडेय ने कहा कि आखिरी चरण में राज्य के पटना साहिब, पाटलिपुत्र, जहानाबाद, काराकाट, आरा, बक्सर, नालंदा और सासाराम में मतदाता सुबह से ही वोट देने के लिए कतार में लगे रहे। सभी जगहों पर लोगों ने शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एनडीए को जनादेश देश देने का काम किया है। राज्य की जनता ने देश और अपने राज्य में विकास का जाल फैलाने और आत्मनिर्भर बिहार बनाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तिसरी बार सत्ता की बागडोर संभालने के लिए एनडीए के पक्ष में खुलकर मतदान किया। नये युवा वोटरों नें नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने को लेकर पूरे जोश के साथ वोटिंग में भाग लिया। वोटिंग के लिए लोगों में उत्सुकता ऐसी थी कि पहले मतदान फिर जलपान और अन्य कोई काम किया। आखिरी चरण में भी संपन्न आठ सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित है और महागठबंधन का खाता भी नहीं खुलने वाला है।



## 4 जून को इंडी गठबंधन का एक्सपायरी डेट : ऋतुराज

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण के लिए मतदान संपन्न हुआ। इसी कड़ी में पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने लोयला स्कूल में मतदान किया है। आर के सिन्हा ने कहा कि, सबसे आग्रह करता हूं कि मतदान करें, पांच वर्ष तक सरकार का आलोचना करना है, प्रशंसा करना है तो वोट करें, लेकिन अगर वोट नहीं डालते हैं तो 5 साल तक कुछ बोलने की अधिकार नहीं है, वोट देने के लिए सख्त कानून बने, ताकि सभी लोग मतदान करें। आर के सिन्हा के साथ उनके बेटे और भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ऋतुरात सिन्हा ने भी अपनी पत्नी के साथ मतदान किया। साथ ही उन्होंने आम जनों को घर से बाहर निकल कर वोट करने की अलीप की है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि सभी लोग घर से बाहर निकले और साथ ही अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी बाहर निकलकर वोट करने के लिए प्रेरित करें। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि, 4 जून को इंडिया गठबंधन की एक्सपायरी डेट है। उन्होंने दावा किया कि तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि 4 जून को तय हो जाएगा कि कब और कहां पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रुप में शपथ लेंगे। वहीं विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि, इंडी गठबंधन असहज गठबंधन है, जो लोग प्रदेशों में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं वो एक साथ आ गए हैं। तो एक बिना किसी नीति, नियत और नेता के बिना टूटा फूटा गठबंधन बनाने की कोशिश की है, जिसे जनता ने नाकार दिया है।

## 4 जून को शुरू विलाप करने की तैयारियों में जुटा विपक्षः राजीव

पटनालोकसभा चुनावों के एनडीए की जीत को तय बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि लोकसभा चुनावों की समाप्ति के बाद एक तरफ जहां जनता 4 जून को जश्न मनाने की तैयारी में लगी है वहीं विपक्षी खेमे में मुर्दनी छा गयी है। इनके नेता 4 जून को विलाप करने की तैयारियों में जुट चुके हैं। हार का ठीकरा फोड़ने के लिए नये नये बहानों की खोज की जा रही है। परिणाम आने बाद यह दहाड़े मार कर रोयेंगे। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष की राजनीतिक नौटंकी अभी से ही शुरू हो गयी है। इस बार भी अधिक संभावना है कि विपक्षी दल अपनी हार का ठीकरा इवीएम पर फोड़ेंगे। राजभवन पर आरोप लगा कर राजद के नेताओं ने इसे साबित भी कर दिया है। सोशल मीडिया पर भी विपक्षी समर्थकों ने ऐसे ही ऊल-जुलूल बयान देना शुरू कर दिया है। नतीजे आने के बाद इनकी पीड़ा और बढ़ जायेगी। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि विपक्षी दलों का मनोबल इतना गिर गया है कि इन्हें प्रधानमन्त्री मोदी की साधना से भी दिक्कत होने लगी है। उनका मौन भी इनकी कारगुजारियों पर भारी पड़ रहा है। इनकी बेचौनी इतनी बढ़ गयी है इन्होने इस पर रोक लगवाने की शिकायत भी कर दी है।

# मतदान सम्पन्न होने के साथ हीं भाजपा की मुकम्मल विदाई : गगन

- राजद सुप्रीमो के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत, हार की बौखलाहट

पटना राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने चुनाव के अन्तिम चरण की समाप्ति के साथ हीं भाजपा के मुकम्मल विदाई का दावा करते हुए कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ चुनाव आयोग में भाजपा द्वारा की गई शिकायत उसके हार की बौखलाहट की निशानी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मतदान के अन्तिम चरण में आज जिन आठ लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदान हुआ है उन सभी क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार भारी मतों के अन्तर से चुनाव जीतने जा रहे हैं। इंडिया गठबंधन के जनबल के सामने भाजपा और उसके सहयोगी दलों का धनबल फेल हो गया और मतदाताओं ने उपमुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव द्वारा पिछले सत्रह महिने के कार्यकाल में किए गए कामों से प्रभावित होकर सभी जाति, धर्म,वर्ग और समुदायों के मतदाताओं ने महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया है। बिहार में इस बार एनडीए का खाता भी नहीं खुलने वाला है। पुरे देश में इसबार बदलाव की हवा चल रही है और तीन सौ से ज्यादा सीटों पर इंडिया गठबंधन जितने जा रही है।और चार जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।



राजद प्रवक्ता ने कहा कि शर्मनाक हार की संभावना से भाजपा काफी बौखला गई है और उसी बौखलाहट में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद जी के खिलाफ तथ्यहीन आरोप लगा कर चुनाव आयोग में शिकायत की गई है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद पटना साहिब लोकसभा चुनाव क्षेत्र के मतदाता हैं वहां से राजद का उम्मीदवार है हीं नहीं। इंडिया गठबंधन की ओर से वहां से कोंग्रेस चुनाव लड़ रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का लगातार उल्लंघन करने वाली भाजपा दूसरे को आदर्श चुनाव आचार संहिता और भारतीय दण्ड विधान का पाठ पढ़ा रही है। आज भी जिन लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदान हुआ है वहां के अखबारों के प्रथम पृष्ठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर के साथ विज्ञापन प्रकाशित हुआ है। पुरे चुनाव अभियान के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता का माखौल उड़ाया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

सं॰ डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./टेली/2024/10, दानापुर, दिनांक : 30.05.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिंगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते है : 1. कार्य का नाम एवं स्थान : दानापुर मंडल के सभी स्टेशनों के लिए स्टेशन वीएचएफ संचार रिकॉडिंग सुविधा का प्रावधान। 2. अनुमानित लागत : ₹3,90,73,654/–, 3. बयाना राशि : ₹3,45,400/–, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 21.06.2024 को 15.00 बजे तक | 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.06.2024 को 15.30 बजे तक। 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in. 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर।

**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मं॰ सं॰ एवं दूर सं॰ अभि॰/ पूमरे/दानापुर

पीआर/0386/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/24–25/36

## संक्षिप्त खबरें

### प्रमंडल बाल भवन किलकारी में नुक्कड़ नाटक आयोजित

मुजफ्फरपुर। जिला स्कूल छात्रावास में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर किलकारी के छात्राओ द्वारा ह्यबोलेंगे तो बदलेगाह्न नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी तरह के नशा मुक्ति के लिए संदेश दिया गया। प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक पूनम कुमारी ने बताया कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे मनुष्य अपने जीवन में पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नाट्य निर्देशक एवं प्रशिक्षक कठपुतली कलाकार सुनील कुमार ने बताया कि नशे के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के साथ ही सामाजिक वातावरण भी प्रभावित होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी स्नेहा कुमारी, प्रमंडल बाल भवन किलकारी के सहायक लेखा पदाधिकारी अनंग प्रकाश पॉल, प्रमंडल संसाधन सेवी नेहा कुमारी, तन्नू प्रिया, मुस्कान कुमारी, सुजाता कुमारी, रूपा पाठक, अमन कुमार, राजीव कुमार, इंद्रजीत कुमार गुप्ता, अरुणिमा कुमारी, विकाश कुमार सिंह, सरस्वती देवी, सुनीता देवी मौजूद थी।

### भारी मात्रा में शराब बरामद, कारोबारी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के बेरुआ चौक के समीप एक घर से पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा विदेशी शराब बरामद किया है। इसके साथ ही मौके से एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हुए कारोबारी की पहचान बेरुआ गांव के स्व अशर्फी राय के पुत्र विनित कुमार बताया गया है। एएलटीएफ पदाधिकारी श्रीकांत चौरसिया ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की बेरुआ गांव में विदेशी शराब की खेप मंगाई गई है। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घर से सात पेटी विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपए आंकी गई है। थाना अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव ने बताया कि जब्त किया गया विदेशी शराब की मात्रा 1 एक सौ एक लीटर है। गिरफ्तार हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पुत्र की मौत की खबर सुन प्रदेश जा रहा पिता ट्रेन छोड़कर लौटा वापस

कल्याणपुर, प्रदेश जा रहे पिता को पुत्र की मौत की मौत की खबर सुनते ही वापस घर लोटना पड़ा। पिता को अपने 5 वर्षीय पुत्र की डूब कर मौत की सूचना पर ट्रेन से छोड़कर घर वापस लौटना पड़ा। मामला खरसंड पूर्वी पंचायत के खरसंड गांव में एक पुत्र की डुबकर मौत मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता संजीव मंडल के 5 वर्षीय किशोर पुत्र सूरज कुमार अपने घर के पीछे बने सोखता के समीप खेल रहा था। वर्षा हो जाने के कारण उसका पैर फिसल कर पानी से भरे सोखता में गिरकर डूब कर मौत हो गई। घर वालों को यह नहीं पता चला कि किशोर डूबा है। 4 घंटे बाद जब कहीं नहीं मिला तो घर वालों की ध्यान खुले सोखता की ओर गई, ग्रामीणों की सहायता से डूबे हुए किशोर को निकाला गया, तब तक किशोर की डूबकर मौत हो गई। परिजन सहित ग्रामीण संतुष्टि के लिए नजदीक के हायाघाट पीएचसी में ले गए जहां चिकित्सक नेमृत घोषित किया। पूरे गांव में इस घटना को लेकर कोहराम मचा। शनिवार तक शव बर्फ में सुरक्षित रखा था। पिता के आने के बाद मृतक किशोर का दाह संस्कार करने की बात ग्रामीणों ने बताई। पूर्व मुखिया रविशंकर सिंह, वर्तमान मुखिया राजू सिंह, पप्पू सिंह सहित कई ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देने में लगे हुए थे।

# श्री अन्न प्रक्षेत्र दिवस सह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर।डा राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा की ओर से तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढ़ोली के फार्म में श्री अन्न प्रक्षेत्र दिवस सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि गेंहू की कटाई के बाद कम अवधि के फसल मडुवा, चीना तथा बाजरा आदि की खेती को प्रक्षेत्र में प्रदर्शित किया गया है। कई किसानों ने भी अपने खेत में श्री अन्न लगायें है। कुलपति ने कहा कि श्री अन्न की प्रोसेसिंग के लिए विश्वविद्यालय की ओर से यंत्र विकसित किया गया है जिससे आसानी से चीना आदि के दाने निकल आते हैं। विश्वविद्यालय श्री अन्न के बाजार किसानों तक उपलब्ध करवाने की भी कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही श्री अन्न के मूल्य वर्धित उत्पाद को लेकर भी कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जी 20 में प्रधानमंत्री के श्री अन्न को बढ़ावा देने के बाद से विदेशी मार्केट में भी श्री अन्न की अच्छी खासी मांग है। कुलपति डॉ पांडेय ने श्री अन्न की खेती कर रहे महिला किसानों से भी चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। डॉ पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी किसानों के फीडबैक को महत्व दे रहा है और किसान केंद्रित निर्णय लेने का प्रयास कर रहा है। प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन श्री अन्न परियोजना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ श्वेता मिश्रा ने किया। डॉ मिश्रा ने श्री अन्न के विभिन्न पहलुओं के विषय में उपस्थित लोगों को जानकारी दी और उनसे विचार साझा किए। प्रक्षेत्र दिवस के उपरांत ढ़ोली कालेज के सभागार में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें किसानों को श्री अन्न से बने विभिन्न व्यंजन भी पडोसे गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलसचिव डा मृत्युंजय कुमार ने कहा कि कुलपति श्री अन्न को बढ़ावा देने को लेकर हमेशा तत्पर रहते हैं और श्री अन्न के किसानों के फीडबैक को अत्यधिक महत्व देते हैं। निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह ने कहा कि श्री अन्न के उपयोग से बीमारी की संभावना कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि श्री अन्न एक गुणवत्ता युक्त भोजन है और इसे हम सबको अपने खान पान में शामिल करना चाहिए। टीसीए के डीन डॉ पी पी सिंह ने भी सभा को संबोधित किया और श्री अन्न के विकास को लेकर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सौ से अधिक श्री अन्न की खेती करने वाले किसानों ने भाग लिया जिनमें तीस से अधिक महिलाएं थीं। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ ऋतंभरा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजीव श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के दौरान डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा, डीन सामुदायिक महाविद्यालय डॉ उषा सिंह, निदेशक बीज डा डी के राय, निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमन त्रिवेदी, डॉ रामदत्त, डॉ जितेन्द्र कुमार, सूचना पदाधिकारी डॉ कुमार राज्यवर्धन, वरिष्ठ तकनीकी सहायक शिरीष कुमार समेत विभिन्न वैज्ञानिक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# सीएस के निरीक्षण में चिकित्सक गायब, वेतन स्थगित

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय के समीप सीएचसी का सीएस अजय कुमार ने गुरूवार को औचक निरीक्षण किया। सीएचसी पर पहुंचते ही कार्यरत सभी कर्मियों में हलचल मच गई। कोई कागजी प्रक्रिया को ठीक करने में जुट गए तो कोई साफ सफाई में। वहीं एईएस वार्ड ओडी, लेबर रूम, दवा काउंटर आदि की जांच पड़ताल की। इस दौरान ड्यूटी से तीन चिकित्सक गायब मिले जबकि रजिस्टर में तीनों चिकित्सकों की हाजरी लगी हुई थी। सिविल सर्जन ने दोनों चिकित्सकों की वेतन भुगतान पर रोक लगाने की बात बताई है। और दोनों के बारे में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर डीएन दीपक से पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया की यहां सब मैनेज से काम होता है। उन्होंने बताया की निरीक्षण के क्रम में दंत चिकित्सक मंजूर आलम, डॉ कालीचरण, डॉ प्रभाकर अस्पताल से गायब थे। और रजिस्टर पर हाजरी बना हुआ था, वहीं दंत रोग की जांच के लिए लगाई गई लाखों की मशीन पर धूल मिट्टी जमा हुआ था। ईलाज कराने पहुंचे मरीजों ने बताया सीएचसी में आज तक कभी दांत रोग का ईलाज नहीं हुआ। वहीं एक्सरे भी लो वोल्टेज की बहाना बताकर बाहर से एक्सरे कराने के लिए कहा जाता है। सिविल सर्जन अजय कुमार ने बताया कि औचक निरीक्षण के क्रम कई अनियमितता पाई गई है। इस समस्या को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

# केएसडीएसयू मुख्यालय में होगी शिक्षा शास्त्र की परीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र द्वितीय वर्ष तथा पथम वर्ष की परीक्षा 20 जून से लगातार आयोजित की जाएगी। वहीं पैट परीक्षा 16 जून को होगी। दोनों स्तर की परीक्षा दो पालियों में होगी तथा इसके लिए परीक्षा केन्द्र मुख्यालय के बहुउद्देश्यीय भवन को बनाया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकांत ने बताया कि शिक्षा शास्त्र प्रथम वर्ष के पहले पत्र की परीक्षा 20 जून को पहली पाली में तथा द्वितीय वर्ष के पहले पत्र की परीक्षा दूसरी पाली में होगी। इसी तरह 21 को पहली पाली में प्रथम वर्ष का दूसरा पत्र तथा दूसरी पाली में द्वितीय वर्ष के दूसरे पत्र की परीक्षा होगी। 22, 23 व 24 जून को लगातार इसी क्रम में प्रथम व द्वितीय वर्ष के तीसरे, चौथे व पांचवें पत्रों की परीक्षा क्रमशः पहली व दूसरी पाली में होगी। वहीं 25 व 26 जून को प्रथम वर्ष के क्रमशः छठे व सातवें पत्र की परीक्षा पहली पाली में ली जाएगी। बता दें कि पहली पाली पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 01 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 02 से 05 बजे तक की होगी। आंतरिक या फिर प्रायोगिक परीक्षा विभाग में ली जाएगी। इसी तरह 2023 वर्षीय पैट परीक्षा 16 जून को दो पालियों में होगी। पहली पाली में पहला पत्र तथा दूसरी पाली में दूसरे पत्र की परीक्षा होगी। पहली पाली पूर्वाह्न 10 से 11 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 1 से 3 बजे की होगी। ध्यान रहे कि इस बार रविवार को भी परीक्षा आयोजित हो रही है। इसलिए इस मामले में किसी तरह का संशय उचित नहीं होगा। 16 एवं 23 जून को रविवार ही पड़ रहा है और इस तिथि में भी परीक्षा है। परीक्षा कार्यक्रम घोषित करते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ शैलेन्द्र मोहन झा ने स्पष्ट किया है कि बहिष्कार व अनुपस्थिति के कारण दोबारा परीक्षा नहीं ली जाएगी।

# रक्तदान से बढ़कर और कोई दान नहीं : प्रो विनय चौधरी



प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एक दर्जन से अधिक सामाजिक कार्यकताओं ने अपना रक्तदान किया । इस दौरान रक्तदान करने के बाद स्थानीय विधायक सह जदयू के प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर और कोई दान नहीं होता है इसके बदौलत किसी के जिंदगी को पुनर्जीवन दिया जा सकता है ।और यह सबसे बड़ी खुशी की बात है जो काफी दिनों के मेहनत के बाद बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल में रक्त अधिाकोष की स्थापना करवाई गई है । उन्होंने आज के इस रक्तदान शिविर के आयोजन कर्ता जीवन अस्पताल के संस्थापक डॉक्टर आरके झा की सराहना की और कहा कि इसके लिए आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ आर के झा समय-समय पर इस तरह का सार्वजनिक शिविर का आयोजन कर आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और उन्होंने समय समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाने की भी चर्चा की ।विधायक श्री चौधरी ने इस दौरान आकस्मिक कक्ष, प्रसव कक्ष के साथ-साथ अनुमंडल अस्पताल की व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया और प्रभारी अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर कुमारी भारती एवं अस्पताल प्रबंधक राहुल सिंह को विशेष निर्देश देते हुए आम लोगों के सेवा में तत्पर रहने का निर्देश दिया ।और सभी चिकित्सकों से भी स समय अपनी सेवा देने के लिए तत्पर रहने का अनुरोध किया। विधायक श्री चौधरी ने अनुमंडल अस्पताल में रक्तदान एवं निरीक्षण के पश्चात स्थानीय विद्युत पावर सब स्टेशन पहुंचकर आम लोगों से मिले जन शिकायत की समस्या के रूप में कार्यपालक अभियंता के समक्ष रखा और त्वरित निदान का निर्देश दिया। इस दौरान सझुआर गांव के राजेश कुमार झा ने अपना शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि हम लोग ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता है जबकि लगातार शहरी क्षेत्र के हिसाब से बिजली विपत्र भेजा जा रहा है जिसके कारण भुगतान में कठिनाई हो रही है जिसकी पूर्व में भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। साथ ही कई लोगों ने तार कटे होने एवं पोल झुके होने के साथ-साथ अन्य समस्या के संबंध में विधायक के माध्यम से विद्युत विभाग के अभियंताओं का ध्यान आकृष्ट कराया ।इस दौरान विधायक श्री चौधरी ने कहा कि बेनीपुर में तीन नए विद्युत सब उप केंद्र स्थापित किए जाने की स्वीकृति मिलने की बात कही। साथ ही बेनीपुर में भी पावर ग्रिड स्थापना के लिए प्रयास किए जाने की बात कही। अस्पताल निरीक्षण के दौरान अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर कुमारी भारती ,प्रबंधक राहुल सिंह, रक्त कोष प्रभारी डॉ संजन संजू, प्रेम कुमार झा, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाल दरबार समर कैंप का शुभारम्भ, बच्चों ने लगाई बेहतरीन प्रदर्शनी




प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। रामानंद मिश्र बालिका उच्च विद्यालय परिसर में किलकारी बिहार बाल भवन दरभंगा द्वारा आयोजित 22 दिवसीय बाल दरबार समर कैंप का उद्घाटन किया गया। यह 1 से 22 जून तक किलकारी द्वारा संचालित समर कैंप में दो हजार से भी अधिक बच्चें बिभिन्न इवेंट में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके साथ ही समर कैंप के दौरान प्रतिदिन आयोजित होने वाले फन गेम्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभागिता प्रर्दशित करेंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रावणी सेन गुप्ता , प्रगति चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभ आरंभ किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में किलकारी के छोटे-छोटे बच्चों ने सभी अतिथियों को तिलक लगाकर व संगीत के द्वारा स्वागत किया। प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक प्रणव भारती ने स्वागत संबोधन में सभी स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी निधि कुमारी, प्रमंडल सहायक सेवी पल्लवी अग्रवाल,सहायक लेखा पदाधिकारी शशी रंजन जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर बच्चों ने बिहार का प्रसिद्ध लोक नृत्य झिझिया नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों और बच्चों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर किलकारी के तमाम प्रशिक्षक अंशु कुमारी, नीरज चौधरी,अंचल,सुरेंद्र कुमार आनंद, साकेत चौधरी, नयन प्रिया,राधा देवी,नीलम मिश्रा,राम उदगार पासवान,पवन कुमार , वीरेंद्र कुमार,अमित कुमार,रवि कुमार समेत बच्चें, अभिभावक और शहरवासी उपस्थित थे।

# तंबाकू उपयोग में मीडिया मार्केटिंग विषयक एक वेबिनार-सह-कार्यशाला का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर, राज नारायण कॉलेज, हाजीपुर के मनोविज्ञान विभाग ने ह्यतंबाकू उपयोग में मीडिया मार्केटिंगह्न विषयक एक वेबिनार-सह-कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन माइंड-डिटॉक्स सेंटरः ऑल साइकोलॉजिकल सर्विसेज, नई दिल्ली के सहयोग से किया गया था, जहां की डॉ. राब्या उम्मन मुख्य वक्ता-सह-सूत्रधार थीं, जबकि मनोविज्ञान विभाग की डॉ. मोना तबस्सुम ने समन्वयक के दायित्व का निर्वहन किया। अपने उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने कहा कि अपने सहज-प्रभावित होजाने वाले उम्र के कारण युवावर्ग, विशेषकर छात्रगण, तंबाकू, ई-सिगरेट और नशीली दवाओं के सेवन के प्रति आकर्षित होते हैं। आजकल महिलाएं भी आधुनिक दिखने के लिए धूम्रपान की ओर आकर्षित हो रही हैं। प्रिंसिपल ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने स्वास्थ्य, भविष्य और परिवार की खातिर ऐसे जाल में न फंसें। पीपीटी द्वारा वेबिनार-सह- कार्यशाला संचालित करते हुए नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. राब्या उम्मन ने तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों का विस्तार से वर्णन किया और सिगरेट और निकोटिन की आदत पर काबू पाने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। प्रोफेसर मोना तबस्सुम ने कार्यशाला सह वेबिनार के महत्व के बारे में बात की। वेबिनार में लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे, जिन्होने अनेक प्रश्न भी पूछे ।

# पत्रकार मुकेश के निधन पर स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। गोरौल प्रखंड के युवा पत्रकार मुकेश कुमार उर्फ प्रभात जी के आकस्मिक निधन पर पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी ।जिले के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया। वास्तव में मुकेश जी एक युवा एवं ईमानदार पत्रकार थे। आरपीसीजे उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलवरघाट के प्रांगण में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार शरण की अध्यक्षता एवं शिक्षक उमेश कुमार प्रसाद सिंह के संचालन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि वास्तव में पत्रकार समाज का आईना होता है ।मुकेश जी एक निष्पक्ष एवं इमानदार पत्रकार थे ।इन्होंने अपने पत्रकारिता जगत में सबों को प्रभावित किया है। आज वे हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनकी यादें हमारे बीच बनी रहेगी। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार शरण, सीमा कुमारी, कुमार चंदन, नीतू कुमारी, राकेश कुमार, उमेश कुमार, रामबाबू राम, उमेश कुमार प्रसाद सिंह जय कृष्णा पाठक ,राहुल कुमार चौधरी, मोहम्मद जमालुद्दीन, सुरभि कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, अजीत कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष पंकज कुमार ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। सच में न्यूज हाजीपुर के पत्रकार राजीव कुमार सिंह ने भी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

# पुलिस का दावा शादी तय होने से नाराज बेटी ने ही की थी मां की गड़ासा से काटकर हत्या

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र के सिंघिया खुर्द गांव में बीते 25 मई की रात घर में सोई महिला के हत्या मामले का पुलिस ने एक जून को खुलासा कर दिया। एसपी विनय तिवारी के अनुसार महिला की हत्या उसकी बेटी ने ही की थी। उसका एक लड़के के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसका उसकी मां विरोध कर रही थी और दोनों के बीच इसको लेकर कई बार विवाद भी हुआ था। उसकी मां ने आनन-फानन उसकी शादी तय कर दी थी। 17 मई को उसका फलदान का कार्यक्रम हुआ था और छठ पूजा के बाद उसकी शादी होनी थी। एसपी विनय तिवारी ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने के आरोप में महिला की पुत्री को निरुद्ध कर लिया गया है। पुलिस ने घटना के बाद घटनास्थल के पास से हत्या में प्रयुक्त गड़ासा बरामद किया था। वहीं अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने खून का छींटा पड़ा हुआ कपड़ा बरामद किया है। बता दें कि पुलिस ने शव के साथ मृतिका का मोबाइल भी जब्त किया था। उसी मोबाइल के कॉल डिटेल से पुलिस को इस प्रेम-प्रसंग के बारे में जानकारी मिली और उसी के अनुसंधान पर मामले का खुलासा हुआ। हालांकि पुलिस अभी तक यह नहीं पता लगा पायी है कि आरोपिता को गड़ासा किसने उपलब्ध कराया था, क्योंकि घटना के बाद परिजनों व लोगों ने उसके पास गड़ासा नहीं होने की बात कही थी। वहीं पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने दो लड़कों को भी पूछताछ के लिए उठाया था। हालांकि उनसे पुलिस को क्या जानकारी मिली और उन्हें क्यों छोड़ दिया गया, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में अरोपिता के द्वारा बताया गया है कि करीब छह माह पूर्व मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हरपुर सिलौत निवासी रामस्वरूप राम के पुत्र दिनेश राम से उसका प्रेम हो गया था। वह उससे शादी करना चाहती थी। इसकी जानकारी मिलने पर उसकी मां विरोध कर रही थी और उसकी शादी कहीं और अन्यत्र करना चाह रही थी। जबकि वह दूसरे लड़के से शादी को तैयार नहीं थी। वहीं उसका प्रेमी दिनेश राम भी भाग कर शादी करने को तैयार नहीं था। अपनी शादी तय कर दिए जाने व फलदान हो जाने से व्याकुल होकर उसने घटना की रात अपनी दादी व छोटे भाई के दूसरे घर में सोने चले जाने के बाद वह रात में वहीं अपनी मां के साथ खाट पर सो गई। मां के गहरी नींद में सो जाने के बाद उसने छुपाकर रखा हुआ गड़ासा से उसने अपनी मां के सिर पर कई बार वार कर हत्या कर दी और खून के छींटे पड़े कपड़े को बक्से में छुपा दिया। इसके बाद उसने उसी समय अपने प्रेमी को दो घंटे तक फोन कर घर से भागने का दवाब बनाया और उसके इनकार करने के बाद वह मनोज पासवान के घर के पीछे के रास्ते से चढ़कर छत पर सो गई। सुबह उठ कर वह अपनी मां की हत्या किसी के द्वारा कर दिए जाने की बात कहकर रोने लगी थी। ताकि किसी को उसके ऊपर शक नहीं जाए।

# भीषण गर्मी व लू से बचाव को लेकर अधिकारियों को डी.एम ने दिए कई निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने भीषण गर्मी और भयंकर लू को देखते हुए बचाव हेतु आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार पटना द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करने हेतु जिले के अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। संबंधित पदाधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था, आवश्यकतानुसार चापाकलों की मरम्मती, पीने के पानी के टैंकर को पर्याप्त संख्या संख्या में रखे जाने का निर्देश दिया गया। भीषण गर्मी और लू से बचने के लिए लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की व्यवस्था करने हेतु एडीएम (आपदा)को निर्देश दिया गया। सभी स्वास्थ्य केंद्रों ,अनुमंडल एवं सदर अस्पताल में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से तैयार रखने हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया ।कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति को निर्देश दिया गया कि गांव और शहर सभी जगह पर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।


# रिलायंस ज्वेल्स के छह करोड़ के सोना लूट में एक चेन व अंगूठी और दो सोने का हनुमानी बरामद

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



गुजरात की सूरत पुलिस के द्वारा गिरफ्तार दो बदमाशों की रिलायंस ज्वेल्स में संलिप्तता के बाद उन्हें रिमांड पर लेकर आयी समस्तीपुर पुलिस ने शनिवार को मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेल्स के सामने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसपी विनय तिवारी ने बताया कि सूरत पुलिस के द्वारा वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के चकबालाधारी निवासी सत्यनारायण पासवान ऊर्फ गब्बर पासवान के पुत्र राहुल कुमार ऊर्फ काला नाग और पटोरी थाना क्षेत्र के सुपौल असरफपुर स्थित अपने ननिहाल में रहने वाले मोहनपुर थाना क्षेत्र के पत्थर घाट के राम उदेश्य राय के पुत्र गगन राज को गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि सूरत पुलिस ने उनके पास से तीन मोबाइल और 220 रुपए नगद बरामद किया था। एसपी विनय तिवारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद गिरफ्तार दोनों अपराधियों को पूछताछ के लिए समस्तीपुर लाया गया है। जहां उनसे पुलिस टीम के द्वारा विस्तृत पूछताछ की गई है और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चार लाख 85 हजार रुपए व एक सोने जैसा चेन, दो सोने का हनुमानी, एक सोने जैसा अंगूठी बरामद किया है। एसपी विनय तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी गगन राज के घर से पुलिस ने तीन लाख रुपए, एक सोने का चेन, दो हनुमानी चकत्ती व एक अंगूठी एवं राहुल पासवान के घर से एक लाख 85 हजार रुपए नगद बरामद किया गया है। पुलिस का दावा है कि बरामद रुपए लूट का आभूषण बेच कर अपराधियों ने अपने घरों में रखा हुआ था, जिसे पुलिस टीम ने उनकी निशानदेही पर बरामद कर लिया है। एसपी विनय तिवारी ने कहा कि रिलायंस ज्वेल्स में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण लूट की घटना हुई थी। उन्होंने इस घटना के लिए कहीं न कहीं रिलायंस ज्वेल्स के कर्मियों की लापरवाही बरतने को भी जिम्मेवार बताया है। उन्होंने कहा कि लूटे गए सोने को अपराधियों ने कहां-कहां बेचा है, इसकी जानकारी पूछताछ में पुलिस को मिली है। उसकी बरामदगी के लिए चुनाव बाद चार-पांच टीम बनाकर अलग-अलग राज्यों में भेजा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि लूट के दौरान अपराधियों के चलने का तरीका सीसीटीवी में कैद है और उसी आधार पर कोर्ट के निर्देश के बाद एफएसएल गांधीनगर की टीम से चाल विश्लेषण कराया जाएगा। बता दें कि पुलिस ने चिन्हित अपराधियों के विरुद्ध अभी तक न ही वारंट जारी किया है और न ही इससे संबंधित कोई इश्तहार व कोई कुर्की जब्ती की कार्रवाई की है। समस्तीपुर पुलिस ने बीते दो अप्रैल को सरायरंजन थाना क्षेत्र के वरूणा पुल से दलसिंहसराय जाने वाली रोड में किशनपुर युसूफ स्थित उच्च विद्यालय के समीप स्थित आम के बगीचे में छापेमारी कर वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के चकबलधारी निवासी बिरजू पासवान के पुत्र वीरू पासवान को गिरफ्तार किया था।

# विधि के विधान के सामने आज हम सभी निरुत्तर हैं:डॉ मुकेश



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर ।साई सदन पर महुआ विधायक माननीय डॉ मुकेश रौशन ने राजद नेता एवं कार्यकताओं के साथ पत्रकार प्रभात कुमार के आकस्मिक देहांत होने पर शोक सभा किया गया ।महुआ विधायक डॉ मुकेश रौशन ने कहा विधि का विधान भी गजब है ! पत्रकार स्मृति शेष केदार नाथ सिंह का पुण्यतिथि था। उनका पत्रकार पुत्र प्रभात कुमार जिसे मनाने की तैयारी में लगे थे। गोरौल आईबी में सारी तैयारी लगभग पुरी हो चुकी थी। पर विधि को शायद यह मंजूर नहीं था। हमें कुछ कार्यकर्त्ता द्वारा सूचना मिला। जब कारण पुछने पर पता चला कि प्रभात जी की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। लोग उन्हें तत्काल गोरौल पीएचसी ले गए हैं जहां से उन्हें बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पर विधि के विधान के आगे किसी का कुछ नहीं चलता ।खबर स्तब्ध है, निःशब्द है। सभी के मन में एक हीं सवाल है, ये क्या हो गया ? पर विधि के विधान के सामने आज हम सभी निरुत्तर हैं ! शोक संवेदना करने वालों में राजद नेता केदार प्रसाद यादव मोहम्मद अरशद, संतोष कुमार चौधरी, इंजीनियर अमर आलोक इंजीनियर अविनाश कुमार, चित्तू यादव अजीत यादव, राजेश कुमार शर्मा, बबलू राय मनोज कुमार यादव, जगन्नाथ यादव, व्यास जी, रवि कुमार, ने मृतक के परिजनों को ईश्वर धैर्य साहस शांति दे ।

# पति के अपहरण की आंशका पर पत्नी ने थाना में दिया आवेदन

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मधुरापुर पंचायत के वार्ड सदस्या के पति रमेश कुमार कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय से गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं पत्नी सह वार्ड सदस्या मधुरापुर पंचायत के वार्ड सात के नीलम राय द्वारा कल्याणपुर थाना में अपने पति को अपहरण होने की आशंका पर थाना में आवेदन दिया है। वहीं पुलिस प्रखंड मुख्यालय के आसपास के जगह-जगह सीसीटीवी फुटेज को खगाल रही थी। पुलिस कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के मघुरापुर टारा गांव के वार्ड नंबर 7 की वार्ड सदस्य नीलम राय के पति गांव के ही डाकघर एबीपीएम रमेश कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष पूर्व मुखिया स्वर्गीय तेज नारायण राय के पुत्र घर से शुक्रवार को करीब 10:00 बजे प्रखंड स्थित डाकघर के लिए स्कूटी से निकले थे। डाकघर पहुंचकर 11:00 बजे विभाग यह कार्य का निष्पादन कर स्कूटी पर झोला में अपनी मोबाइल लटका कर रखे। उसके बाद वह कहां गायब हुए किसी को पता नहीं चल पाया। पत्नी को डाकघर कल्याणपुर से सूचना इस बात को मिली। वहीं परिजनों सहित पत्नी ने जगह-जगह उनकी खोजबीन की लेकिन कहीं आता पता नहीं चल पाया। कहीं कोई अता-पता नहीं चलने के बाद थाने में एक लिखित आवेदन पति के अपहरण होने की आशंका जताते हुए न्याय की गुहार थाना अध्यक्ष से लगाई। आवेदन मिलते ही शनिवार को पुलिस हरकत में आ गई। थाने से पुलिस रिंकी कुमारी दलबल के साथ मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष नीतिश चंद्र घारिया ने कई सीसीटीवी फुटेज को खगाला है। वहीं पुलिस ने अग्रतर कार्रवाई में जुटने की बात कही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, रविवार, 02 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए बड़ा नाला की करवाई जा रही है सफाई

जमुई [ झाझा ] रेलवे कॉलौनी में बारिश के समय छोटी छोटी नालियों में पानी भर जाने से होने वाले जलजमाव की स्थिति से निपटने को लेकर रेलवे सफाई विभाग की ओर से बड़े नाला का साफ- सफाई का कार्य लगातार करवाया जा रहा है। सीएचआई गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि बारिश होने पर बड़ा नाला जाम हो जाता है जिसके कारण रेलवे कॉलौनी से गुजरने वाली छोटी छोटी नाला में पानी भर जाने के कारण रेलवे आवास से लेकर आसपास गंदे पानी का जल जमाव होने लगता है और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बारिश के आने से पूर्व ही सर्वप्रथम रेलवे कॉलौनी में जितने भी बड़ा नाला है उसकी सफाई करवाया गया था और फिर से बड़ा नाला की साफ-सफाई का कार्य करवाया जा रहा है ताकि बारिश के मौसम से पूर्व रेलवे कॉलौनी के छोटी छोटी नाला में गंदे पानी का जलजमाव न हो।

# तीन लाख का इनामी अपराधी और एसटीएफ के बीच हुई मुठभेड़ में कुख्यात प्रमोद यादव की मौत

- पूर्णिया एवं मधेपुरा अन्य जिले के कई थाने में हत्या, लूट, डकैती, पुलिस पर हमला करने जैसे केस पहले से है दर्ज
- तीन लाख का इनामी अपराधी करीब एक दशक से अपराध की दुनिया में सक्रिय था





प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णियां और मधेपुरा सीमावर्ती क्षेत्र के उदाकिशुनगंज अनुमंडल अंतर्गत बिहारीगंज थाना क्षेत्र के हथियोंधा सिंदूरिया टोला के समीप दियारा में रळक्ष्र और कुख्यात अपराधी प्रमोद यादव के बीच हुई मुठभेड़ में प्रमोद यादव ढेर, अन्य लोग भी घायल,बता दें कि मुटभेड़ में जहाँ प्रमोद यादव की मौत हो गयी है वही कुछ लोगों के घायल होने की भी सूचना मिली है। बहार के मधेपुरा जिले में कुख्यात प्रमोद यादव को पुलिस ने शुक्रवार को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। गैंगस्टर प्रमोद के खिलाफ बिहार के कई जिलों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने पुलिस मुठभेड़ में प्रमोद यादव के मारे जाने की पुष्टि की। प्रमोद यादव पर तीन लाख रुपये का इनाम था। बता दे की मधेपुरा जिले में बिहारीगंज थाना क्षेत्र के हथिऔंधा पंचायत के सिंदुरिया टोला में पुलिस ने शुक्रवार को कुख्यात अपराधी प्रमोद यादव को ढेर कर दिया। घटनास्थल से कार्बाइन एवं अन्य हथियार भी बरामद किए गए। प्रमोद के खिलाफ मधेपुरा, पूर्णिया एवं अन्य जिले के कई थाने में हत्या, लूट, डकैती, पुलिस पर हमला करने जैसे केस दर्ज थे। तीन लाख का इनामी अपराधी करीब एक दशक से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। :मजदूर के भेष में पहुंची थी पुलिस, प्रमोद यादव ने की फायरिंग सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर के करीब दो बजे सिंदूरिया टोला की घेराबंदी करने के बाद एसटीएफ की टीम मजदूर के वेश में गांव के अंदर गई। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही कुख्यात अपराधी प्रमोद यादव ने फायरिंग शुरू कर दी। पहले से मुस्तैद पुलिसकर्मियों की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई। एनकाउंटर में अपराधी प्रमोद यादव ढेर हो गया। एसपी संदीप सिंह ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मौके से कुछ हथियार बरामद किए गए हैं। आगे की कार्यवाही की जा रही है। सूचना मिली है। फिल्हाल पुलिस शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी में है।

## मजदूरी सहित अन्य मांगो को लेकर नप के सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] नगर परिषद कार्यालय अंर्तगत संवेदक के अंदर काम करने वाले सफाईकर्मियों ने शनिवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मियों ने वेतन बढ़ोतरी, पीएफ राशि नही देने, सही रूप से काम नही देने सहित अन्य कई मांगों को रखने का काम किया। सफाईकर्मी कमली देवी, सूरज कुमार, उमेश कुमार, गीता देवी, अंजू देवी, मधु देवी आदि ने बताया कि हमलोगों को यहां पर महीना में 20-22 दिन ही काम लिया जाता है और दैनिक मजदूरी 270 रूपए ही मिलता है जिससे हमलोगों को कम मजदूरी में घर चलाना मुश्किल होता है। इसके अलावे जितना दिन काम करते है उसके हिसाव से प्रत्येक दिन का 30 रूपए पीएफ कटता है, लेकिन छह माह में एक माह का ही पीएफ मिलता है। इसके अलावे अन्य कई परेशानियों के बारे में भी जानकारी दिया। प्रदर्शन करने के बाद लोगों ने नप के मुख्य पार्षद संजय यादव और स्वच्छता अवशिष्ट पदाधिकारी मोनिका कुमारी एवं सफाई कार्य करवाने संवेदक सुनील कुमार से मुलाकात किया। इस दौरान मुख्य पार्षद ने लोगों को पुरानें टेंडर की सारी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। तो वही संवेदक ने कहा कि दो साल पहले नगर पंचायत के नाम पर टेंडर हुआ था जिसमें जितनी मजदूरी तय थी उस हिसाब से मजदूरी दिया जा रहा था।

# मुख्य सड़क पर जल जमाव के कारण यात्रा करने वाले को हो रही है काफी परेशानी



प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर, मधेपुरा प्रखंड के आलमनगर से सोनामुखी बाजार जाने वाले मुख्य सड़क में इटहरी पंचायत के वार्ड नंबर 6 एवं मुख्य सड़क पर लगभग 100 से 200 मीटर तक दो से ढाई फीट रहने से आने जाने वाले लोगों को लगातार परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण सह पंचायत के पूर्व मुखिया वार्ड नंबर 7 के वार्ड सदस्य उदय कुमार, वार्ड नंबर 6 के वार्ड सदस्य परमानंद मंडल, राजेश कुमार, मनोज कुमार, सचिन कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि अभी मानसून आना बाकी ही है। पहली ही बारिश में सड़क नदियों में तब्दील हो गई है। अगर जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने में यहां के जनप्रतिनिधि,प्रखंड विकास पदाधिकारी असमर्थ है तो नाव की ही व्यवस्था कर दी जाय। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के मुखिया के द्वारा वार्ड नंबर 6 में जल निकासी को लेकर ग्राम पंचायत की मद से नाली का निर्माण लाखों रुपए की लागत से कराया गया लेकिन नाली का निर्माण हाथी के उस दांत के सामान निकाला जो सिर्फ दिखाने का काम करता है यानी कि आज तक उस नाली से जल निकासी नहीं हो पाया। क्योंकि नाली निर्माण के समय नाली के मुंह को ढलाई कर बंद कर दिया गया। जिसको लेकर कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य वरिय पदाधिकारी को भी ग्रामीणों के द्वारा पत्र लिख जल निकासी की व्यवस्था एवं नवनिर्मित नाले के निर्माण को बंद करने के मामले से अवगत कराया गया था। परंतु पदाधिकारी के द्वारा इस मामले में जरा सा भी ध्यान नहीं दिया गया। जिस वजह से आज पहली ही बारिश के बाद सड़के नदियों में तब्दील हो गई। स्थल निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सड़क के किनारे होकर नाला निर्माण करने की बात कही गई थी। इस मामले में कोई ठोस कम नहीं उठाया गया। इस होकर आसपास के दर्जनों गांव के लोग यात्रा करते हैं।आए दिन पानी के अंदर गड्ढे का अंदाजा नहीं रहने की वजह से मोटरसाइकिल सवार यात्री इसके चपेट में आकर इस गंदे पानी में गिर जाता है। खासकर पैदल चलने वाले महिला एवं बच्चीयों को यात्रा करने में काफी परेशानी होती है।

## मधेपुरा नगर परिषद् बन चुकी है लूट परिषद् : कुमारी विनीता भारती



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा :पूर्व पार्षद पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी नगर परिषद् मधेपुरा सह प्रदेश उपाध्यक्ष राजद महिला प्रकोष्ठ बिहार कुमारी विनीता भारती ने मधेपुरा नगर परिषद् में हाल के दिनों में लाखों की खर्च से होडिंग की बदहाल हालात पर खेद प्रकट की ओर कही की नगर परिषद् को मुख्य पार्षद व कार्यपालक महोदया ने मिलकर बना दिया है लूट परिषद् ! कुमारी विनीता भारती ने शहर के नए लूट का पर्दा फास करते हुए कही की देखिए नगर परिषद् का नया कारनामा हलके लोहे ओर टीनानुमा रड से लाखों रूपया का होडिंग लगावाया गया जो मात्र दस दिनों पर टूटकर गिड़ चुकी है कही - कही तो गायब भी हो चुकी है होडिंग अगर इस तरह से नगर के लोगों के टैक्स के पैसों का बंटर बाँट हो रहा है आखिर नगर परिषद् को कब तक निकम्मे मुख्य पार्षद ओर कार्यपालक महोदया इस तरह से बनाए हुए रखेगी आखिर ऐसा क्यों कर रही है अगर नगर परिषद् में इस तरह की हालात बनी रही तो बहुत जल्द में नगर वासियों के साथ मधेपुरा नगर परिषद् में आमरण - अनशन ओर तालाबंदी को बाध्य हो जाऊँगी !

## स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरे यात्री, जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता



मुरलीगंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसल कर गिरने से एक यात्री का दाएं जांघ की हड्डी फ्रेक्कर हो गया। स्थानीय लोगों ने जख्मी व्यक्ति को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि पूर्णिया निवासी दिलीप कुमार वर्मा शनिवार को मुरलीगंज रेलवे स्टेशन से जानकी एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के क्रम में गिर गए। इतने में ट्रेन भी खुल गई। ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच उनका पैर फंस गया। उनके तथा यात्रियों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर ट्रेन चालक और गार्ड की सूझ बूझ से ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोक लिया गया। जिससे किसी तरह उनकी जान तो बच गई लेकिन वे बुरी तरह चोटिल हो गए। उनके दाएं जांच की हड्डी टूट गई तथा बायां पैर सहित पूरे शरीर जख्मी हो गई। लोगों की मदद से सीएचसी मुरलीगंज लाया गया जहां डॉक्टर राजेश कुमार ने उसे प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

देखा जाए तो आए दिन रेल यात्री ट्रेन पर चढ़ने उतरने के दौरान हादसे की शिकार हो रही है। जिसका मुख्य कारण प्लेटफार्म की उंचाई कम रहने से यात्रियों को ट्रेन पर चढ़ना और उतरना जोखिम से भरा है। बता दें कि समस्तीपुर रेल मंडल के मुरलीगंज रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म उंचीकरण की मांग हो रही है। प्लेटफार्म पर दुर्घटना भी हो रही है। इसके बावजूद विभाग प्लेटफार्म को ऊंचीकरण करने के प्रति उदासीन बने हैं। जबकि विभाग को मुरलीगंज रेलवे स्टेशन से अच्छी खासी राजस्व जाती है। वर्षों से यहां के लोग और संस्था रेल मंत्रालय से प्लेटफार्म ऊंचीकरण कराने की मांग करती आ रही है।

प्लेटफार्म ऊंचीकरण होने से महिला, बच्चे, वृद्ध सहित आम यात्रियों को ट्रेन पर चढ़ने व उतरने में काफी सहुलियत होगी।

# शिक्षक की बिगड़ी तबीयत, हुई मौत, लोगों ने सरकारी फरमान के खिलाफ किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] एक शिक्षक की तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। मामला प्रखंड क्षेत्र के बलियाडीह गांव का है। मृत शिक्षक की पहचान उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलियाडीह में कार्यरत मो. वसी अख्तर के रूप में हुई है जो बलियाडीह गांव का रहने वाला बताया गया। बताया जाता है कि मो.वसी अख्तर स्कूल में था कि तभी उसकी तबीयत बिगड़ गया और वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा जिसके बाद लोगों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल में जाने की नसीहत दी लेकिन सोनो पहुंचने से पहले शिक्षक की मौत हो गई। शिक्षक के मौत के बाद ग्रामीण शव को स्कूल ले गया और उसके बाद बिहार सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जिबरेल अंसारी, शिक्षक मो.समरउद्दीन ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण सरकारी आदेशानुसार 30 मई से विद्यालय का संचालन 9-12 बजे तक किया गया जिसमें स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं ही आ रही है। शनिवार को मो.वसी अख्तर 8:58 में विद्यालय आया और उसके कुछ मिनट लगभग 9 बजे अचानक वह नीचे गिर गया। प्रधानाध्यापक, शिक्षकों का मानना है कि भीषण गर्मी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने बताया कि शिक्षक मो.वसी अख्तर 2006 से विद्यालय में पदस्थापित थे। शव को लेकर गांव पहुंचे ग्रामीणों ने शव को विद्यालय परिसर के पास रखकर प्रदर्शन करते हुए सरकारी फरमान को गलत ठहराते हुए वरीय पदाधिकारी के आगमन की मांग करने लगा। प्रदर्शन कर रहे सरपंच प्रतिनिधि हसन अखलाक, मुखिया पति मोइन अंसारी, आदि ने कहा कि मो. वसी अख्तर पूरी ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यो को करते थे। शनिवार की सुबह वह प्रत्येक दिन की तरह विद्यालय आया और अचानक 9 बजे के लगभग वे बेहोश होकर गिर गए जिसके बाद हो हल्ला हुआ तो निजी अस्पताल ले जाया गया। बिहार सरकार की नीति और नियत शिक्षकों के प्रति साफ नही है। जब विद्यालय में बच्चें ही नही आ रहे है तो फिर शिक्षक को क्यो बुलाया जा रहा है। शिक्षक की मौत के बाद प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना था कि जबतक जिला के वरीय पदाधिकारी यहां नही आते है तबतक मृत शिक्षक के शव को दफनाया नही जाएगा। वही प्रदर्शन कर रहे लोगों ने झाझा सिमुलतला जाने वाली मुख्य मार्ग को जाम कर मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे। इधर सूचना मिलने पर पुलिस मौके स्थल पर पहुंची और लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग मृत शिक्षक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करते हुए लगभग तीन घंटे तक सड़क जाम किए हुए था। समाचार प्रेषण तक लोग सड़क जाम कर अपनी मांगों पर अड़े हुए थे।

## बिजली की तार भैंस पर गिरने से भैंस की हुई मौत

घैलाढ़ प्रखंड के घैलाढ़ पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 8 इनरवा गांव में शुक्रवार की रात्रि लगभग 9 बजे अचानक 440 वोल्ट के बिजली तार में आग लगने से तार टूट कर नाद में खा रही भैंस पर गिर गई । जहां कुछ ही देर के बाद बिजली करंट से प्रभावित भैंस की मौत हो गई। इनरवा गांव निवासी रूबी देवी ने बताया कि भैंस को हर दिन की तरह अपने दरवाजे पर बांध कर रखी थी. जहां हमारी भैंस नाद में चारा खा रही थी और हम लोग सभी परिवार के लोग दरवाजे पर स्थित मचान पर बैठे हुए थे । तभी अचानक 440 वोल्ट बिजली की तार में आग लग गई और आग लगते ही तार टूट कर दरवाजे पर चारा खा रही भैंस पर गिर गई और हम लोग भी सभी मचान पर से भाग गए और बिजली विभाग के पदाधिकारी गण को फोन किया। तब तक में भैंस की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मेरे दरवाजे के ऊपर से बिजली का तार गुजरा है. वह तार बहुत ही कमजोर था. परमेश्वरी ठाकुर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के लोगों से कई बार नया तार लगाने के लिए आग्रह किया था, पर नया तार नहीं लगाया गया।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार झाझा मंदिर प्रांगण में 21 दिवसीय योग शिविर का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार झाझा मंदिर प्रांगण में 21 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया मौके पर एमजीएस प्रभारी प्राचार्य डॉ राजाराम नागमनी, एबीवीपी छात्र नेता सूरज बरनवाल, अखिल विश्व गायत्री परिवार के विभाग संयोजक ज्ञानप्रकाश, एबीवीपी नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति, योग शिक्षक धर्मेंद्र कुमार,अनूप गोस्वामी ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर अभाविप एसएफडी प्रांत सह संयोजक सुरज वर्णवाल ने कहा कि योग आध्यात्मिक शारीरिक और मानसिक प्रथाओं का एक समूह है जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी योग का शाब्दिक अर्थ होता है जोड़ना , योजना केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा बनता है बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है, योग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है, झाझा में 21 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है ।आयोजनकताओं को बहुत-बहुत आभार तथा समस्त झाझा वासियों से आग्रह है कि शिविर में आकर अपने स्वास्थ्य से जुड़े व्यायाम सीखें एवं अपने आप को निरोग रखें। मौके पर योग शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि मैंने पिछले 8 वर्षों से योग सीख रहा हूं ।


तथा लोगों को भी योग के प्रति जागरूक कर रहा हूं आज झाझा में 21 दिवसीय योग का प्रारंभ हुआ है हम और हमारी पूरी टीम पूरे 21 दिन झाझा वासियों को निशुल्क सेवा प्रदान करेंगे, योग का हमारे जीवन में काफी प्रभाव है आप सुबह से लेकर शाम तक योग से घीरे रहते हैं घर में छोटे से छोटे कार्य को भी योग कहा जाता है, सबों से आग्रह है कि इस योग शिविर में आए तथा भयंकर से भयंकर बीमारी का योग से निवारण का तरीका सीखें। मौके पर नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि योग हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है इसे हमें प्रतिदिन करना चाहिए आज झाझा के गायत्री मंदिर प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया है बहुत ही सराहनीय कार्य है सभी लोग आगे आकर योग को सीखें तथा अपने जीवन में चरितार्थ करने का कार्य करें। योग शिक्षक धर्मेंद्र कुमार जी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने 21 दिन तक लगातार निशुल्क सेवा देने का एक संकल्प लिया है। मौके पर राजेश कुमार, शिवम कुमार, शेखर कुमार,राहुल कुमार आदि दर्जनों मौजूद रहे।

# श्वेत क्रांति स्वस्थ जीवन का आधार: प्रो. गौरी शंकर









प्रात : किरण संवाददाता, संजय कुमार

जमुई: विश्व श्वेत क्रांति के अवसर पर जमुई नगर परिषद स्थित वार्ड नंबर 6 में श्वेत क्रांति-दुग्ध उत्पादन व वर्गीज कुरियन विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की। मौके पर कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि विश्व में श्वेत क्रांति डॉ वर्गीज कुरियन की देन है। उन्हें फादर ऑफ दी व्हाइट रिवॉल्यूशन कहा जाता है। वे मिल्क मैन ऑफ इंडिया के नाम प्रसिद्ध हैं। अमूल ब्रांड की स्थापना और इसकी सफलता में इनकी अहम भूमिका रही है। श्वेत क्रांति के प्रणेता व जनक वर्गीज कुरियन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम ही है। उन्होंने कहा कि श्वेत क्रांति स्वस्थ जीवन का आधार है। यह फ्लड ऑपरेशन की सफलता का प्रतीक और सोपान है।वैश्विक दूध उत्पादन में 15 वर्षों से भारत का कब्जा बरकरार है। वर्तमान में 20.89 करोड़ टन दूध का वार्षिक उत्पादन उत्साहवर्धक है। कृषि मंत्रालय की 2018-19 की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष भारत में दूध का उत्पादन 17 करोड़ टन है, जबकि दूध का खपत प्रति वर्ष 64 करोड़ टन है, यानि चार गुना ज्यादा दूध की खपत हो रही है। आखिर मांग की पूर्ति कैसे होती है ? स्पष्ट है कि दूध में मिलावट हो रही है। देश में जितना दूध का उत्पादन होता है, उतना यहां मवेशी भी नहीं है। हळड ने तो पूर्व में ही भारत को एक एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दे चुका है कि भारत दूध और उससे निर्मित वस्तुओं में मिलावट पर यथाशीघ्र रोक नहीं लगाया, तो जल्द ही भारत की 87 प्रतिशत आबादी कैंसर के गिरफ्त में होगी। प्रोफेसर पासवान ने कहा कि भारत ने हरित क्रांति और श्वेत क्रांति की वजह से आत्मनिर्भर तो हुआ ही बल्कि विश्व में भारत को पहचान भी दिलाई है। अब तो अपने देश में काली क्रांति, गुलाबी क्रांति, पीली क्रांति, नीली क्रांति, लाल क्रांति, गोल क्रांति आदि अनेक क्रांतियां अपने अपने क्षेत्र में अप्रत्याशी उत्पादन कर विकास में योगदान दे रही हैं। अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर सरदार राय ने कहा कि श्वेत क्रांति में भारत के महान पुरुष डॉ वर्गीज कुरियन की भूमिका सराहनीय रही है। हमारे देश में 1970 में श्वेत क्रांति आई। अमूल ब्रांड की स्थापना और उसकी सफलता में वर्गीज कुरियन ने अहम भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र के फूड एंड एग्रीकल्चर ऑगेर्नाइजेशन ने विश्व दुग्ध दिवस की शुरूआत की थी।जिसका उद्देश्य दूध के महत्व और गुणवता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। अर्थशास्त्र के जानकार प्रो.प्रभाष चंद्र सिंह ने कहा कि दूध उत्पादन में अप्रत्याशीत वृद्धि और आत्मनिर्भरता ही श्वेत क्रांति है। पूरी दुनिया में दूध उत्पादन में भारत का करीब 23% योगदान है। आज भारत को दुनिया में श्वेत क्रांति का जनक माना जाता है। अपने देश पर हमें काफी गर्व है। धन्य हैं भारत के लाल स्व डॉ वर्गीज कुरियन जिन्होंने इस क्रांति को लाई तथा भारत को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। मध्य विद्यालय गोड्डी लक्ष्मीपुर के वरिष्ठ शिक्षक महेश दास ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। हमें इसके प्रणेतास्त्रोत और कृषि वैज्ञानिक डॉ एम एस स्वामीनाथन और वर्गीज कुरियन पर वास्तव में नाज है।

## दो बजे के बाद राम भरोसे चलता है सरकारी अस्पताल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से लेकर डॉक्टर , कर्मी तक रहते हैं गायब

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] प्रखंडक्षेत्र का एकमात्र रेफरल अस्पताल फिर से सुर्खियों में आ गया है जहां शनिवार को दो बजे के बाद न तो डॉक्टर न ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी न ही स्वास्थ्य प्रबंधक या न ही अन्य कई वरीय पदाधिकारी ही नजर आए। अधिकांशता पदाधिकारी के कमरों के बाहर ताला लटका नजर आया तो ओपीडी कक्ष में दो बजे के डॉक्टर नही रहने से डॉक्टर की कुर्सी खाली दिखाई दिया। अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण लोगों का विश्वास जिस सरकारी अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ता है उस अस्पताल का चेहरा शनिवार को लोगों के सामने नजर आया। दो बजे के बाद मरीज डॉक्टर की तलाश में इधर उधर भटकते नजर आए तो वही अपनी शिकायत जब अस्पताल के वरीय पदाधिकारी से करने की कोशिश की अस्पताल के वरीय पदाधिकारी भी अस्पताल से गायब मिला। एक तरफ भीषण गर्मी के कारण लोगों की तबीयत बिगड़ने का मामला अस्पताल में पहुंच रहा है तो दूसरी ओर डॉक्टर दो बजे के बाद अस्पताल में नजर नही आ रहे है। इससे पहले भी ओपीडी कक्ष में डॉक्टर दो बजे के बाद नही रहने का तस्वीर भी वायरल हुआ था। बताते चले कि यह क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण कई गरीब असहाय का बीमारी में सरकारी अस्पताल ही सहारा है लेकिन दो बजे के बाद सरकारी अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थित से लेकर वरीय पदाधिकारी की अनुपस्थिती यह दशार्ता है कि स्वास्थ्य विभाग लोगों को बेहतर सुविधा देने का लाख दावा कर ले लेकिन हकीकत कुछ ओर ही सामने आती है। अस्पताल में दो बजे के बाद चिकित्सक या अन्य पदाधिकारी तथा स्वयं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अलावे रेफरल अस्पताल के सारे कार्यालय के स्टाफ नहीं रहने के सवाल पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार ने सफाई देते हुए बताया कि चुनाव को लेकर कुछ अधिकारी छुट्टी पर चले गए हैं। वही डॉक्टर के नही रहने पर उन्होने गोल मटोल जबाब देते हुए कहा कि डॉक्टर खाना खाने के लिए चले गए होंगे।

## गैस सिलेंडर से घर में लगी आग, भारी नुकसान



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/बरहट। शुक्रवार शाम करीब सात बजे बरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुगुलडीह गांव के मंडल टोला में सिलेंडर में लगी आग से छप्परपोश घर जलकर राख हो गया। घटना को लेकर खलबली मच गई। घर में मौजूद परिजनों ने भाग कर जान बचाई। इसमें हजारों का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से बमुश्किल काबू पाया। मामले की सूचना संबंधित प्रशासन को दी गई है। बरहट थाना क्षेत्र के गुगुलडीह गांव निवासी अरविंद मंडल ने बताया कि बीते रात शुक्रवार को मेरे घर में खाना बन रहा था। तभी गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। कुछ ही देर में छप्परपोश घर जलने लगा। घर में मौजूद परिजनों ने बाहर निकाल कर भाग कर जान बचाई। उन्होंने बताया कि नया सिलेंडर वितरक से लेकर उसी दिन लगाया था। आग की चपेट में आने से चारपाई, विस्तर, राशन, सीलिंग फैन सहित हजारों का सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के क्रम में गृह स्वामी अरविंद मंडल के बाएं हाथ और चेहरा जल गया। जिसके उपचार हेतु अस्पताल जाने की बात बताया जा रहा है। घटना को लेकर गांव के कई लोग पहुंच गए। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से बमुश्किल से आग पर काबू पाया। गृह स्वामी ने मामले को लेकर लिखित आवेदन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को देकर मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में संपर्क करने पर अंचलाधिकारी मयंक कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन दिया गया है, मामला संज्ञान में है जो भी सरकारी सहयोग होगा करने की बात कही।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## चुनाव को जनता का खौफ

चुनाव चिढ़ाने लगे हैं, वादों के दांतों से डराने लगे हैं। आसमान में चढ़ाते फिर गिरा कर खजूर के पेड़ पर लटका देते हैं जो चुनाव, उन्हीं का पीछा करते अब जनता आगे देखना चाहती है। देश जितना आगे देखेगा, उतनी ही दृष्टि हिमाचली जनता भी प्रत्यक्ष और प्रमाणित करना चाहेगी। जिस देश में मोदी दस साल चले, वहां हिमाचल ने पिछले विधानसभा में पैंतरा क्यों बदला। जिस प्रदेश ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी, उसके छह विधायक क्यों सुक्खू सरकार के खिलाफ बगावती हुए। क्या इन चुनावों में पिछले विधानसभा चुनावों का रंज छुपा है या देश के हालात और नए मुद्दों की दीवार पर चढकर हिमाचल अपना जनादेश खोजेगा। जो भी हो गर्मियों की ऋतु से गर्म स्वभाव के चुनाव में मतदाता की खामोशी निरा संयम तो नहीं। हजारों पोस्टरों और होर्डिंग्स के बीच खुद को दिशाहीन पा रहा मतदाता शायद पूछ रहा है कि इस बार ऐसा क्या खास, जो पिछली बार के मतदान ने उदास किया। चुनाव की ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर भी मतदान की मंजिल पर लुटेरों की बस्ती और अनादर की गलियों में आम नागरिक की उम्मीदें। कितनी गारंटियां अब बंट रहीं और चुनाव रेहड़ी पर बांट रहा देश का मुकद्दर, लेकिन घर में बेटे-बेटी के अरमान उपहास उड़ाते हैं। देश-प्रदेश की नीतियों के गहने पहने उम्मीदवारों का श्रृंगार पहली बार असली और नकली के बीच झूल रहा है तो इसलिए कि राजनीति ने दलबदल को नैतिकता से अलग कर दिया। कौन किसके पलड़े में आबाद और किसने अपनी पार्टी का दामन छोडकर दूसरे घर का नमक हलाल कर दिया, इस बहस से दूर चुनाव की एकाग्रता में सत्ता का गठजोड़ स्पष्ट है। चुनाव देश के बजाय देश की सरकार के लिए और प्रदेश में भी सत्ता की जय जयकार के लिए हथियाए जा चुके हैं। चुनाव अब लोकतंत्र का पहरावा नहीं, सत्ता का मुजरिम है। न्यायाधीश बनी राजनीति बरगला रही है अपनी ही न्याय पद्धति से चुनाव को चला रही है।

यह दीगर है कि चलते चुनाव के साथ जनता कतई नहीं चल रही। जो मीडिया बहस में बोला या तौला जा रहा, उससे दूर छिटक कर क्यों बैठ गई जनता। क्या जनता को गारंटियों की गारंटी पर भरोसा नहीं या नेताओं के रिपोर्ट कार्ड पर इतना संदेह है कि वक्त के जख्म अब कुरेदे नहीं जा रहे। जो प्रचार यह दर्शा रहा कि देश की किस्मत 400 के पार हो रही, उसे भी मालूम नहीं कि मतदाता की खामोशी में पतझड़ का अंदेशा है या वसंत की कलियों में खिलने से पूर्व का संघर्ष है। हिमाचल में अग्निवीर योजना की समीक्षा में भाजपा के लिए प्रदेश की सैन्य पृष्ठभूमि आड़े आ रही है, लेकिन बागी विधायकों की रुसवाई में कांग्रेस की सत्ता को अग्निपरीक्षा देनी पड़ रही है। हिमाचल में चुनाव के एक पक्ष में लाभ की रेखा है, तो दूसरे ही पल हानि की मुद्रा में जनता का खौफ सता रहा है। जनता की कचहरी पहले भी थी, लेकिन पहली बार इसके तेवर बदले हैं। यह चुनाव के भीतर लोकतंत्र की बची खुची मयार्दा के लिए सही वक्त खोज रही है। यहां चुनाव के मायने एक लोकसभा या विधानसभा सीट नहीं, बल्कि लोकतंत्र के सिंहासन पर देश को प्रतिष्ठित करने की जिम्मेदारी है ताकि सत्ता के नशे में कोई एक शख्स पूरी व्यवस्था, लोकतांत्रिक परंपराओं और संस्थानों पर भारी न पड़ जाए। देश की परिस्थितियां, लोकतांत्रिक काबिलीयत के लिए जनता से मुखातिब हैं। जनता खामोश निगाहों में राजनीति के जखीरे लिए यह सोच रही है कि अबकि बार सोच समझ कर इनसाफ न किया, तो यह लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति लापरवाही होगी। देखें सचेत मन से मतदाता की आंखों से तीर निकलता है या तुक्का।

## क्यों गर्मी से उबलता देश

आर.के. सिन्हा

चिलचिलाती गर्मी के कारण देश का एक बड़ा हिस्सा फिलहाल उबल रहा है। आम चुनावों के मौसम में चर्चा के केन्द्र बिंदुओं में गर्मी की मार भी एक प्रमुख बिंदु बन गया है। मैं अभी चुनाव में अनेक क्षेत्रों में जन संपर्क अभियानों में निकल रहा हूँ। लेकिन, न तो कार्यकर्ता सुबह 6 से 9 और शाम के 7 से रात 10 के अलावा निकलने को तैयार हैं, न ही नागरिक अपने घरों का दरवाजा खोलकर आपके स्वागत के लिये तैयार हैं। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि यह तीव्र गर्मी जून महीने तक जारी रहेगी, और महसूस होने वाला तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच सकता है। अभी 26 मई को स्वयं मुझे पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ० मोहन यादव के साथ और 27 मई को आरा संसदीय क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ मात्र एक घंटे रहने का मौका मिला। 44-45 डिग्री तापमान था और मंच पर बैठना भी असहनीय हो रहा था। सच में, इस भीषण गर्मी ने दैनिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में लू की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। यह अब लगभग पूरे देश में महसूस होने लगा है। उत्तर भारत में जहाँ कुछ क्षेत्रों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुँच गया, यह इसका एक हालिया उदाहरण है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात सहित कई राज्यों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आजकल जब सूरज देवता आग उगल रहे हैं, तब नौतपा शब्द बहुत सुनने में आ रहा है। कुछ लोगों को यह शब्द नया लग रहा है। हालांकि यह बात नहीं है। नौतपा वो नौ दिन होते हैं जब देश में गर्मी अपने चरम पर होती है। इसे नवताप भी कहा जाता है। ये दिन साल के सबसे गर्म दिन भी होते हैं। 2024 में, नौतपा 25 मई को शुरू हुआ और 2 जून तक जारी रहेगा। नौतपा के दौरान, सूर्य सीधे मध्य भारत के ऊपर होता है, जिससे पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी कम हो जाती है। इससे अधिक सीधे और तीव्र सौर विकिरण उत्पन्न होते हैं, जिससे भीषण गर्मी पड़ती है। कुछ क्षेत्रों में, खासकर राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और गुजरात में तापमान लगभग 50ृ सेल्सियस तक पहुँचने की उम्मीद है।

हीटवेव एक लंबी अवधि की अत्यधिक गर्मी होती है जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर परिणाम ला सकती है। हीटवेव के दौरान, तापमान किसी विशेष क्षेत्र और समय के लिए औसत तापमान से काफी अधिक हो जाता है। हीटवेव थकावट, स्ट्रोक और गंभीर मामलों में मृत्यु का कारण बन सकती है। याद रख लें कि हीटवेव सिर्फ उच्च तापमान नहीं होती, बल्कि असामान्य तापमान वृद्धि से परिभाषित होती है। उदाहरण के लिए, एक स्थान जहाँ गर्मियों में सामान्यतः 40 डिग्री सेल्सियस तापमान होता है, वहाँ हीटवेव नहीं मानी जाती है, भले ही तापमान 42 या 43 डिग्री तक पहुँच जाए। इसके विपरीत, एक जगह जहाँ सामान्य तापमान 27 या 28 डिग्री है, वहाँ हीटवेव मानी जाएगी यदि तापमान 35 डिग्री तक पहुँच जाए।

हीटवेव तब मानी जाती है जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो। हालांकि, यह भी ध्यान दिया जाता है कि जिस तापमान पर हीटवेव घोषित की जाती है, वह क्षेत्र की तापमान जलवायु के आधार पर अलग-अलग होता है। भारत के कुछ क्षेत्र अपने स्थान और जलवायु के कारण हीटवेव के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। इनमें देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य भाग, जिनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

शोधकर्ता बताते हैं कि हीटवेव तब होती है जब वायुमंडल में उच्च दबाव होता है, जो गर्म हवा को नीचे की ओर धकेलता है और इसे जमीन के पास फँसा देता है। यह उच्च दबाव प्रणाली एक ताले की तरह काम करता है जो गर्म हवा को ऊपर उठने से रोकता है, जिससे तापमान और बढ़ जाता है।

जब हवा नीचे डूबती है तो वह गर्म हो जाती है, जिससे अत्यधिक गर्मी की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन वैश्विक मौसम पैटर्न में बदलाव करके और लंबी अवधि तक उच्च दबाव की संभावना बढ़ाकर अधिक बार और तीव्र हीटवेव में योगदान देता है। भारत में गर्मियों का तापमान आमतौर पर मई में चरम पर होता है। पाकिस्तान से आने वाली गर्म पश्चिमी हवाएं भी गर्मी में योगदान दे रही हैं। भारत के अन्य हिस्सों में, गर्मियों का तापमान पहले ही रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच चुका है, खासकर पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में, जहाँ अप्रैल का तापमान रिकॉर्ड में सबसे अधिक था। अत्यधिक गर्मी का स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। हालिया शोध बताते हैं कि तीव्र और लंबी अवधि तक चलने वाली हीटवेव के दौरान समय से पहले जन्मों में वृद्धि होती है। हीटवेव के कारण सांस लेने में तकलीफ और श्वसन संबंधी स्थितियाँ बिगड़ने की भी जानकारी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ हवा की गुणवत्ता खराब है। उच्च तापमान हृदय और परिसंचरण तंत्र पर भी दबाव डाल सकता है, जिससे दिल का दौरा और अन्य हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। यह भी ध्यान रखा जाए कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, हीटवेव के आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंताएँ बढ़ती जा रही हैं। नकारात्मक प्रभाव केवल मानवीय पीड़ा तक सीमित नहीं हैं बल्कि आर्थिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को भी प्रभावित करते हैं।

## प्रकृति एवं पर्यावरण में जहर घोलने से बढ़ी जानलेवा गर्मी

**हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा। इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है।**





**ललित गर्ग**
**वरिष्ठ स्तंभकार**

लोकसभा चुनाव के प्रचार की गर्मी भले ही समाप्त हो गयी हो लेकिन प्रकृति से जुड़ी गर्मी सौ-डेढ़ सौ वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए कहर बरपा रही है। दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा।

इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है। जैसलमेर आदि स्थानों पर गर्मी इतने तेज है कि धरती तवे की तरह तप रही है, लोगों ने पापड़ सेक कर या आमलेट बनाते हुए दृश्य सोशल मीडिया पर दिखाये हैं। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है।

जलवायु परिवर्तन का असर अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। अगर गर्मी पड़ रही है तो पिछले कई दशक के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर बारिश हो रही है तो कुछ घंटों में ही पूरे मॉनसून की बरसात के बराबर पानी गिर रहा है। सर्दी भी साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। कुल मिलाकर हर मौसम अब अप्रत्याशित क्रूरतम रुख दिखा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दोहरी मार के कारण धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे धरती पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, वनस्पति और इंसानों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों की भीषण गर्मी में जान चली गयी, बिहार की स्कूली छात्राएं बड़ी संख्या में बेहोश हो गयी। इन जटिल स्थितियों को देखते हुए गर्मी के मौसम में काम के घंटों का निर्धारण एवं स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की अवधि मौसम की अनुकूलता के अनुरूप ही होनी चाहिए। आसन्न संकट को महसूस करते हुए दीर्घकालीन रणनीति, इस चुनौती से निपटने के लिये बनाने की जरूरत है।

दुनियाभर में अगले 20 साल के भीतर कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग में कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है।

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। दिल्ली के अनेक इलाकों में बढ़ती गर्मी के साथ जल आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। जीवनदायक वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त में दे रखी है। पानी, हवा एवं प्यार और आज वे ही विवादास्पद, दूषित और झूठी हो गयी हैं। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

## पोल के बाद अब एक्जिट पोल के ढोल

**एक्जिट पोल को मै पोल के बाद का ढोल कहता हूँ। जो मजबूरन बजाया जाता है ताकि चुनावी रण में थके-हारे लोग नतीजे आने से पहले कुछ तो भांगड़ा कर लें। लोकतंत्र की रक्षा और तानाशाही से मुक्ति के लिए हुए सात चरणों के मतदान के समाप्त होने से पहले ही इस देश में पहली बार सत्तारूढ़ दल ने 9 जून को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के शपथ ग्रहण की तैयारियां कर लीं हैं। इन खबरों में यदि रत्ती भर भी सत्यता है तो दो ही बातें हो सकतीं हैं कि या तो सत्तारूढ़ भाजपा ने पूरे आत्मविश्वास के साथ सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी गुस्से को शांत करने में सफलता हासिल की है या फिर दाल में काला है। यानी ईवीएम मशीनें सत्तारूढ़ दल के इशारे पर नतीजे उगलने वालीं हैं। यदि ये सही नहीं है तो कोई दल इतना उतावला कैसे हो सकता है कि वो शपथग्रहण समारोह की तैयारियां कर ले? जाहिर है कि चुनाव में जो मैदान में था वो जीतेगा भी और हारेगा भी। चुनाव परिणामों को लेकर हम और हमारा समाज खास तौर पर हमारा गोदी मीडिया इतना उतावला है कि इधर मतदान समाप्त होगा और उधर सभी टीवी चैनल भावी सरकार को लेकर अपना ज्ञान उगलना शुरू कर देंगे। वोटर के मन में क्या है ये भाजपा के अलावा कोई दूसरा दल नहीं जानता। अगर जानता तो क्या बात थी।**






**राकेश अचल**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

भारत भी विचित्र किन्तु सत्य देश है। इस देश में हर विषय के विशेषज्ञ और भविष्यवक्ता मौजूद हैं। हाथ की लकीरें और ललाट पढ़कर भविष्य बताने वाले ही नहीं अपितु ईवीएम मशीनों में बंद मतों की गणना से पहले ही ये लोग बता सकते हैं कि कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है। इस विज्ञान को एक्जिट पोल कहा जाता है। एक्जिट पोल को मै पोल के बाद का ढोल कहता हूँ। जो मजबूरन बजाया जाता है ताकि चुनावी रण में थके-हारे लोग नतीजे आने से पहले कुछ तो भांगड़ा कर लें। लोकतंत्र की रक्षा और तानाशाही से मुक्ति के लिए हुए सात चरणों के मतदान के समाप्त होने से पहले ही इस देश में पहली बार सत्तारूढ़ दल ने 9 जून को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के शपथ ग्रहण की तैयारियां कर लीं हैं। इन खबरों में यदि रत्ती भर भी सत्यता है तो दो ही बातें हो सकतीं हैं कि या तो सत्तारूढ़ भाजपा ने पूरे आत्मविश्वास के साथ सत्ता प्रतिष्ठान विरोधी गुस्से को शांत करने में सफलता हासिल की है या फिर दाल में काला है। यानी ईवीएम मशीनें सत्तारूढ़ दल के इशारे पर नतीजे उगलने वालीं हैं। यदि ये सही नहीं है तो कोई दल इतना उतावला कैसे हो सकता है कि वो शपथग्रहण समारोह की तैयारियां कर ले?

जाहिर है कि चुनाव में जो मैदान में था वो जीतेगा भी और हारेगा भी। चुनाव परिणामों को लेकर हम और हमारा समाज खास तौर पर हमारा गोदी मीडिया इतना उतावला है कि इधर मतदान समाप्त होगा और उधर सभी टीवी चैनल भावी सरकार को लेकर अपना ज्ञान उगलना शुरू कर देंगे। वोटर के मन में क्या है ये भाजपा के अलावा कोई दूसरा दल नहीं जानता। अगर जानता तो क्या बात थी। वैसे भी किसके मन में क्या है, ये जानना आसान काम नहीं है? एक्जिट पोल सही होते हैं या गलत ये पूरा देश और इस तरह के पोल करने वाले भली-भांति न सिर्फ जानते हैं बल्कि नतीजों का रुझान बताते हुए झिझकते भी हैं। लेकिन कभी-कभी धूल में लाठी चल भी जाती है।

यकीन मानिये कि मै भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ही तरह एक्जिट पोल्स पर कभी ध्यान नहीं देता और अपने ज्ञान-ध्यान में लगा रहता हू। माननीय मोदी जी भी चुनावी रैलियों और रोड शो से फारिग होकर कन्याकुमारी स्थित विवेकानन्द स्मारक शिला पर ध्यान लगाने पहुँच गए थे। विपक्ष ने उनके ध्यान को सजीव प्रसारित करने के खिलाफ केंचुआ की शरण ली थी,विपक्ष को आशंका है कि माननीय ध्यान के जरिये देश की उस जनता को भ्रमित कर सकते हैं जो कि अंतिम और सातवें चरण में मतदान करने वाली है। मुझे लगता है कि माननीय के योग=ध्यान पर ध्यान नहीं देना चाहिए। वे जो करते हैं राष्ट्रहित में करते हैं। यदि उनका और उनकी पार्टी का चुनावी गणित सही बैठता है तो उन्हें सत्ता से कोई भी हटा नहीं सकता।

याद कीजिये कि जब भाजपा 2019 के आम चुनाव में प्रति बूथ 20 नए मतदाता जोड़कर अनेक राज्यों में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर सकती है तो 2024 के चुनाव में भाजपा प्रति बूथ 370 नए मतदाता जोड़कर 400 पार क्यों नहीं कर सकती? भाजपा को 400 पार करने से कोई नहीं रोक सकता बल्कि उसके हर सांसद को कम से कम पांच लाख से जीत भी दिला सकता है।

कलिकाल की राजनीति में जो कामरुप है, जो जातुधान है उसकी माया की काट किसी कि पास नहीं होती शायद। ये माया अपने आप कट जाये तो और बात है। मायामृग ही युद्ध का कारण बनता है। इस चुनाव में भी सत्तारूढ़ दल सत्ता की सीता के लिए खुद ही सोने कि हिरण छोड़ रहा है और खुद ही उसका शिकार भी कर रहा है। भाजपा ने उन सभी राज्यों में जाकर शिकारगाह बनाने की कोशिश की जहाँ उसे पांव रखने की भी जगह नहीं थी। ;भाजपा दक्षिण में साफ और उत्तर में हाफ के विपक्ष के नारे को गलत साबित करना चाहती है। इसके लिए उसने जोखिम पर जोखिम लिए है। दिखाने के लिए भाजपा ने अपनी मातृ संस्था आरएसएस से भी कन्नी काट ली है,क्योंकि भाजपा के जन्म से पहले 1977 में जो विपक्षी गठबंधन बना था वो दोहरी सदस्यता के नाम पर टूट गया था। एक्जिट पोल कितने सच,कितने झूठ होते हैं इसके बारे में उनके अतीत को खंगालने की जरूरत है। जहँ तक मुझे याद आता है कि भारत में आजादी के बाद दूसरे आम चुनाव के दौरान साल 1957 में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक ओपिनियन की ओर से पहली बार इसके मुखिया एरिक डी कॉस्टा ने सर्वे किया था। हालांकि, तब इसे एग्जिट पोल नहीं माना गया था। औपचारिक रूप से 1980 और 1984 में डॉक्टर प्रणय रॉय की अगुवाई में सर्वे किया गया। साल 1996 में भारत में एग्जिट पोल की शुरूआत सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) ने की थी। तब पत्रकार नलिनी सिंह ने दूरदर्शन के लिए एग्जिट पोल कराया था, जिसके लिए सीएसडीएस ने आंकड़े जुटाए थे. इस पोल में बताया गया था कि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतेगी और ऐसा ही हुआ. इसी के बाद से देश में एग्जिट पोल का चलन बढ़ गया। साल 1998 में निजी न्यूज चैनल ने पहली बार एग्जिट पोल का प्रसारण किया था। नतीजे आने कि पहले नतीजों कि आसपास पहुँचने की शुरूआत का श्रेय संयुक्त राज्य अमेरिका को जाता है। साल 1936 में सबसे पहले अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में जॉर्ज गैलप और क्लॉड रोबिंसन ने चुनावी सर्वे किया था। तब पहली बार मतदान कर निकले मतदाताओं से पूछा गया था कि उन्होंने राष्ट्रपति पद के किस उम्मीदवार को वोट दिया है? जैसा कि मैंने पहले ही कहा की एक्जिट पोल धूल में थी चलने जैसा है। कभी -कभी ये 80 फीसदी तक सही निकलते हैं और कभी रत्ती भर भी नहीं। तो आने वाले तीन दिनों तक आप भी इस एक्जिट पोल से उड़ते हुए गुबार देखिये।

## बुनियादी इकाई बनाना बहुत जरूरी

भारत डोगरा

आधुनिक समाजों की एक विसंगति यह है कि एक ओर अति सफल, अति संपन्न और विख्यात कुछ व्यक्तियों की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो अपने को उपेक्षित और हाशिए पर धकेला हुआ महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति से हट कर हमें यथासंभव ऐसी राह निकालनी चाहिए जहां अधिक से अधिक व्यक्ति अपनी प्रगति की ऐसी राह अपनाएं जो पूरे समाज की प्रगति से जुड़ती हो। इस के लिए जो एक बहुत बुनियादी जीवन-मूल्य चाहिए, जो बहुत महत्त्वपूर्ण होते हुए बहुत सरल भी है। वह यह है कि हम कभी भी दूसरों को दुख देने का कुप्रयास न करें तथा यथासंभव दूसरों के दुख-दर्द कम करने का ही प्रयास करें। बेशक, दूसरों का दुख-दर्द कम करने की हमारी क्षमता बहुत सीमित हो सकती है, पर इस सीमा के बीच हम दूसरों का दुख-दर्द कम करने का प्रयास जरूर करें। इसके लिए अपनी क्षमताएं विकसित भी करें। इस बारे में कोई भी व्यक्ति यदि बहुत सावान रहता है कि मुझे किसी को दुख नहीं पहुचाना है, तो वह अपने वाणी, कार्य, सोच को, इस तरह ही अनुशासित करता है, ढालता है। इस तरह अधिक से अधिक लोग प्रयास करते रहें तो बहुत से व्यक्ति स्वयं बेहतर इंसान बनते रहते हैं, और पूरा समाज भी बेहतर बनता रहता है। इससे जुड़ा हुआ दूसरा जीवन-मूल्य है कि हम सभी मनुष्यों की बहुत बुनियादी समानता में विास रखें तथा शर्म, जाति, क्षेत्रीयता, राष्ट्रीयता तथा लिंग आधारित भेदभावों से ऊपर उठकर इंसानियत की सोच या विश्व के सभी लोगों की बराबरी और सम्मान की सोच पर आधारित जीवन जिएं तथा इस तरह की राह बहुत से लोगों की सम्मिलित सोच को विश्व स्तर पर अमन-शांति की सोच से जोड़ें। इस सोच में तरह-तरह की दुश्मनियों, वैर-द्वेष और भेदभाव को जीवन भर पाले रखने का कोई अर्थ नहीं है और यदि ऐसी कोई संकीर्ण सोच पहले से है तो इससे चिपटे रहने के स्थान पर इससे बाहर निकल कर इंसानियत की सोच, सभी लोगों को समता और गरिमा की सोच को अपनाने में ही प्रगति है। तीसरा जरूरी जीवन-मूल्य ईमानदारी है, जिसके साथ यह भी जरूरी है कि मनुष्य अपनी मेहनत की कमाई से ही संतुष्ट रहे और बेईमानी, हर तरह के जुए, दूसरों के हक छीनने की प्रवृत्ति से दूर रहे। विभिन्न अपराधों से अपने को दूर रखना व जो टैक्स देने हों उन्हें समय पर देना भी जरूरी है। ईमानदारी का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष है कि अपने विभिन्न रिश्तों में भी ईमानदारी अपनाना और धोखा देने का कुप्रयास कभी न करना। इससे जुड़ी हुई बात है कि मनुष्य को फिजूलखर्ची और भोग-विलास से बचना चाहिए। अपनी सभी जरूरतों को पूरा करना, कुछ आराम के साधन जुटाना, कठिन समय के लिए कुछ बचत करना-यह सब तो उचित है पर भोग-विलास पर अधिक खर्च करना अनुचित है। ऐसा करने पर पर्यावरण की भी क्षति होती है और समाज के अधिक जरूरतमंद लोगों का हक छिनता है। यदि मनुष्य फिजूलखर्ची से बचेगा तो अपनी जरूरतों को पूरा करने के बाद जो धन उसके पास बचेगा उसका उपयोग वह सार्थक सामाजिक कायरे के लिए कर सकता है। जैसे निर्धन लोगों की सहायता करना, पर्यावरण रक्षा के कार्य करना आदि। विशेष तौर पर सभी तरह के नशे से अपने को दूर रखना जरूरी है क्योंकि विभिन्न तरह के नशे व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर तबाही की प्रमुख वजह है। शराब, तंबाकू, गुटखे, सिगरेट-बीड़ी, तरह-तरह के ड्रग्स सभी से दूर रहना जरूरी है। शराब की तबाही सबसे अधिक है और शराब से दूर रहना बहुत जरूरी है। आधुनिक तकनीकी ने जीवन में बहुत कुछ नया प्रवेश कर दिया है, और लोग इसमें मस्त हो गए हैं, रम गए हैं। कोई दिन भर फोन से चिपका है, तो कोई कंप्यूटर से। इस स्थिति में यह समझ बहुत जरूरी है कि किसी आधुनिक तकनीक या उपकरण के उपलब्ध होने का अर्थ यह नहीं है कि उसे अपने पर हावी होने दिया जाए।

अपने जीवन की सही प्राथमिकताओं

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 02 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी को भरण पोषण राशि नहीं देने पर पति गिरफ्तार

बेतिया(घनश्याम) ।मझौलिया थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि हरपुर गढ़वा पंचायत के भोगाडी वार्ड नंबर आठ निवासी स्वर्गीय शेख हफिज के पुत्र शेख अफताब को थाना कांड संख्या 241/2010 के तहत गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि शेख अफताब की पत्नी रेहाना खातून ने माननीय न्यायालय में अपने पति से गुजारा भत्ता के लिए परिवार वाद दायर किया था। परिवार न्यायालय द्वारा पति को प्रतिमाह तीन हजार रुपए गुजारा भत्ता के रूप में रेहाना खातून को देने का आदेश दिया गया था। लेकिन पति शेख आफताब द्वारा माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करते हुए पिछले 10 वर्षो से पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं दिया जा रहा था। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए पति शेख आफताब को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया कि इस बाबत शेख आफताब के नाम से वारंट निर्गत किया गया था।

### खनन के दौरान एक लोडर व ट्रैक्टर-ट्रेलर जब्त

बगहा। बगहा पुलिस जिला के लौकरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराडीह पुल के नजदीक अवैध खनन में शामिल एक लोडर व एक ट्रैक्टर ट्रेलर को खनन निरीक्षक ने गुरुवार की शाम छापेमारी के दौरान पकड़ कर सीज की कार्रवाई की ओर लौकरिया थाना को सुपुर्द कर दिया हैंप्राप्त जानकारी के अनुसार पिपराडीह हरहा नदी के अगल-बगल से बीते कुछ हफ्ते से मिट्टी का धड़ल्ले से खनन हो रहा है ।खनन कराने वाले लगातार जमीन पर लोडर व ट्रैक्टरों को लगाकर मिट्टी का खनन करने में जुट में लगे थे ।देर रात तक मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर फरार्टा भरकर मिट्टी भराव करते थे ।खनन निरीक्षक बेतिया सुर्यमणी पटेल ने बताया कि गुरुवार दोपहर खनन होने की सूचना मिलते ही खनन विभाग की टीम के साथ पहुंचे ।मौके से सीटी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक लोडर पकड़ा जबकि खनन कार्य में लगे अन्य ट्रैक्टर चालक कारवाई की सुचना पर भाग खड़े हुवे।

### जनता दरबार में लंबित मामलों का हुआ निपटारा

इसुआपुर। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिसमें दो मामले आए। दोनों मामलों काआपसी सहमति से निपटारा कर लिया गया। पहला ममला दरवां गांव के नाशीर हुसैन तथा आसमा खातुन के बीच था। वहीं दूसरा मामला डटरा पुरसौली गांव के जयलाल राय तथा सुदर्शन राय के बीच वर्षो से लंबित जमीनी विवाद से संबंधित था। जनता दरबार में सीओ करूण करण, थानाध्यक्ष कमल राम तथा राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय मुख्य रूप से थे।

### दिघवारा में 5 वीं बिहार राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन

दिघवारा नगर ।नगर पंचायत क्षेत्र स्थित राम जंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में वाको इंडिया के तत्वाधान में तीन दिवसीय 5वीं बिहार राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का रंगारंग उद्घाटन हुआ।इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन बिहार किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार, बिहार किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव राजेश कुमार,जनसुराज के जिला सभापति अशोक सिंह,दिघवारा थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार तथा अयोजन सचिव रौशन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बता दें कि इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 31 मई से 2 जून तक होगा।वही इस खेल प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों के लगभग ढाई सौ से ज्यादा खिलाड़ि शिरकत कर रहे हैं। इस बिहार राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के सफल संचालन में आलोक दुबे,अंशु सिंह, धीरजकांत,सुशांत पीयूष,पंकज शर्मा,अमन कुमार,प्रियंका, हिमांशु दुबे,सोनू कुमार,रोहन कुमार,दीपू कुमार,शुभम सिंह और मुकेश गुप्ता का का सहयोग मिल रहा है।

# संभावित बाढ़ से बचाव हेतु एहतियातन सभी व्यवस्थाएं रखें अपडेट : जिलापदाधिकारी

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। संभावित बाढ़ 2024 से बचाव हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा आज जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय द्वारा की गयी। बैठक में वर्षा मापक यंत्र, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान, तटबंधों की सुरक्षा, सूचना व्यवस्था, नाव-नाविकों की व्यवस्था, चना, सत्तू, चूड़ा, गुड, नमक, खाद्य पदार्थ की व्यवस्था, पॉलिथीन शीट्स, बाढ़ शरण स्थल, सामुदायिक रसोई, मानव दवा की व्यवस्था, मोबाईल मेडिकल टीम एवं मेडिकल कैम्प, पशु चारा एवं पशु दवा की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, जेनरेटर सेट, पेट्रोमेक्स, महाजाल की व्यवस्था, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मति, मोटरबोट, लाईफ जैकेट की आकस्मिक व्यवस्था, जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र-सह-नियंत्रण कक्ष, गोताखोरों का प्रशिक्षण, राहत और बचाव दल का गठन, तैयारियों का अभ्यास, बाढ़ प्रभावित परिवारों की सूची का अद्यतीकरण, राशि व्यय पर निगरानी, उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं डीसी विपत्रों का समायोजन एवं आकस्मिक फसल योजना का सूत्रण आदि की समीक्षा जिला पदाधिकारी द्वारा की गयी। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने कहा कि नेपाल में बहुत कम समय में बहुत अधिक मात्रा में वर्षापात, गंडक नदी में वाल्मीकिनगर बैराज से काफी अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने, बादल की शिफ्टिंग आदि को लेकर पश्चिम चम्पारण जिले में बाढ़ की स्थिति बनती है। संभावित बाढ़ आपदा से निपटने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं अपडेट रखनी है। अंचलाधिकारी नाव-नाविक, गोताखोर, कम्युनिकेशन प्लान, सूचना संग्रह, बाढ़ आश्रय स्थल सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की तैयारी ससमय कर लेंगे। संबंधित कार्यपालक अभियंता के साथ तटबंधों की नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि नाव, मोटरबोट एवं अन्य वैकल्पिक जल परिवहन सहित अन्य सांसाधनों की भौतिक स्थिति का आकलन कर लेंगे तथा इनकी फंक्शनालिटी की जांच भी करना सुनिश्चित करेंगे ताकि आपात स्थिति में त्वरित रूप से जान-माल की क्षति को रोका जा सके। बाढ़ आश्रय स्थलों की जांच करने के साथ ही समुचित रख-रखाव की व्यवस्था करेंगे। साथ ही जिन बाढ़ आश्रय स्थलों पर पहुंच पथ की समस्या हैं, वहां पहुंच पथ निर्माण हेतु अविलंब अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लेंगे। जनप्रतिनिधियों से विगत वर्षों में आए बाढ़ एवं कटाव से संबंधित फीडबैक लेकर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नए नावों के परिचालन के पूर्व नावों का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि एंटी रोजन कार्य, फ्लड फाईटिंग कार्य, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मति आदि में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखेंगे। ऐसे कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप होना चाहिए। गड़बड़ी करने वाले कार्यपालक अभियंताओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि पुल-पुलियां, कलवर्ट आदि की समुचित तरीके से साफ-सफाई ससमय करा लेंगे ताकि जल निकासी अवरूद्ध नहीं होने पाएं। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ से निपटने हेतु की जा रही तैयारियों के साथ ही संभावित सुखाड़ की स्थिति से निपटने हेतु भी संबंधित विभाग यथा-कृषि, पशुपालन, मत्स्य आदि को सजग एवं सचेत होकर कार्य करना है। इसके साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए आयुक्त, नगर निगम, बेतिया सहित जिले के सभी कार्यपालक पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ताकि राहगीरों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## पीएलवी की उपस्थिति में विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर निकली प्रभातफेरी



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश अमरेंद्र कुमार राज के निर्देश पर आगामी 13 जुलाई को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत एवं 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगने वाले विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा मझौलिया प्रखण्ड के जौकटिया पंचायत में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया ।अध्यक्षता जौकटिया ग्राम कचहरी के सरपंच पम्मी देवी ने की ।राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि सभी सुलह योग्य आपराधिक (ग्राम कचहरी से सुल्हनिये मामले सहित), राजस्व, दीवानी, मोटर वाहन दुर्घटना दावा, बैंक ऋण, वन संबंधित वाद, माप तौल संबंधित वाद, श्रमिक वाद, भूअर्जन वाद, पारिवारिक विवाद एवं अन्य सभी प्रकार के सुलहनये वादों का निस्तारण आपसी सद्भाव व सहमती से करा सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं न्यायालय के द्वारा लोगों की भलाई के लिये, समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता हैं। वही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगने वाले विशेष लोक अदालत के संबंध में उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति का मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, अगर वे व्यक्ति सशरीर न्यायालय में उपस्थित होने में असमर्थ हैं, वे विशेष लोक अदालत के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। उनके मामले की सुनवाई इस विशेष लोक अदालत में होगी। मौके पर सरपंच पति साहब यादव, ग्राम कचहरी सचिवअजय कुमार, सुरेश शर्मा, महन्त साह, प्रदीप राम, रामबचन राम, बुद्धराम राम, दशरथ राम, रामचंद्र साह, रामावतार राउत, गनपत साह सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

## धावा दल द्वारा कराए गए 2 बाल श्रमिक मुक्त



प्रात :किरण संवाददाता

मोतिहारी। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, तुरकौलिया के नेतृत्व में तुरकौलिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में तुरकौलिया प्रखंड के कुल-02 प्रतिष्ठानों क्रमशः कृष्ण स्वीट्स एवं आदर्श स्वीट्स हाउस तुरकौलिया से 1-1 बाल श्रमिक अर्थात कुल-02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा! बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुगौली, दिवाकर प्रसाद, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कोटवा, उमेश कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर, कीर्तिवर्धन सिंह, प्रयास संस्था से विजय कुमार शर्मा एवं तुरकौलिया थाना से 06 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

## बीएओ ने सभी कृषि कर्मियों के साथ किया साप्ताहिक बैठक, दिया निर्देश



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। ई किसान भवन बगहा एक के प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक आहुत की गई ।जिसमे सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार को निर्देश दिया गया की सभी योजना यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बीएओ ने बताया कि सीएम सीड, लेस देन 10 वर्ष पैडी,एसएमपीएस बीजग्राम धान के बीजों का शत प्रतिशत उठाव कराना सुनिश्चित करें साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई केवाईसी,एनपीसीआई से खाता लिंक,आधार सीडिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। मिट्टी जांच नमूना संग्रहण कर रिपोर्ट सहायक निदेशक रसायन,मिट्टी जांच प्रयोगशाला, प0 चंपारण बेतिया के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। पंचायत में निर्धारित समय से उपस्थित रहकर विकास एप के माध्यम अटेंडेंस बनाएंगे तथा आपूर्ति किए गए बीजों को किसानों को विधि पूर्वक लगाने हेतु प्रेरित करते हुए उसका सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे । बीएओ श्री शर्मा ने बताया कि कृषि यंत्रीकरण योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन का सत्यापन कार्य भी ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे ।बैठक के साथ बीएओ ने उपस्थित किसानों को अनुदानित दर पर बीज का वितरण भी किया तथा किसानों से आग्रह किया की और किसानों को बीज प्राप्त करने हेतु बताए ।बैठक में प्रखंड तकनिकी प्रबंधक सत्यम कुमार, सहायक तकनिकी प्रबंधक गौतम कुमार, कृषि समन्वयक महेंद्र कुशवाहा, नीरज कुमार, मुन्ना प्रसाद, दशरथ कुमार निषाद, किसान सलाहकार अरुण तिवारी,वरुण विश्वास, विनोद कुमार,राज कुमार सिंह, मनीष कुमार गुप्ता, कार्यपालक सहायक, रितेश कुमार, लेखापाल सहित तमाम कृषि कर्मी उपस्थित रहें।

## एसएसबी ने किया पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। एस. एस. बी. कैम्प महुआवा (71 वीं बटालियन) के द्वारा शनिवार को पर्यावरण अनुरूप जीवन शैली को अपनाने के उद्देश्य से मिशन फॉर लाइफ विषय अंतर्गत श्री दिनेश कुमार ममोत्रा, कार्यवाहक कमांडेंट, 71वीं वाहिनी के नेतृत्व में एस. एस. बी. कैम्प महुअवा से सीमा चौकी नायकटोला तक पर्यावरण अनुकूल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ' इस रैली में वाहिनी के अधिकारियों, जवानों व स्थानीय ग्रामीणों, विद्यार्थियों ने काफी जोश व उत्साहपूर्वक इस साईकल रैली में भाग लिया । इस रैली में उपस्थित समस्त कार्मिकों, बच्चों एवं आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कार्यवाहक कमांडेंट श्री ममोत्रा ने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि की रक्षा के लिए पर्यावरण का संरक्षण अति आवश्यक है ।अतः आप सभी अपने दैनिक जीवन शैली को पर्यावरण की रक्षा के अनुरूप बनाने हेतु संकल्प लें तथा जीवनरक्षक पर्यावरण की रक्षा हेतु अपनी बहुमूल्य जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। श्री ममोत्रा ने अपील किया कि आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 05 जून 2024 को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर सम्पूर्ण सृष्टि की रक्षा करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा अंतर्गत अपने जीवन शैली को इस प्रकार बनाये की अपने दैनिक जीवन में पानी की बचत, बिजली की बचत, अपने व्यक्तिगत मोटर वाहनों का कम से कम उपयोग, ऊर्जा की बचत के लिए सोलर सिस्टम आधारित ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करना इत्यादि को अपने जीवन शैली में अंगीकार करें, जिससे हम पर्यावरण को अधिक से अधिक सबल बना सकें। इस अवसर पर उन्होंने श्री अन्न (मोटे अनाज) के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए कहा कि मोटे जैसे ज्वार, बाजरा, रागी इत्यादि कम पानी की खपत से तैयार होने वाला फसल है। इसके उपयोग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भी अत्यंत ही महत्वपूर्ण है । अतः अधिक से अधिक मोटे अनाज का उपयोग करें व अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज की खेती करने हेतु लोगों को जागरूक करें। इस साइकिल रैली में कार्य० कमान्डेंट श्री दिनेश ममोत्रा, श्री आकाश सहा कमान्डेंट, निरीक्षक एम. कॉम. इबाआवो, अन्तोष नर्जरी स्थानीय मुखिया व सरपंच इत्यादि शामिल हुए।

## वैध बोली प्रस्तुत करने पर आरसीएस उड़ान योजना के तहत रक्सौल एयरपोर्ट का पुनरुद्धार : एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया



प्रात :किरण संवाददाता

रक्सौल। भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित अंतरराष्ट्रीय महत्व के शहर रक्सौल में करीब छः दशक से बंद पड़े एयरपोर्ट को क्रियाशील बनाये जाने के संदर्भ में एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने वस्तुस्थिति स्पष्ट किया है। शिक्षाविद प्रो. (डॉ.) स्वयंभू शलभ को पीएमओ के माध्यम से भेजे गए मेल में एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के जेनरल मैनेजर विक्रम सिंह ने बताया है कि रक्सौल हवाई पट्टी बिहार आरसीएस दस्तावेज में असेवित हवाई अड्डों की सूची में उपलब्ध है। उड़ान योजना के तहत अब तक रक्सौल हवाई पट्टी को जोड़ने वाला कोई भी मार्ग किसी भी एयरलाइन बोलीदाता को आबंटित नहीं किया गया है। इसलिए रक्सौल हवाई पट्टी को आरसीएस उड़ान योजना के तहत इसके पुनरुद्धार के लिए नहीं लिया गया है। आगे स्पष्ट किया है कि बोली के आगामी दौर में यदि कोई एयरलाइन रक्सौल हवाई पट्टी से आरसीएस उड़ानों के संचालन के लिए वैध बोली प्रस्तुत करती है तो उड़ान योजना के प्रावधानों के अनुसार उस पर विचार किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया है कि नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई सेवा को सुविधाजनक बनाने व प्रोत्साहित करने और आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को सस्ता बनाने के लिए 21.10.2016 को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना आरसीएस उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना शुरू की है। आगे बताया है कि आरसीएस उड़ान बाजार संचालित तंत्र है। क्षेत्रीय हवाई संपर्क मार्गों के विकास को बाजार की ताकतों पर छोड़ दिया जाना प्रस्तावित है ताकि एयरलाइन्स विशेष मार्गों पर मांग और आपूर्ति की प्रकृति का आकलन करें तथा आरसीएस के तहत प्रक्रिया का नेतृत्व करें। एयरलाइनों का चयन पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना में निहित प्रावधानों के अनुसार असेवित और अंडरसर्वड हवाई अड्डों के पुनरुद्धार उन्नयन का कार्य चयनित एयरलाइन ऑपरेटर की वैध बोली और आरसीएस मार्गों के अवार्ड के माध्यम से इसकी पहचान पर किया जाएगा।

इस संदर्भ में डॉ. शलभ ने कहा कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 121 एकड़ अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराये जाने की मांग के संबंध में बिहार सरकार द्वारा प्रक्रिया आरंभ की गई है जो स्वागतयोग्य कदम है। रक्सौल एयरपोर्ट को प्राथमिकता में लेकर भूमि उपलब्धता के साथ साथ निर्माण कार्य व उड़ान हेतु बिड की प्रक्रिया को पूरा किया जाना आवश्यक है ताकि यह एयरपोर्ट शीघ्र फंक्शनल बन सके।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी सहित बैंक को भुगतान करने का दिया आदेश

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं सदस्य मनमोहन कुमार एवं मंजू सिंह द्वारा वाद संख्या 17/15 जिसे 19 फरवरी 2015 को दिघवारा थाना के बसतपुर निवासी अजय कुमार ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया दिघवारा के शाखा प्रबंधक के खिलाफ दाखिल किया था। उसने आरोप लगाया था उसने बैंक में जाकर अपने खाता में अपने खाता में 50 हजार रुपए जमा किया था ।परंतु उसके खाते में मात्र 40 हजार रुपए ही क्रेडिट हुआ। जिसकी शिकायत उसने शाखा प्रबंधन से किया परंतु कोई सुनवाई नहीं तब उसने आयोग का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के बाद आयोग द्वारा शेष राशि 10 हजार रुपए आवेदक को 6 प्रतिशत सूद के साथ आवेदक को देने का आदेश दिया है।

,एक और वाद संख्या संख्या 111/ 22 जिसे 22 सितंबर 2022 को गड़खा थाना के मुरा निवासी इंद्रजीत कुमार ने बजाज एलियांज जेनरल इंश्योरेंस मैनेजर के खिलाफ दाखिल किया था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था। उनके द्वारा ट्रैक्टर और ट्राली का इंश्योरेंस कराया गया था ।जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। उनके द्वारा इंश्योरेंस क्लेम किया गया। परंतु भुगतान करने में इंश्योरेंस कंपनी द्वारा कोई सुनवाई नहीं हुई। तब उन्होंने आयोग का दरवाजा खटखटाया आयोग द्वारा आर्थिक मानसिक परेशानी हेतु 5 हजार और वाद खर्च के एवज में 3 हजार साथ में ट्रैक्टर और ट्राली की विमित राशि का भुगतान करने का आदेश सुद समेत करने का आदेश दिया है।

एक और वाद संख्या 60 / 17 जिसे मसरख थाना के दुमदुमा निवासी विनय कुमार सिंह ने चोला मंगलम इंश्योरेंस के शाखा प्रबंधक के खिलाफ दाखिल किया था। अपने आवेदन पत्र में दशार्या था कि उन्होने अपने दुधारू गाय का इंश्योरेंस 45 हजार रुपए का चोला मंगलम से कराया था ।परंतु उनकी गाय की मृत्यु 2016 में हो गई। उन्होंने आवेदन दिया परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई तब जाकर इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ आयोग का दरवाजा खटखटाया आयोग द्वारा सुनवाई के बाद दुधारु गाय का इंश्योरेंस मूल्य 30 हजार रुपए सूद समेत अदा करने का आदेश दिया गया हैं।

## 2 अभियुक्त गिरफ्तार, 01 ट्रैक्टर ट्रॉली बालू लदा हुआ जब्त

### वाहन जांच के दौरान 47,000 रुपए का लगाया जुमार्ना

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा ।बगहा पुलिस जिला में शुक्रवार को विगत 24 घंटा में 02 गिरफ्तारी की गई है ।कुल-02 अजमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दिया ।उन्होंने बताया कि बथवरिया थाना द्वारा अन्य काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।पटखौली थाना द्वारा अन्य काण्ड में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।लौकरिया थाना द्वारा बरामदगी एक ट्रैक्टर ट्रॉली बालू लदा हुआ जब्त किया गया। इस संबंध में लौकरिया थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया ।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-18,000, रामनगर थाना द्वारा-14,000, धनहाँ थाना द्वारा-8,000, चौतरवा थाना द्वारा-7,000 इस प्रकार कुल-47,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

## 4 वर्षीय स्नातक सत्र 2024 - 28 में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया पुनः हुई प्रारंभ

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। शनिवार को जे पी यू द्वारा जारी अधिसुचनानुसार जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 4 वर्षीय स्नातक सीबीसीएस पाठ्यक्रम (सत्र-2024-28) में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हो गई है। विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से यह आवेदन हो रहा है। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून 2024 है। विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को आगाह किया गया है कि सिर्फ और सिर्फ विश्वविद्यालय के उक्त अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदन प्रपत्र भरें। आवेदन करते समय सभी कॉलम को सही-सही भरें तथा उसी वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदन शुल्क का भुगतान भी करें। आवेदन करने या शुल्क जमा करने के लिए किसी अन्य स्रोत या लिंक का कतई इस्तेमाल न करें। उल्लेखनीय है कि 4 वर्षीय स्नातक सीबीसीएस पाठ्यक्रम (सत्र-2024-28) में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 29 मई 2024 से प्रारंभ है। कतिपय तकनीकी कारणों से कुछ समय तक विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट, जिसके माध्यम से आवेदन किया जा रहा था, वह बाधित हो गया था जिसे विश्वविद्यालय द्वारा ठीक कर लिया गया है। इसके साथ ही आवेदन की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हो गई है।

## शहीद के सम्मान में नमन



प्रात :किरण संवाददाता

रिविलगंज। प्रखंड के सिताबदियारा पंचायत के चैन छपरा गांव के 18 वर्ष पूर्व शहीद सीआरपीएफ के एस आई परमेश्वर सिंह की शहादत दिवस पर शहीद के घर परिजनों को सम्मानित करने सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर मुजफ्फरपुर से सहायक कमांडेंट ए० सी० रत्नम के नेतृत्व में जवान पहूंचते। शहीद एस आई परमेश्वर सिंह के शहादत दिवस एक जून को उनके घर पर शहीद के सम्मान में नमन कार्यक्रम के तहत शहीद की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर सभी जवानों ने नमन किया और उनके परिजनों को सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट ए सी रत्नम ने सम्मानित किया। शहीद एस आई परमेश्वर सिंह के संबंध में सहायक कमांडेंट ने बताया कि 1/6/2006 को चाईबासा, झारखंड में नक्सलियों द्वारा सीआरपीएफ के गाड़ी को निशाना बनाकर एक सड़क पूल को बम से उड़ा दिया जिसमें 11 सीआरपीएफ के जवान शहीद हो गए थे ।उसी नक्सली हमला में सीआरपीएफ 53 बटालियन के एस आई परमेश्वर सिंह भी शहीद हो गए थे। शहीद के शहादत दिवस पर उनके पैतृक गांव सिताबदियारा के चैन छपरा में उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। मौके पर ग्रुप सेंटर मुजफ्फरपुर से सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट ए सी रत्नम,एस आई महताब अली,मेजर दिनबंधू, हवलदार मेजर गौतम कुमार, हवलदार बी केश्वर अन्य आधा दर्जन जवान मौजूद थे ।इस कार्यक्रम में शहीद के परिवार एवं गांव के भी लोग उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया ।इस अवसर पर शहीद के पुत्र शैलेन्द्र सिंह, जनार्दन सिंह उर्फ सेठ, सिताबदियारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोकामना सिंह, दरोगा सिंह,भोला सिंह,लाल बिहारी सिंह, लालू सिंह,राम बिहारी सिंह उपप्रमुख,सनोज सिंह, दिलीप सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सहायक निवार्ची पदाधिकारी सहित मतगणना कार्य में नियुक्त अन्य पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



प्रात :किरण संवाददाता

मोतिहारी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर 4 जून को निर्धारित मतगणना को स्वच्छ पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर 03-पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं 04-शिवहर संसदीय क्षेत्र के विधानसभाओं के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सहित सभी असिस्टेंट सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में पूर्वी चंपारण समाहरणालय परिसर मोतिहारी स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण एक सत्र में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 अपराह्न तक दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग से मतगणना के लिए प्राप्त गाइडलाइन के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया एवं इसका अक्षरशः अनुपालन करने की बात कही गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना विधानसभा वार कराई जाएगी। प्रत्येक विधानसभा की मतगणना के लिए मतगणना कक्ष में 14 टेबल लगाए गए हैं। यहां मतगणना सहायक एवं मतगणना सुपरवाइजर मतों की गिनती करेंगे और नियमानुसार प्रपत्रों में अंकित करेंगे। यह सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ किए जाएंगे। पोस्टल बैलेट के मतों की गणना के विषय में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरी संयम और धैर्य के साथ सावधानी पूर्वक मतगणना को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में नियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी पूर्ण सहयोग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### एक ऐसा मतदान केंद्र जहां ड्यूटी में लगी थी सिर्फ महिलाएं



आरा। लोकसभा चुनाव को लेकर आज छोटी मोटी घटनाओं को छोड़कर पूरे जिले में आरा लोकसभा के साथ-साथ अगिआंव विधानसभा उपचुनाव का मतदान संपन्न हो गया इस दौरान आरा शहर के कार्यालय स्थित मतदान केंद्र को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए केवल महिलाओं को ही तैनात किया गया था पीठासीन पर अधिकारी से लेकर पोलिंग पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी भी केवल यहां महिलाएं ही थी वही इस मतदान केंद्र पर लोगों के बैठने से लेकर पीने का ठंडा पानी एवं कूलर फैन तक लगाए गए थे ताकि मतदाताओं को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### अंतिम चरण के मतदान को लेकर युवा मतदाताओं में भारी उत्साह



संझौली (रोहतास) : काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चुनाव के अंतिम चरण में मतदाताओं भारी उत्साह दिखी। तपती गर्मी और चिलचिलाती धूप के बजाय मतदाताओं की लंबी लंबी कतारे मतदान स्थल पर देखे गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अंतिम चरण में युवा मतदाओं मे मतदान को लेकर काफी उत्साह दिखी।वही बुजुर्ग भी घर से निकलकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया।काराकाट संसदीय क्षेत्र में 5 बजे तक करीब 50 प्रतिशत मतदान हुआ था। प्राथमिक मध्य विद्यालय राजाडीह,बूथ संख्या 134 पर निधि कुमारी ने पहली बार मतदान कर लोकतंत्र में अपने अधिकार का सदुपयोग कर मजबूत बनाने का संदेश दिया।

### पुलिस ने शराब लदा बाइक को किया जब्त, कारोबारी फरार

शेरघाटी।पुलिस ने थाना क्षेत्र के घाघर गांव के समीप बूढ़ी नदी के निकट से एक मोटरसाइकिल सहित 30 बोतल अंग्रेजी शराब पुलिस ने जप्त किया है।थानाध्यक्ष सह आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ ने बताया कि गश्ती दल ने घाघर गांव के समीप से एक मोटरसाइकिल के साथ अंग्रेजी शराब पुलिस ने जप्त किया है।उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल से शराब की खेप झारखंड की ओर से लाया जा रहा था।धंधेबाज पुलिस की गाड़ी देख मोटरसाइकिल छोड़कर वहां से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि शराब कारोबारी के व वाहन मालिक के पकड़ने के लिए पुलिस छानबीन में जुटी है।

### पुलिस ने मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी।मारपीट के मामले में पुलिस ने शहर के नई बाजार इलाके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. आईपीएस अधिकारी सह थानाध्यक्ष शिवम धाकड़ ने बताया कि मारपीट के एक मामले में नामजद आरोपी सोनू दास को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया।

### अरवल में 558 मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने मताधिकार किया

अरवल। लोकसभा चुनाव अंतिम सातवें चरण के मतदान को लेकर जहानाबाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अरवल जिले के दो विधानसभा क्षेत्र पर मतदाता अपने मतदान के लिए लाइन में लगकर अपने बारी-बारी का इंतजार कर रहे हैं इस तरह से मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है भारी संख्या में मतदाता मतदान केंद्र पर कतार में खड़ा होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं अरवल जिले में कुल 558 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 530743 मतदाता है हालांकि शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर अरवल जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्र सहित पूरे जिले में सुरक्षा की दृष्टि से काफी व्यापक इंतजाम दिए गए हैं और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### 4 जून के बाद लुप्त हो जाएगा महागठबंधन आरके सिंह

आरा। 4 जून के बाद महागठबंधन लुप्त हो जाएगा और वह पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा उक्त बातें केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं आर के वर्तमान सांसद आरके सिंह ने बातचीत के क्रम में कहीं बताते चले कि आरा लोकसभा चुनाव को लेकर आज जिले में मतदान चल रहा है हालांकि गर्मी के कारण मतदानकेंद्रों पर मतदाताओं की संख्या धीरे धीरे बढ़ गई वही बातचीत के क्रम में आरके सिंह ने कहा कि गर्मी के कारण मतदाता कम संख्या में मतदान केदो पर पहुंच रहे हैं अगली बार से इसका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा ताकि चुनाव के समय में बदलाव किया जा सके।

# काराकाट लोकसभा के बाजितपुर में मतदाता ने किया वोट बहिष्कार

## बूथ संख्या 172 के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पर छाई रही विरांगी, सार्वजनिक सड़क निर्माण पथ की वर्षो से करें थे ग्रामीण मांग

प्रात: किरण संवाददाता



संझौली (रोहतास) काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत संझौली प्रखंड के बाजितपुर गांव स्थित काव नदी में सम्पर्क पथ के लिए शनिवार को मतदान केंद्र पर एक भी पुरुष व महिला मतदाता मतदान करने के लिए नहीं पहुंचे ।जिसके चलते उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजितपुर बूथ संख्या 172 पर सन्नाटा छाई रही ।इस मतदान केंद्र पर महिला मतदाता की संख्या 415 व 438 पुरुष टोटल 853 मतदाता है ।जहां ड्यूटी पर तैनात प्रोजाइडिंग ऑफिसर समेत अन्य कर्मी मतदाता का इंतजार करते रहे ।लेकिन एक भी मतदाता उस बूथ पर मतदान नही किया ।करीब 9 बजे जब बाजीतपुर गांव में मतदाताओं से बात किया गया तो वें केवल एक ही रट लगा रहे थे कि संपर्क पथ नहीं तो वोट नहीं ।सूचना पर पहुंचे संझौली बीडीओ मोहम्मद सयैद सरफराजुद्दीन अहमद व आरओ शिबू द्वारा मतदाताओं से बातचीत किए ।उन्हें समझाने बुझाने का प्रयास भी किया गया ।लेकिन वे बहिष्कार की बातें करते रहे ।कुछ देर बाद बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक उक्त गांव में पहुंचकर ग्रामीण से मिलकर उन्हें मतदान करने के लिए अपील की ।लेकिन वे तैयार नही हुए ।गौरतलब है कि इसके पूर्व में काव नदी में संपर्क पथ के लिए अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच बैठक कर चर्चा किया था ।बताया जाता है कि वे मतदान के लिए तैयार भी हो गए थे ।इसको लेकर अधिकारियों ने संपर्क पथ के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिया गया था कि चुनांव बाद उक्त संपर्क पथ में काम शुरू हो जाएंगे ।आपको बताते चले की वर्षा के मौसम में यहां के लोग नाव पर सवार होकर के प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए बाध्य होते हैं दर्जनों किसान की जान चली गई थी। सारे जनप्रतिनिधियों को बार-बार आग्रह करने के बाद भी अभी तक संपर्क पथ नहीं बना जिस कारण से फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाती है सरकारी हॉस्पिटल जाना हो या ब्लॉक मुख्यालय जाना हो कहीं भी जाने के लिए परेशानी होती है इसी से आक्रोशित जनता ने वोट का बहिष्कार किया।

# तमिलनाडु और महाराष्ट्र से भी वोट देने के लिए आरा पहुंचे वोटर

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आज आरा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान छिटफुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक संपन्न हो गया चुनाव में मतदान को लेकर एक अलग ही उत्साह और उमंग का माहौल मतदाताओं के बीच दिख रहा था और सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे वही आरा के प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर तमिलनाडु महाराष्ट्र और गुजरात से भी वोट करने के लिए लोग यहां पहुंचे थे और उनके बीच एक अलग ही उत्साह दिख रहा था क्योंकि लोकतंत्र में वोट का बहुत महत्व है।

आरा ब्लॉक रोड के रहने वाले सुनील कुमार सिंह सूरज कुमार सिंह शक्ति सिंह सुधीर कुमार सिंह मतदान करने के लिए पहुंचे थे इसमें कोई चेन्नई से तो कोई गांधीनगर से तो कोई महाराष्ट्र से यहां केवल वोट करने के लिए पहुंचे थे इस दौरान इन लोगों ने बताया कि वे लोग अपने व्यापार और नौकरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं लेकिन लोकतंत्र में वोट की महता काफी महत्वपूर्ण है इसलिए वह लोग इतना दूर से वोट करने के लिए पहुंचे हैं और वे लोग राष्ट्र को और विकसित करने के लिए और आरा के विकास को लेकर वोट कर रहे हैं इस दौरान यह लोग सभी लोगों से वोट करने की अपील भी करते दिखे और यही लोकतंत्र की खूबसूरती है क्योंकि हर एक नागरिक के एक वोट से स्वक्ष सुंदर लोकतंत्र का निर्माण होता है

# नहीं दिखा दस में दम मतदान केंद्रों पर नही मिली सुविधा

प्रात: किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) : मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर के जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में कई योजनाएं चलाई गई। लेकिन मतदान केंद्रों पर जितनी सुविधा देने के लिए कही गई थी वह कई मतदान केंद्र पर नही दिखी। जिलाधिकारी नवीन कुमार द्वारा सभी प्रखंड में और पंचायत में जाकर के 10 में दम है को लेकर के बहुत प्रसारित किया गया। मतदान केंद्रों पर आशा, आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित रही।लेकिन मतदान केंद्रों पर 10 में दम है के तहत मतदान केंद्रों पर बुजुर्गो, दिव्यांग, गर्भवती महिलाओं और अन्य लोगों को बैठने के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया था ।पहली बार मतदान करने आये मतदातायो को प्रमाण पत्र देने की बात कही गई थी ।लेकिन कई मतदान केंद्रों पर देखा गया कि सिर्फ कोरम पूरा किया गया। और गर्मी में मतदाता परेशान दिखे। मतदान केंद्रों पर जो पॉलीग एजेंट बनाए गए थे वह गर्मी में परेशान दिखे। कई मतदान केंद्र पर मतदातायो के बदले पुलिस का कब्जा कुर्सी पर रहा।नव मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र देने के लिए कहा गया था। लेकिन बहुत सारे मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र नहीं मिली। जिसके कारण हुए लोग नाराज दिखे। प्रशस्ति पत्र बहुत से लोगों को युवाओं को दिया गया। जो मतदाताओं में उत्साह को देखते हुए बनता था। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गर्मी के मौसम में लू से बचाव को लेकर के मेडिकल विभाग द्वारा ओआरएस दी गई। लेकिन पानी पीने के लिए घड़ा में पानी डालकर छोड़ दी गई। जबकि पीने के जो रखा गया था वह पानी समाप्त हो गए कई।

जिंदा को मृत घोषित किया गया। कई मतदाताओं को मृत घोषित करने से मतदान से वंचित किया गया। मतदान केंद्र सर्वोदय स्कूल में सोनू कुमार ,तराढ़ गांव में डेहरी से मत देने के लिए पहुंचे मनोज कुमार सिंह को मतदाता सूची में मृत बताया गया। यह कई मतदान केदो पर दिखा।

मतदान केंद्रों पर वोग्स वोटिंग रोकने को लेकर के सरकार द्वारा कड़ाई से पेश आ रही है। जिसमें मुख्य रूप से पहचान पत्र, आधार कार्ड कोई भी आई कार्ड लेकर के जांच करने के बाद ही मतदान केंद्र के अंदर जाने के लिए आदेश निर्गत है। लेकिन पीठासीन पदाधिकारी की उदासीनता के कारण बुधन चौधरी स्मारक उच्च विद्यालय के प्रांगण में मतदान केंद्र संख्या 30 पर पूजा कुमारी, मतदान केंद्र पहुंची तो वहां कहा गया आप मतदान दे चुकी हैं। आपकी उंगली पर स्याही हम लोग नहीं लगाया। उन्हें मतदान देने से वंचित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मैं अभी लुधियाना से पहुंची हूं और सीधे मतदान केंद्र पहुंची हूं। उमेश भरी गर्मी में मतदाता, राजनीतिक पार्टी के एजेंट परेशान दिखे।

## भीषण गर्मी के बावजूद उत्साह पूर्वक मनाया गया लोकतंत्र के महान पर्व, 54 प्रतिशत लोगों ने किया मतदान

बिक्रमगंज(रोहतास)। कड़ाके की धूप भीषण गर्मी के बावजूद लोकतंत्र के महापर्व में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मतदान को लेकर युवा मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा। चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रत्येक मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने आए युवा मतदाताओं को पीठासीन पदाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र दिया। कई जगह प्रशस्ति पत्र कम पड़ गए तो युवाओं को मायूसी भी हाथ लगी। पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने मतदान केन्द्र संख्या 58 पर अपने पूरे परिवार के साथ मतदान किया। इसी मतदान केंद्र पर पूर्व विधायक संजय यादव ने भी मतदान किया। मतदान केंद्र संख्या 54 पर एसडीएम अनिल बसाक ने मतदान किया। शनिवार को सुबह 7 मतदान शुरू होते ही मतदान केंद्रों पर लंबी लंबी कतारें दिखने लगी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अतरी विधानसभा श्रेत्र के बुथो पर किए निरक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

गया ।डॉ० त्यागराजन एसएम, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, गया द्वारा जहानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत अतरी विधानसभा में हो रहे मतदान पूरी तरह स्वच्छ ,पारदर्शी,निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया है ।अतरी विधानसभा भर के सभी महिला ,पुरुष, युवा मतदाताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने घर से बाहर निकल कर, निर्भीक होकर,ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए आगे बढ़ें ।इस निरीक्षण में बूथों पर लगाये मेडिकल टीम से भी बात चीत किया है। चुनाव कर्मियों को लगातार ओ आर एस पीते रहने को कहा है।

डीएम ने उपस्थित आशा एएनएम से जानकारी किया कि कौन कौन सा दवा उपलब्ध है, बारी बारी से दवाओं, औ आर एस एव आइस पैक को देखा। डीएम ने कहा कि जिस किसी का थोड़ी भी तबियत खराब लगे, उन्हें बेहिचक स्वास्थ्य मदद करे। कोई कोताही नही करे।

## पन्द्रह लोग की समस्या सुनी : नगर आयुक्त



गया ।नगर निगम क्षेत्र के आम लोगों की कठिनाई को समझने का काम कि गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा द्वारा नगर निगम कार्यालय में जनता दरबार में आए जन्म,मृत्यु निबंधन, पेंशन, होल्डिंग टैक्स, अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण नाला निर्माण आदि लगभग 15 नागरिकों के शिकायतों को सुना गया है ।

नागरिकों के शिकायतों को नगर आयुक्त द्वारा सुनकर उनके आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी को आगे की कार्यवाई हेतु अग्रसारित किया गया है। नगर आयुक्त द्वारा शनिवार को जनता दरबार के माध्यम से शिकायतों को सुना गया है।

## तीन दिनों में दो शिफ्ट में काम लगाते हुए काम खत्म करें : नगर आयुक्त

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, गया नगर निगम द्वारा वार्ड 36 में चल रहे नाली की सफाई एवं कुजापी नाला का स्थल निरीक्षण किया गया है।

इस निरीक्षण के समय नोडल पदाधिकारी सफाई, सभी सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक एवं जोनल सफाई प्रभारी मौजूद थे। वार्ड संख्या 36 के कालीबाड़ी गोदवारी रोड नाली की सफाई के निरीक्षण के क्रम में वार्ड जमादार को निर्देश दिया गया की वार्ड संख्या 36 की नाली की सफाई धीमी है अतः तीन दिनों में दो शिफ्ट में काम लगाते हुए काम खत्म करें। इस निरीक्षण के समय वार्ड संख्या 36 के पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कुजापी नाला की सफाई के निरीक्षण के क्रम में वहां पर उपस्थित संवेदक को निर्देश दिया गया की वर्क ऑर्डर में नाला सफाई हेतु जितनी लंबाई दिया गया है। उसका पूरा अनुपालन करें एवं नाला के बॉटम तक का सिल्ट निकलवाएं। नाला पर किए गए अतिक्रमण की जांच हटाने हेतु नगर प्रबंधक को निर्देश दिया गया है ।सभी को सिल्ट का उठाव नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया गया है ।गर्मी को देखते हुए दो शिफ्ट में कराने हेतु कहा गया है। सुबह सबेरे में सफाई प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया है ।मुख्य सफाई निरीक्षक को जरूरत के अनुसार मशीन से सफाई कराने का निर्देश दिया गया हू।

## पानी की स्वयं मॉनिटरिंग कर पूरे गया शहर का पानी की व्यवस्था की जाए : डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा



गया शहर में भीषण गर्मी का प्रकोप पड़ रहा है और पीने के पानी के लिए लोग बाल्टी तसला लेकर घूम रहे हैं कि किसी तरह से पानी मिल जाए गया नगर निगम वार्ड नंबर 34 के गेवाल बीघा पुलिस लाइन सहित मुरली पहाड़ी से सटे रेलवे स्टेशन वाले मोहल्ला के लोग पानी की समस्या जूझ रहे है। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने जिला प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा की भीषण गर्मी से लोग तप रहे है और पानी के लिए लोग तरस रहे है घर के महिलाएं और बच्चों सुबह से ही पानी के जुगाड़ में लग जाते हैं जबकि गया नगर निगम के अंतर्गत आने वाले महल्लों में प्रत्येक घर में पीने के पानी के लिए सरकार के द्वारा योजना बनाई गई थी लेकिन इस गर्मी में असफल होते देख रहे हैं हुडको के द्वारा बिछाए गए पानी का पंप, गया जी के जनता को इस भीषण गर्मी में पानी नहीं पिला सका जो बहुत बड़ी चिंता की बात है। जिला प्रशासन से अभिलंब मांग करते हैं स्वयं मॉनिटरिंग कर पूरे गया शहर का पानी की व्यवस्था की जाए कुछ महल्लों में जो पहाड़ी इलाका है वहां लगातार टैंकर से पानी की व्यवस्था की जाए एवं जो भी पियाउ नगर निगम के द्वारा संचालित किया जा रहा है प्रत्येक तीन तीन घंटा पर उस मोटर को चालू ताजा पानी की व्यवस्था की जाए जिससे राहगीर सहित आमजन भी पियाउ का पानी पी सके। जिला प्रशासन से मांग करने वालों में बिहार प्रदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील बम्बइया, महेश यादव मंटू कुमार, बबलू गुप्ता व अन्य।

# रक्सौल में आयोजित हुआ अभाविप का प्रांत समीक्षा बैठक



रक्सौल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उत्तर बिहार प्रांत का प्रांत समीक्षा बैठक रक्सौल ब्लॉक रोड में एक निजी होटल में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर बिहार के सभी जिले से लगभग 100 कार्यकर्ता इस समीक्षा बैठक में उपस्थित हुए। यह बैठक 31 में से 2 जून तक चलेगा। जिसमें विभिन्न सत्रों के माध्यम से अभाविप अपनी कार्य की समीक्षा करेगी जैसे आप अभी वर्तमान में कितने महाविद्यालय प्रखंड जिले में सक्रिय रूप से काम कर रही है।

इस बैठक में प्रांत के प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर अंजनी श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी एक साल की कामों का हम समीक्षा करेंगे, अपनी पिछले काम के आधार पर आगामी कार्य योजना बनाएंगे प्रांत संगठन मंत्री धीरज कुमार ने कहा कि आभा भी 365 दिन समझ में काम करने वाले संगठन है। हम इस समीक्षा बैठक में अपनी समीक्षा करेंगे।

आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने के नाते हमारा यह कर्तव्य बन जाता है कि हम समाज में एक अच्छा संदेश दें। मौके पर मुख्य रूप से प्रांत मंत्री अभिषेक यादव जी बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन, क्षेत्रीय छात्रा प्रमुख ममता कुमारी, प्रांत कोषाध्यक्ष डॉ. चौधरी साकेत, प्रांत एसएफडी प्रमुख प्रो, पंकज कुमार, जिला संयोजक अंकित कुमार, विभाग संयोजक सूरज कुमार, प्रदेश कार्यकारी सदस्य रोशन कुमार, अरुण गिरी, सोमेश्वर कुमार, कुंदन कुमार, पूर्व कार्यकर्ता नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बनाया गया जिला नियंत्रण कक्ष

आरा। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में आरा लोकसभा के लिए आज वोट डाले जा रहे हैं उसके साथ-साथ अगिआंव विधानसभा के उपचुनाव के लिए भी आज मतदान हो रहा है सुबह 7:00 से संध्या 6:00 तक मतदान होगा वही मतदान को लेकर जिला समाहरणालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जहां से मतदान के पूरे प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है इसमें दर्जनों कर्मियों को लगाया गया है जो कि हर विधानसभा क्षेत्र के मतदान को लेकर निगरानी कर रहे हैं वहीं जिला नियंत्रण कक्ष में भी खबरों का विश्वसनीयता कायम है जहां की पदाधिकारी उसको फॉलो कर रहे हैं वहीं जिला पदाधिकारी भी खुद खबरों को देखकर उसे पर निर्देश देते नजर आए जिला नियंत्रण कक्ष में कर्मियो की ड्यूटी लगाई गई है।

## मारूफगंज के रहने वाले युवक के फायरिंग मामले में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार



गया जिले के आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 में को मारूफगंज के रहने वाले युवक रिजवान के ऊपर रात में हुई फायरिंग मामले में गया पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार लोगों की पहचान हमजापूर के रहने वाले मोहम्मद मुख्तार खान और करमौनी के रहने वाले शाहिद खान के रूप में हुई है ।गया एसएसपी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि 30 मई की रात को महुआव में मोहम्मद रिजवान के ऊपर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद रिजवान घायल हो गए थे इसी मामले में पुलिस हमजापूर के रहने वाले मुख्तार खान और करमौनी के रहने वाले शाहिद खान को गिरफ्तार किया ,घटना के पीछे आपसी विवाद बताया गया है।

## लोक सभा चुनाव में परिणाम जो भी हो बिजयी जुलूस पर रहेगी रोक

अमनौर। अमनौर थाना परिसर मे शनिवार को लोकसभा चुनाव के मतगणना को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गयी। जिसकी अध्यक्षता अमनौर थानाध्यक्ष पिंटू कुमार ने किया।इस बैठक मे अमनौर थाना क्षेत्र के कई पंचायत के मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य एवं प्रबुद्ध लोग पार्टी के कार्यकताओं ने भाग लिया। थानाध्यक्ष पिंटू कुमार ने बताया की आनेवाले चुनाव परिणाम को हर किसी को सहर्ष स्वीकार करने की जरुरत है. इन्होने बताया की किसी तरह का विजयी जुलुस नहीं निकाला जायेगा। किसी तरह के अफवाह फैलाने वालो को बक्सा नहीं जायेगा।चुनाव परिणाम के दिन प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।प्रशासन की गाड़ी लगातार गश्त करते रहेगी. आगे उन्होंने कहा की क्षेत्र मे धारा 144 लागु है, जिससे एक जगह भीड़ इकट्ठा नहीं करनी है. इस बैठक मे मुख्य रूप से रामप्रवेश प्रसाद, देवेंद्र शर्मा, पूर्व मुखिया विजय कुमार विद्यार्थी, सरपंच रणधीर कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राजीव सिंह, मुखिया दिलीप साह, शैलेन्द्र कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद अमरेंद्र बैठा, अंकित कुशवाहा, पिंटू तिवारी, पूर्व मुखिया लालबाबू राय, मुखिया श्याम सुंदर गिरी, बसपा नेता अर्जुन राम समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

# जन सुराज के जिला कार्यवाहक कमेटी का बैठक संपन्न , लिए गए कई निर्णय

प्रात: किरण संवाददाता




खगड़िया। जन सुराज जिला कार्यवाहक कमेटी का बैठक मंजू वाटिका के सभागार में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद बादल ने किया। वहीं जिला महासचिव किरण देव यादव ने मंच संचालन एवं विषय प्रवेश किया। तथा स्वागत संबोधन सभापति अरविंद कुमार सिंह ने किया। बैठक में 175 जिला कमेटी के सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत जय बिहार , जय जय बिहार, जय जन सुराज की नारों को बुलंद कर किया गया। बैठक में 12 एजेंडा पर विस्तृत चर्चा किया गया। जिसमें युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चलने, प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित करने, जिला अनुमंडल प्रखंड स्तरीय कार्यालय खोलने, पीके यूथ बूथ कमेटी बनाने, प्रशिक्षण देने, चयनित पदाधिकारी का प्रमाण पत्र निर्गत करने, जन सहायता केंद्र खोलने एवं संचालित करने, जन सुराज के सिद्धांत एवं पीके के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने, आदि का निर्णय लिया गया। बैठक को अंजनी कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता शिवली रहमानी, महिला अध्यक्ष काजल कुमारी, विनय कुमार वरुण, मनीष कुमार सिंह, राज कुमार अग्रवाल, अमर रजक, अशोक यादव, वीरेंद्र सिंह, सुरेश यादव, नंदकेश मुन्ना प्रताप, नरेश कुमार यादव, थानमल कोठारी, प्रदुमन कुमार, अरुण सिंह, प्रमोद केडिया, सुजीत बजाज, मुकेश कुमार, बिधान चंद्र मिश्रा, महेंद्र त्यागी, मनोज चौरसिया, कन्हैया सिंह, रणधीर कुमार, इसरार उल हक, फारूक अहमद, मक्खन शाह, डॉक्टर नीतिश एवं सुनील छैला बिहारी, सिराजुद्दीन, अंजना कुमारी, सिकंदर आजाद, प्रखंड समन्वयक हिमांशु, धर्मेंद्र कुमार, परशुराम कुमार आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि जन सुराज के संस्थापक अध्यक्ष प्रशांत किशोर जी के गांधीवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। इसके लिए सही लोग सही सोच सामूहिक प्रयास से बिहार एवं देश में वैकल्पिक बेहतर सुंदर समृद्ध बिहार बनाने हेतु राजनीतिक भूमिका निभाने की जरूरत है। इसके लिए जन सुराज के बैनर तले समस्या समाधान को लेकर बदलाव हेतु आंदोलन तेज करना होगा।

# कौन बनेगा भावी सांसद, कैसा हो हमारा भावी सांसद, कैसे बनेंगे आदर्शवादी सांसद ? चहुंओर चौपाल पर चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान, फरकिया मिशन, जन सरोकार के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि भावी नव निर्वाचित सांसद एक आदर्श स्थापित करें एवं खगड़िया लोकसभा क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाएं तथा आम जनता के अपेक्षा उम्मीद एवं विश्वास पर अक्षरशः खड़ा उतरें। चुंकी आम जनता ने बड़ी उम्मीद के साथ उत्साह पूर्वक लोकतंत्र के पर्व में बड़ी चुनौती पूर्ण भागीदारी निभाई है, इसलिए आदर्श क्षेत्र स्थापित करने में आम जनता की बड़ी हिस्सेदारी भागीदारी होनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव परिणाम महज 4 जून को घोषित होना है कौन बनेंगे खगड़िया का सांसद, कैसा हो हमारा सांसद ? चहुंओर चौपाल पर चर्चा परिचर्चा जारी है। इसी क्रम में सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव ने एक ऐसे आदर्शवादी सांसद की कामना किया है, जो आम जनता के सुख-दुख में भाग लें, हर गरीब गुरबा शोषित पीड़ितों दबे कुचले से त्वरित मुलाकात करे, सम्मान दे, सांसद में सद् विचार, कुशल आत्मीय व्यवहार, अनुकरणीय आचरण, स्वर में सौम्यता, पारदर्शी, चरित्रवान होनी चाहिए। किसी प्रकार का घमंड लेश मात्र नहीं हो।

श्री यादव ने कहा कि नवनिर्वाचित सांसद आदर्शवादी सांसद बनने हेतु लोस क्षेत्र सर्व दलीय निगरानी कमेटी बनानी चाहिए जिसकी बैठक हर एक 3 महीने पर होनी चाहिए। कार्यक्रम योजना की जानकारी एवं समीक्षा होनी चाहिए। जिसमें व्यक्तिगत जिम्मेवारी एवं सामूहिक समीक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। निगरानी कमेटी में गठबंधन के सभी घटक दल के प्रमुख प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्धजन, अधिवक्ता, पत्रकार सन्निहित हो। सांसद प्रतिनिधि एवं पीए भी विधानसभा स्तर पर उपरोक्त समीकरण को ध्यान में रखकर अपने संबंधी से अलग समर्पित कार्यकर्ता को निजी सचिव बनाना चाहिए। सभी प्रखंडों में जनता जनार्दन का सच्चे अर्थो में नागरिक अभिनंदन सम्मान समारोह कार्यक्रम करनी चाहिए। जिसमें सभी समुदाय के बुजुर्ग मतदाता, सक्रिय समाजसेवी, घटक दल के समर्पित कार्यकर्ता, पत्रकार को सम्मानित करनी चाहिए। एमपी फंड को जहां किसी प्रकार का फंड मुहैया नहीं है वहां करनी चाहिए, किसी भी प्रकार का कमीशन खोरी नहीं करनी चाहिए। सांसद फंड एवं कार्य में कमीशनखोरी भ्रष्टाचार पर सर्वप्रथम रोक लगाकर सभी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगानी चाहिए। एमपी फंड का ठेकेदारी प्रथा नहीं कर विभागीय होनी चाहिए तथा सही प्राक्कलन राशि के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य होनी चाहिए। महीने में दो दिन सभी 6 विधानसभा क्षेत्र में सांसद दरबार नहीं बल्कि सच्चे अर्थो में जनता दरबार लगानी चाहिए। जिसमें आमजनों का समस्या समाधान करनी चाहिए। संसदीय कार्य चालू रहने पर दिल्ली में एवं इसके अलावे क्षेत्र में आम जनता के बीच सांसद को उपलब्ध रहनी चाहिए। किसी भी प्रकार की बड़ी दुर्घटना, अग्निकांड, बाढ़, आपातकालीन परिस्थितियों में विषाद वक्त में तथा विभिन्न हर्ष वक्त में उपलब्ध होनी चाहिए। एमपी को मिलने वाली समस्त सरकारी सुविधा वेतन भत्ता पेंशन आदि की राशि आधा खुद पर एवं आधा कार्यकताओं पर खर्च करनी चाहिए।



# देश के पहले दलित क्रिकेटर के किरदार में ढलेंगे अजय देवगन

अजय देवगन, स्पोर्ट्स बायोपिक मैदान में अपनी भूमिका के बाद, एथलेटिक्स की दुनिया में एक और प्रतिष्ठित व्यक्ति को चित्रित करने के लिए तैयार हैं। इस बार, देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू को पर्दे पर जीवंत करेंगे। फिल्म निर्माता प्रीति सिन्हा ने 29 मई 2024 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, के माध्यम से इस खबर की घोषणा की।

### पालवंकर बालू बन पर्दे पर छाएंगे अजय देवगन!

अपने पोस्ट में, प्रीति सिन्हा ने खुलासा किया कि यह प्रोजेक्ट उनके, देवगन और निर्देशक तिग्मांशु धूलिया के बीच एक सहयोग है। उन्होंने इस ऐतिहासिक शख्सियत की कहानी को साझा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए लिखा, हम रामचंद्र गुहा सर की किताब ए कॉर्नर ऑफ ए फॉरेन फील्ड पर आधारित पालवंकर बालू की कहानी का निर्माण कर रहे हैं। यह फिल्म इतिहासकार रामचंद्र गुहा के काम से प्रेरित है। इसका लक्ष्य 2023 के अंत तक प्रोडक्शन शुरू करना है। गुहा की पुस्तक पालवंकर बालू के जीवन और एक दलित क्रिकेटर के रूप में उनके सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों का गहन अन्वेषण प्रस्तुत करती है। पालवंकर बालू ने अपने करियर की शुरुआत पुणे के एक क्रिकेट क्लब में ग्राउंड्सकीपर के रूप में की। हालांकि, उनकी उल्लेखनीय प्रतिभा जल्द ही चमक गई, जिससे 1896 में प्रतिष्ठित हिंदू जिमखाना टीम के लिए उनका चयन हो गया, जिससे एक उल्लेखनीय क्रिकेट करियर की शुरुआत हुई।

बालू के संघर्ष को पर्दे पर उतारेंगे निर्माता बालू की कहानी दृढ़ता और विपरीत परिस्थितियों पर विजय की कहानी है। अपने पूरे करियर के दौरान, उन्हें महत्वपूर्ण जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा, लेकिन उच्च जातियों के प्रभुत्व वाले खेल में अपना नाम बनाने में कामयाब रहे।

### अजय देवगन का वर्कफ्रंट

अपने दमदार अभिनय के लिए मशहूर अजय देवगन से बालू की भूमिका में गहराई और बारीकियां लाने की उम्मीद है। यह फिल्म देवगन की आगामी परियोजनाओं की प्रभावशाली सूची में इजाफा करती है। वह तब्बू के साथ नीरज पांडे की फिल्म औरों में कहां दम था में अभिनय करने के लिए भी तैयार हैं और रोहित शेट्टी की एक्शन से भरपूर सिंघम अगेन में भी दिखाई देंगे।



# फिल्मों से अधिक सोशल मीडिया पर रील्स बना रहीं हैं विद्या बालन

बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब रील्स बना रही हैं और इसे लेकर इन दिनों काफी चर्चा में भी हैं। विद्या ने दो साल पहले सोशल मीडिया पर कदम रखा था और अब रील्स बनाने को लेकर उन्होंने बात की है। उन्होंने बताया कि ये रील्स बनाने की लत उन्हें कहां से और कैसे लगी है। सोशल मीडिया पर रील बनाने और वायरल होने के अपने अनुभव पर बात करते हुए विद्या ने बताया, लगभग दो साल पहले मैं लंदन में नीयत फिल्म की शूटिंग कर रही थी, इस दौरान मेरे पास बहुत समय था। मेरे मैनेजर ने मुझसे कहा कि हम रील क्यों नहीं बनाते।

### पहला वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया से प्यार

अपना पहला वीडियो वायरल होने के बाद से ही विद्या को सोशल मीडिया से प्यार हो गया। इसी के साथ वह सोशल मीडिया से जुड़ाव महसूस करने लगीं। उसके बाद एक्ट्रेस फिर रुकी नहीं। इसके बाद से लगातार अपने फैंस का मनोरंजन करने के लिए सोशल मीडिया पर रील्स बना रही हैं।

### अपकमिंग फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगी विद्या

विद्या को आखिरी बार शीर्षा गुहा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी दो और दो प्यार में स्क्रीन पर देखा गया था। इसमें प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंधिल राममूर्ति भी हैं। विद्या कथित तौर पर जल्द ही अपकमिंग फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगी। वह एक बार फिर दर्शकों का मंजुलिका बनकर मनोरंजन करेंगी। इस फिल्म में विद्या के साथ कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी भी दिखाई देंगी।

### मैं ईमानदारी से कहूं तो बस मैं मजे कर रही हूं

इंस्टाग्राम पर 9.4 मिलियन फॉलोअर्स रखने वाली एक्ट्रेस ने कहा, मैं एक या दो महीने में एक रील बनाती थी। मेरे पास रील शूट करने का समय है और मैं बस मजे कर रही थी। जब यह वायरल हुआ तो मुझे एहसास हुआ कि मैंने वही किया जो मुझे पसंद है और लोग भी इसका आनंद ले रहे हैं। इसलिए मैंने इसे नियमित रूप से करना शुरू कर दिया। मैं ईमानदारी से कहूं तो बस मैं मजे कर रही हूं।



# शुभमन गिल के साथ शादी के बंधन में बंधेंगी रिद्धिमा पंडित? अभिनेत्री ने किया खुलासा

टीवी अभिनेत्री रिद्धिमा पंडित इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। खबरें आ रही हैं कि वह क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ शादी करने वाली हैं। अब इन खबरों पर रिद्धिमा पंडित ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने ये साफ कर दिया है कि इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है। वह क्रिकेटर के साथ शादी नहीं कर रही हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि रिद्धिमा दिसंबर 2024 में शुभमन गिल के साथ शादी के बंधन में बंध जाएंगी। मगर अब उन्होंन इन खबरों को खारिज कर दिया है।

रिद्धिमा पंडित ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर कहा, मुझे कई पत्रकारों के फोन हो रहे, जो मेरी शादी के बारे में पूछ रहे थे। मगर मैं शादी नहीं कर रही हूं और अगर मेरे जीवन में ऐसा कुछ महत्वपूर्ण हो रहा है, तो मैं खुद सामने आकर इस खबर की घोषणा करूंगी। फिलहाल इस खबर में कोई सच्चाई नहीं है।

अभिनेत्री को बहू हमारी रजनीकांत और खतरा खतरा खतरा जैसे टेलीविजन शोज के लिए जाना जाता है। वह बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में भी नजर आ चुकी हैं। रिद्धिमा पंडित सोशल मीडियी पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ तस्वीरें साझा करती रहती हैं। बीते दिनों एक बातचीत में उन्होंने टेलीविजन सेट पर दुर्व्यवहार के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, यह दुखद है कि टेलीविजन सेट पर कोई भी दुर्व्यवहार के बारे में बात नहीं करता है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था। मगर एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि उनके शो के एक कार्यकारी निर्माता ने उन्हें अस्पताल में उनकी बीमार मां से नहीं मिलने दिया था।

रिद्धिमा ने कहा, यह सच है कि कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता। मेरे एक शो में, निर्माता अच्छे थे लेकिन ईपी मुझे मानसिक रूप से परेशान करते थे। उसी दौरान मुझे पता चला कि मेरी मां की तबीयत खराब है। उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उन्हें जिस दिन उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था, उस दिन उनसे मिलने का समय सुबह 7 से 8 बजे और शाम 4 से 5-50 बजे था। मैंने उनसे कहा कि मुझे सुबह 9 बजे की शिफ्ट में रखें ताकि मैं अपनी मां से मिल सकूं और फिर शूटिंग के लिए आ सकूं। मगर वो चाहते थे कि मैं सुबह 7 बजे शूटिंग करूं।

# लव के साथ मैरिज करने को तैयार हैं अवनीत

साल 2024 की बहुप्रतीक्षित पारिवारिक मनोरंजन फिल्म लव की अरेंज मैरिज का ट्रेलर आज जारी हो गया। अवनीत कौर के दीवानों में इस फिल्म को लेकर अलग उत्साह देखने को मिल रहा है लव की अरेंज मैरिज में अवनीत कौर के अलावा सनी सिंह, अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक और राजपाल यादव जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आने वाले हैं। चलिए आपको बताते हैं इस फिल्म को आप कब और कहां देख सकते हैं। हम आपके है कौन और हम साथ-साथ हैं जैसी फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए एक खुशखबरी सरीखी है लव की अरेंज मैरिज का ट्रेलर। इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म काफी मजेदार होने वाली है। इस फिल्म में अन्नू कपूर एक बार फिर से एक ऐसे पिता की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो बेटे की शादी के उम्र में अपने लिए दुल्हन ढूंढ रहा है। लव की अरेंज मैरिज के ट्रेलर की बात करें तो ट्रेलर की शुरुआत एक पारंपरिक अरेंज मैरिज सेटअप से होती है। जहां लड़की की मां की भूमिका में सुप्रिया पाठक नजर आती हैं जो अपनी बेटी की शादी करवाना चाहती हैं, लेकिन बेटी की भूमिका निभा रही अवनीत कौर को शादी नहीं करनी है। कुछ इस लाइन पर फिल्म की कहानी आगे बढ़ती नजर आती है। लव की अरेंज मैरिज में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अन्नू कपूर कहते हैं, मैं एक ऐसे पिता का रोल प्ले कर रहा हूं जो विधुर है और अपनी दूसरी शादी करने को बेताब है। मेरे किरदार का नाम प्रेम कुमार है। वहीं अवनीत कौर भी अपनी भूमिका को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। उन्होंने मीडिया से बातें करते हुए कहा कि इस फिल्म में इतने मंझे हुए कलाकारों के साथ काम करके उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। लव की अरेंज मैरिज का निर्देशन इशरत खान ने किया है।



# जान्हवी ने दिलाई राजकुमार को करियर की बेस्ट ओपनिंग

अगर आपको हिंदी सिनेमा के बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों और उनके विश्लेषण से मिलने वाली दिलचस्प जानकारियों में रुचि है, तो ये खबर आपके लिए है। लगातार फ्लॉप फिल्मों की मार झेलते रहे अभिनेता राजकुमार राव के अच्छे दिन आने वाले दिख रहे हैं। उनके करियर में पहली बार किसी फिल्म ने रिलीज के पहले दिन सात करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ है। जी हां, राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की पिछली फिल्म 'रूही' ने भी रिलीज के दिन ये कारोबार नहीं किया था। शुक्रवार को रिलीज हुई निर्देशक शरण शर्मा की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को देश भर में मनाए गए सिनेमा लवर्स डे का जबर्दस्त फायदा होता दिख रहा है। सिर्फ 99 रुपये की टिकट के चलते भारी तादाद में लोग शुक्रवार को सिनेमा देखने पहुंचे और फिल्म ने रिलीज के पहले ही दिन अंतिम सूचना मिलने तक करीब सात करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। फिल्म की ये कमाई हालांकि जान्हवी कपूर की बदौलत ही ज्यादा है लेकिन ये आंकड़ा फिल्म के हीरो राजकुमार राव के खाते में भी जमा होने वाला है। राजकुमार राव की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'स्त्री' रही है। साल 2018 में रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 6.82 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का पहला वीकएंड 31.26 करोड़ रुपये का रहा और फिल्म ने पहले हफ्ते में ही 60.39 करोड़ रुपये कमा लिए थे। फिल्म की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कमाई 129.90 करोड़ रुपये रही थी और राजकुमार के करियर की ये इकलौती सौ करोड़ी फिल्म है। इस फिल्म के बाद राजकुमार की टॉप 3 ओपनर्स में 'जजमेंटल है क्या' 4.50 करोड़ रुपये के साथ और फिल्म 'रूही' 3.06 करोड़ रुपये की ओपनिंग के साथ शामिल हैं।





# साउथ में डार्लिंग्स और क्रू जैसी फिल्मों के लिए दर्शकों की कमी

अभिनेत्री-राजनेत्री खुशबू सुंदर किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। खुशबू ने तमिल हॉरर कॉमेडी अरनमनई 4 का निर्माण किया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने में सफल रही है। खुशबू ने निर्माता के रूप में डार्लिंग्स, बधाई हो और क्रू जैसी कहानियों पर काम करने की इच्छा जाहिर की है। साथ ही ऐसी फिल्मों के लिए साउथ में मल्टीप्लेक्स दर्शकों की कमी की बात कबूली है।

अभिनेत्री-राजनेत्री खुशबू सुंदर किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। खुशबू ने तमिल हॉरर कॉमेडी अरनमनई 4 का निर्माण किया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने में सफल रही है। खुशबू ने निर्माता के रूप में डार्लिंग्स, बधाई हो और क्रू जैसी कहानियों पर काम करने की इच्छा जाहिर की है। साथ ही ऐसी फिल्मों के लिए साउथ में मल्टीप्लेक्स दर्शकों की कमी की बात कबूली है। एक निर्माता के रूप में खुशबू ने कहा कि उनकी संवेदनाएं बहुत व्यावसायिक हैं, लेकिन वह इस बात को लेकर सावधान रहती हैं कि उनकी फिल्मों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व किस तरह किया जाता है। निर्माता ने जोड़ा, आपको किसी महिला को खराब छवि में नहीं दिखाना है। आपको स्क्रीन पर ऐसा कुछ करने की जरूरत नहीं है जिससे इस मान्यता को बढ़ावा मिले कि एक महिला के लिए अपमानजनक रिश्ते में रहना और यह कहना कि यह आपके जीवन का हिस्सा है, ठीक है। नहीं, मैं इसकी वकालत नहीं करने जा रही हूं, लेकिन मुझे व्यावसायिक फिल्में बनाना पसंद है। मैं यहां कोई उपदेशात्मक फिल्म बनाने नहीं आई हूं। फिल्म इंडस्ट्री में लगभग चार दशक बिताने के बाद, खुशबू सुंदर उस बदलाव को देखकर खुश हैं जो महिलाओं को आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा, फिल्मों के निर्माण के प्रकार में एक बड़ा बदलाव आया है। हां, हमारे पास अभी भी नायक हैं जहां आप सोचते हैं कि फिल्में केवल नायक के नाम पर बेची जा रही हैं और नायिका फिल्म में बहुत छोटी भूमिका ही निभा सकती हैं, लेकिन यह देखना शानदार है कि महिलाएं पूरी तरह से फिल्म को अपने कंधों पर ले सकती हैं और इसे हिट करा सकती हैं।

# बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी बिग बी की नातिन नव्या नवेली?

मां ने बताया सच अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। 26 साल की उम्र नव्या अपना एनजीओ नवेली चलाती हैं। नव्या नवेली के अभिनय की शुरुआत करने की अफवाहें कई बार सुर्खियां बटोरती हैं।

मां श्वेता बच्चन नंदा ने अब नव्या के अभिनय करियर को लेकर खुलकर बात की है। श्वेता ने कहा, मुझे लगता है कि आप नव्या के काम से अच्छी तरह वाकिफ हैं और वह अपने काम में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि बॉलीवुड उनके लिए सही रास्ता है।



# लोकसभा आम निर्वाचन के मतगणना कार्य से संबंधित तैयारी की समीक्षा की गई

प्रात : किरण ब्यूरो , मुंगेर



मुंगेर ।आगामी 4 जून को होने वाले लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य से सम्बंधित तैयारी की समीक्षा शुक्रवार को आयुक्त मुंगेर प्रमण्डल संजय कुमार सिंह द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस अवसर पर डीआईजी मुंगेर, बेगूसराय क्षेत्र, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मुंगेर, जमुई, खगड़िया, बेगूसराय, आयुक्त के सचिव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त द्वारा चारों जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मतगणना की तैयारी संबंधी जानकारी ली गई। उन्होंने मतगणना कर्मियों की नियुक्ति, प्रशिक्षण एवं रैंडमाईजेशन, मतगणना कर्मियों को प्रवेश पत्र निर्गत करने की व्यवस्था, मतगणना कक्ष निर्माण आदि की जानकारी ली। आयुक्त द्वारा मुंगेर के आरडी एंड डीजे कॉलेज स्थित वज्रगृह सहित खगड़िया, बेगूसराय एवं जमुई के वज्रगृह में किए गए सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली गई। इसके लिए वहां विधि व्यवस्था संधारण सहित सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, मतगणना कर्मियों, पार्टी कार्यकताओं आदि के प्रवेश की भी समुचित व्यवस्था करने की बात कही। इसके अलावा बैंक पोस्ट एवं वीडियोग्राफर की व्यवस्था, तीन फेज में निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रकार के प्रपत्र, लिफाफा एवं मतगणना सामग्री की व्यवस्था, मतगणना के पश्चात रिसिलिंग की तैयारी आदि के लिए भी कर्मियों को निर्देश दिया गया है ।वहीं बी.वी.पैट पर्ची की गणना हेतु भी आवश्यक तैयारी की बात कही। वज्रगृह के मतगणना कक्ष तक कन्ट्रोल युनिट जाने हेतु चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के साथ पूरे परिसर में बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी कार्यकर्ता किसी तरह की कोई अव्यवस्था न करे। आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को मतगणना कार्य की समाप्ति के पश्चात एश्ट उसी दिन वज्रगृह में रखने का निर्देश दिया। उन्होंनें ने वज्रगृह में त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का निर्देश देते हुए चेक पोस्ट के निर्माण एवं दण्डाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कि बात कही ।मतगणना कार्य हेतु इण्टरनेट कनेक्शन, सभी अभ्यार्थियों को मतगणना की तिथि/समय तथा वज्रगृह खोलने की सूचना से अवगत कराने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को दिया। चक्र चार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की समुचित व्यवस्था की भी बात कही। साथ ही गर्मी को देखते हुए सभी के लिए मतगणना केन्द्र पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य में किसी भी तरह की कोई कमी अथवा लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## पीडीएस ट्रांसपोर्टर को डिलीवरी भान पर रखना होगा तराजू : केशरी

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर । प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनान्तर्गत गरीबों को मुफ्त पाँच किलो अनाज में पीडीएस ट्रांसपोर्टर जमकर धांधली करते हुए डीलरों को प्रति क्विंटल ढ़ाई से तीन किलो अनाज कम दे रहे हैं। उपर्युक्त बातें जनाधिकार मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष संजय केशरी ने पांच सदस्यीय शिष्टमंडल के साथ जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा।

केशरी ने कहा कि पीडीएस ट्रांसपोर्टर को अनाज डिलीवरी भान में इलेक्ट्रॉनिक तराजू रखने और डीलरों को आबंटित गेंहू-चावल उसके दुकान पर तौलकर देना अनिवार्य होने के बावजूद ऐसा नहीं किया जा रहा है। डीलरों द्वारा कम अनाज होने की शिकायत करने पर पीडीएस ट्रांसपोर्टर कहते हैं कि जहां जाना है जाइए हम सबको मैनेज किए हुए हैं। संजय केशरी ने कहा कि पीडीएस ट्रांसपोर्टर के द्वारा की जा रही इस लूट का खामियाजा हमारे डीलरों को भुगतना पड़ता है क्योंकि लाभार्थियों को लगता है कि डीलर हमारे हिस्से का अनाज खा रहा है। श्री केशरी ने आगे कहा कि अगर पीडीएस ट्रांसपोर्टर अपने डिलीवरी भान पर इलेक्ट्रॉनिक तराजू रखना अविलंब सुनिश्चित नहीं करते हैं तो जनाधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं को सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। शिष्टमंडल में वरीय नेता अजय प्रसाद सिंह, सुनील कुमार सिंह, राकेश कुमार गुप्ता, संयुक्ता सिंह चौहान एवं पांडव कुमार शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

सदर मुंगेर ।प्रखंड कृषि कार्यालय में किसान सलाहकार निरंजन कुमार के सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई साह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार ने किया।अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि इनका कार्य हर हमेशा सराहनीय रहा है। यह अपने कार्य की प्रति हर समय सजग रहते थे।मैं इनसे आशा रखता हूं कि उनकी जब भी हमें जरूरत होगी तो हमारा यह सहयोग करेंगे साथ ही साथ उनकी उज्जवल भविष्य कामना करता हूं। यह सदा खुश रहे मैं ईश्वर से मंगल कामना करता हूं।वही कार्यक्रम में उपस्थित सभी कमी के द्वारा उन्हें फूल माला पहनकर तथा अंगवस्त्र इत्यादि देकर उनकी विदाई की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि शमन बाइक मनोज कुमार, ओम प्रकाश, राजेश कुमार, गोपाल कुमार, इत्यादि कार्यालय में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### बच्चों के साथ खेल रहे एक ग्यारह वर्षीय बालक की करन्ट लगने से मौत

माँझी थाना क्षेत्र के गैरतपुर गाँव में शनिवार को बच्चों के साथ खेल रहे एक ग्यारह वर्षीय बालक की करन्ट लगनेबच्चों के साथ खेल रहे एक ग्यारह वर्षीय बालक की करन्ट लगने से मौत हो गई।से मौत हो गई।मृतक गैरतपुर निवासी वकील यादव का पुत्र अभिषेक कुमार बताया जाता है। घटना की सूचना पाकर पहुँची माँझी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। मृतक स्थानीय मध्य विद्यालय का छात्र था।

### एक युवक ने बकरी को काटा गर्दन

परसा ।थाना क्षेत्र के विशुनपुर गाँव में एक बालक बकरी चराने गया था ।उसी दौरान गाँव के एक युवक पहुँचा ।और बकरी चारा रहा बालक को बहला फुसला कर किसी काम से घर भेज दिया ।लेकिन बालक को कुछ शक था ।जो घर नही गया ।खड़ा होकर देखा कि बिशुनपुर निवासी फुलेश्वर राय का पुत्र धनंजय कुमार उर्फ पूरी एक खसी बकरा को उठा कर गर्दन काट दिया और जंगल में छुपाने जा रहा था ।जिसपर बालक ने जोर जोर से शोर किया ।तब तक युवक फरार हो गया ।जिसको लेकर बकरी मालिक अख्तर अली ने मृत बकरा लेकर थाना पहुँचा और थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया ।पुलिस करवाई में जुटी है।

### मढ़ौरा में मिठाई दुकानदार के साथ मारपीट प्राथमिकी हुई दर्ज

मढ़ौरा। ग्रामीण चनना में मिठाई दुकानदार के साथ हुई मारपीट ममले में पुलिस ने प्राथमिकी की दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दिया है इस संबंध में पुलिस ने बताया की चनना गांव निवासी विकास कुमार शाह के लिखित आवेदन पर पूर्व के विवाद को लेकर मारपीट करने के मामले में शैलेश सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है की पूर्व के विवाद को लेकर नामि आरोपी गंदा गंदा गाली गलौज कर रहे थे जब युवक ने रोकना चाहा तो आरोपी लाठी डंडा से मारपीट किये है जिससे युवक बड़ी तरह घायल हो गया व घालावस्था में युवक को रेफरल अस्पताल लाया गया जहां इलाज हुआ।

### आपसी विवाद को लेकर युवक के साथ ही मारपीट

मढ़ौरा ग्रामीण ।मढ़ौरा के तेजपुरवा पूर्व के विवाद को लेकर एक युवक तारकेश्वर साह के साथ मारपीट की गयी उक्त मामले में पीड़ित के लिखित आवेदन पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि तेजपुरवां ढाह पर निवासी तारकेश्वर शाह के द्वारा मारपीट मामले में पड़ोसी राजू साह, प्रदीप साह समेत चार लोगों को आरोपित किया गया है जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है दर्ज आवेदन में कहा गया है कि पूर्व के विवाद को लेकर सभी नामित आरोपी गाली गलौज कर रहे थे जिसका विरोध करने पर आरोपी दाब, तलवार व रड से हमला कर दिए जिससे आरोपी का सर फट गया और वह बुरी तरह घायल हो गया।इस संबंध में लिखित शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है

### बाइक की टक्कर में दो घायल

मशरक के मदारपुर गांव में अनियंत्रित टोटो और बाइक की टक्कर हो गई जिसमें दो व्यक्ति घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए।वही बाइक चालक को गंभीर हालत देख सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल बाइक सवार मदारपुर गांव निवासी इस्लाम मसूरी उम्र 50 वर्ष पिता मनवर हुसैन और टोटो चालक बनियापुर थाना क्षेत्र के धोबवल गांव निवासी रंजीत कुमार उम्र 17 पिता बलिराम राम हैं।घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि टोटो मशरक से बनियापुर की तरफ जा रहा था वहीं बाइक सवार सहाजितपुर से मशरक की तरफ आ रहा था कि अनियंत्रित टोटो और बाइक की टक्कर हो गई।

# वीर शहीद के शव पहुंचा पैतृक गांव, ग्रामीण हुए गमगीन

प्रात : किरण संवाददाता



सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जानकी नगर पंचायत के हरदिया बाद निवासी योगेंद्र यादव के पुत्र चंदन कुमार यादव जो आर्मी में दिल्ली में पदस्थापित है दिनांक 29 मई 2024 को कार्य अवधि के दौरान दुर्घटना का शिकार हो कर मौत के आगोश में समा गए चंदन दिल्ली के यूनिट आई एच क्यू मोड आर्मी कैंप में सिपाही के पद पर तैनात थे। जो अपनी यूनिट में अपनी बहादुरी के कारण काफी चर्चित थे। 31 वर्षीय शाहिद जवान का शव पहुंचते ही जिले के लोग गमगीन हो उठे और हजारों की संख्या में लोग वीर जवान का को अंतिम विदाई देने के लिए उमर पडे चंदन 2013 में आर्मी के पद पर स्थापित हुए थे जिनकी शादी नवंबर 2017 में खड़गपुर स्थित लरूई गांव निवासी अरविंद यादव की पुत्री खुशबू कुमारी के साथ हुई थी। चंदन अपने पीछे अपनी पत्नी खुशबू कुमारी 5 वर्षीय पुत्री इशानी और 2 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी को छोड़ गए हैं। शहीद जवान के शव जैसे ही गांव पहुंचा पूरा माहौल गमगीन हो उठा वृद्ध माता-पिता अपने सबसे छोटे पुत्र का शव देखकर बार-बार बेहोश हो रहे थे पत्नी खुशबू की दहाड़ से वातावरण पूरी तरह दहल उठा हर लोग बेचैन थे हर आंख नम थी चंदन पांच भाई तथा एक बहन था। शाहिद जवान सभी भाई में सबसे छोटे थे। 25 जनवरी को छुट्टी में अपने भांजे के शादी में आए थे। फिर अपने साल के शादी में 15 जून को छुट्टी पर आने वाले थे कि उससे पहले उनकी शव पहुंच पड़ी। शाहिद के सब आते ही जब तक सूरज चांद रहेगा चंदन तेरा नाम रहेगा नर से गूंजने लगे गांव। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जिला परिषद सदस्य निवास मंडल, जदयू नेता अनिल कुमार यादव, सपा जिला अध्यक्ष पप्पू , जानकीनगर पंचायत के मुखिया संजीव यादव , सरपंच बिंदेश्वरी यादव,नौवागढ़ी दक्षिणी के पूर्व मुखिया रविंद्र मंडल , शंभू यादव ,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव, कुमार निशु मनोज क्रांति सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## 1.85 लाख रुपए के साथ तीन दिनों से लापता जमालपुर निवासी 45 वर्षीय मनोज गुरुवार को अचानक घर पहुंचा

बरियारपुर (मुंगेर)। तीन दिनों से लापता जमालपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर डीह निवासी 45 वर्षीय मनोज कुमार चौरसिया गुरुवार को अचानक घर पहुंचा। जो काफी बदहवाश था। घर से वह 1.85 लाख रूपया अपने बहनोई को देने निकला था। वह राशि भी उसके पास नहीं था। परिजन रूपया के बारे में पूछ ही रहा था कि वह बेहोश हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि मनोज कुमार चौरसिया अपने घर पर ही किराना का दुकान चलता है। वह 27 मई की शाम 1.85 लाख रूपया लेकर भागलपुर नौवगछिया के खरीक अपने बहनोई अमरजीत मोदी को देने के लिए जमालपुर से ट्रेन पकड़ कर निकला था। मुंगेर रेलवे स्टेशन तक उसकी पत्नी ने उससे बात भी की। लेकिन उसके बाद से उसका मोबाइल बंद आने लगा। परिजनों ने लगातार उसकी खोज कर रही थी। इसी बीच गुरुवार की सुबह उसने अपनी पत्नी को फोन किया कि वह आसाम में है। लेकिन आधे घंटे बाद ही वह घर पहुंच गया। उसका बात-चीत करने का अंदाज काफी उखड़ा था। मानों वह नशे में हो।

# मुंगेर के 22 बालू घाटों का बंदोबस्ती होगी

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर)मुंगेर)। मुंगेर के गंगा घाटों से बालू प्रतिदिन अवैध तरीके से उठाव होता है परंतु गंगा घाटों की बंदोबस्ती नहीं रहने के कारण सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पाती है अब डीएम की अनुशंसा पर जिले में गंगा किनारे 22 घाटों का बंदोबस्ती की सूचना प्रकाशन के लिए निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क को पत्र भेजा गया है। मुंगेर जिले के अब तक गंगा घाटों की बंदोबस्ती नहीं हुई थी सरकार को हो रही थी राजस्व की छाती को देखते हुए खनन विभाग द्वारा पिछले वर्ष गंगा किनारे 8 बालू घाटों की बंदोबस्ती के लिए तीन बार विज्ञापन का प्रकाशन कराया गया था परंतु 40 हेक्टर से अधिक क्षेत्रफल का घाट रहने के कारण एक भी बंदोबस्त धारी डाक में हिस्सा नहीं लिए इस वर्ष विभाग के निर्देश पर बंदोबस्ती के लिए पांच हेक्टर से अधिक क्षेत्रफल का छोटा-छोटा 22 घाट बनाकर बंदोबस्ती के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है सभी 22 गंगा घाटों की बंदोबस्ती 5 वर्षो के लिए होगी इसके लिए निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि 13 जून तक निर्धारित है समाहरणालय में गंगा घाटों की नीलामी 19 जून को होगी गंगा घाटों की बंदोबस्ती होने पर सरकार को करोड़ों रूपए राजस्व की प्रति सभी गंगा घाटों की बंदोबस्ती होने पर होगी 22 सभी 22 घाटों की नीलामी के लिए न्यूनतम प्राक्कलन 18 करोड़ 57 लाख 60000 निर्धारित की गई है बंदोबस्त धारी को निविदा के पश्चात पराक्रम राशि 25% जमा करना होगा खनन विभाग के अनुसार गंगा घाटों की बंदोबस्ती के लिए जो प्रस्ताव तैयार किया गया है उसके अनुसार काली अस्थान फुलकिया खंड ए काली स्थान फुलकिया गंगा घाट खाली स्थान बरियारपुर खण्ड से लेकर काली स्थान बरियारपुर खंड एक तक छह घाट महोली घाट खंड एक से लेकर खंडित तक चार घाट पर तिकड़म पुर बालू घाट पहाड़पुर खंड ए से लेकर खंडित तक पांच गंगा बालू घाट शामिल है जिसकी बंदोबस्त होनी है प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पीले बालू का दो बालू घाट की बंदोबस्ती हुई थी जिसमें पृथ्वी चक बालू घाट की बंदोबस्ती 2 करोड़ में जबकि सोहर बालू घाट की बंदोबस्ती 36 लाख में कुंदन कुमार के नाम से हुई थी परंतु पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति आशा में बंदोबस्त धारी को अब तक बालू घाट का चलन नहीं मिल पाया है।

# जिले में शिक्षक की मौत के बाद आक्रोशित हुए ग्रामीण और शिक्षक



जमुई। जिले के झाझा थाना इलाके के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू बलियाडीह के एक शिक्षक की तबियत बिगड़ने के बाद पटना जाने के दौरान मौत हो गई. शिक्षक की मौत के बाद नाराज ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी किया है. ग्रामीण नाराज है कि जब बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं तो शिक्षकों को इस गर्मी में क्यों बुलाया जा रहा है. मृत शिक्षक का नाम अख्तर वसी बताया जा रहा है. स्कूल में ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद शिक्षक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.आक्रोशित ग्रामीण शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारी को स्कूल में आने की मांग भी की. जानकारी के अनुसार शनिवार को शिक्षक अख्तर वसी लगभग 9 बजे स्कूल आया तो उसकी तबियत बिगड़ने लगी और वह बेहोश होकर गिर पड़ा. तबीयत बिगड़ने के दौरान स्कूल के दूसरे शिक्षकों से अख्तर वसी ने बताया कि उसका मन ठीक नहीं लग रहा है और वह बेहोश होकर स्कूल परिसर में ही जमीन पर गिर गया. बाद में स्कूल के दूसरे शिक्षक उसे झाझा के एक निजी क्लीनिक में लाए, जहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया.बताया जा रहा है कि पटना जाने के दौरान शिक्षक की मौत हो गई. शिक्षक की मौत के बाद शव को स्कूल में लाया गया, जहां लोगो की भीड़ जुट गई और आक्रोशित ग्रामीण मौके पर अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे. मौत की खबर सुन आसपास के इलाके के स्कूलों के दर्जनों शिक्षक बलियाडीह के स्कूल पहुंचे. इस बीच दर्जनों की संख्या में ग्रामीण स्कूल परिसर में बैठकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के विरोध में जमकर नारेबाजी की.मौके पर मौजूद ग्रामीण और शिक्षकों ने अख्तर वसी के तबीयत बिगड़ने के पीछे गर्मी की आशंका को बताया. मौके पर पहुंचे कई शिक्षकों ने यह बताया कि गर्मी को लेकर स्कूलों में बच्चों की छुट्टी दी गई है, लेकिन शिक्षकों की नहीं. शिक्षक विभाग का निर्देश का पालन करते स्कूल आ रहे हैं. उन्हें भी गर्मी लग रही है. कई शिक्षकों की तबीयत भी बिगड़ी है. मामले की जानकारी के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचकर मामले की जानकारी ली है. स्कूल के शिक्षक की मौत के मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि झाझा इलाके के एक स्कूल की शिक्षक की मौत हुई है, जो सुबह 9 बजे स्कूल आये थे और उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद डॉक्टर ने आसनसोल रेफर कर दिया था, जहां जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई, विभाग के निर्देश के अनुसार शिक्षकों को स्कूल में रहने के लिए कहा गया है. डीपीओ और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया है. इस घटना के बारे में विभाग को जानकारी दी जाएगी, जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के द्वारा नियम के अनुसार जो भी सहायता होगी शिक्षक के परिवार को दी जाएगी।

# शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि देने पहुंची इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनीता कुमारी

मुंगेर। मुंगेर जिला स्थित जानकीपुर पंचायत के हरदिया बाद ग्राम निवासी योगेंद्र यादव के पुत्र आर्मी जवान चंदन कुमार जो दिल्ली में पद स्थापित थे का 29 मई 2024 को कार्य अवधि के दौरान दुर्घटना से मौत हो गई। शहीद चंदन कुमार यादव का तिरंगा में लिपटा पार्थिव शरीर जब उनके गांव पहुँचा तो हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने अपने वीर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चारों और वीर चंदन अमर रहे के नारों की गूंज सुनाई पड़ रही थी। इस मार्मिक घटना की जानकारी मिलते ही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुमारी अनिता के पति समाजसेवी अशोक महतो जी, राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन सहित अनेकों कार्यकताओं के साथ हरदिया वाद पहुंच कर शहीद चंदन कुमार यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।साथ ही वहां पर उपस्थित उनकी माता-पिता सहित परिवार के अन्य सदस्यों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य से रहने की अपील करते हुए कहा कि आपका पुत्र अपने देश के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए अपना प्राण न्योछावर की है यह मुंगेर ही नहीं पूरे बिहार के लिए गौरव की वात है ।वे मर कर भी अमर हो गए ।स्थानीय लोगों की मांग पर की स्थानीय चौबटिया पर शहीद का स्मारक बनाया जाय ।

# मतगणना की तैयारी का आयुक्त संजय कुमार सिंह ने लिया जायजा

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। आगामी 4 जून को होने वाले लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था का जायजा लेने शनिवार को आयुक्त संजय कुमार सिंह द्वारा मुंगेर प्रमंडल के जमुई, बेगूसराय, खगड़िया एवं मुंगेर में बने वज्रगृह का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीआईजी मुंगेर एवं बेगूसराय, सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे। आयुक्त द्वारा उक्त सभी जिलों में बने वज्र गृहों में मतगणना के लिए किए गए व्यवस्था का जायजा लिया गया, जहां सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त दिखने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा कि सभी व्यवस्थाएं ठीक की गई हैं व संतोषजनक हैं, फिर भी किसी तरह की कोई चूक न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। साथ ही प्रत्याशियों एवं पार्टी कार्यकताओं के वज्रगृह में प्रवेश पर कहा कि कार्यकताओं को भी बिना जांच अथवा फ्रिस्किंग के वज्र गृह तथा मतगणना कक्ष तक प्रवेश नहीं दें। दंडाधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को इस बात का विशेष ध्यान देना होगा कि कोई भी कार्यकर्ता किसी तरह की कोई अव्यवस्था उत्पन्न न करें। गर्मी को देखते हुए पेयजल के साथ ही अल्प जलपान की भी व्यवस्था वज्रगृह के अंदर ही करने का निर्देश दिया।

# देश का भविष्य बच्चों पर टिका है : कुलपति

प्रात : किरण ब्यूरो

दाउदपुर। देश का भविष्य बच्चों पर टिका है। व्यक्तिगत इच्छाओं को त्याग कर सामूहिक प्रयास करके भारत को 2047 के पहले भी विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। छात्र व छात्राओं को अपने परिवार, समाज, क्षेत्र व देश हित में ईमानदारी से पढ़ाई करनी होगी। आप जो भी विषय चुने उसमें पारंगत बनें। हमारे जीवन, बोलचाल, रहन- सहन, सोंच व कर्म में अच्छी शिक्षा और संस्कार की झलक दिखनी चाहिए। उक्त बातें नंदलाल सिंह महाविद्यालय जैतपुर- दाउदपुर के 55 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति प्रो. (डॉ) परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने कही। उन्होंने महाविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान, फंक्शनल इंग्लिश, फंक्शनल हिंदी, जर्नलिज्म व फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा का पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। जिसका भरपूर तालियों से स्वागत किया गया। उन्होंने बच्चों से महाविद्यालय में अब से उपलब्ध व्यवसायिक पाठ्यक्रम व संसाधन का भरपूर उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे जीवन में सफल होने के लिए शिक्षा के साथ रोजगार को जोड़ने की जरूरत है। कुलपति ने छात्र- छात्राओं को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ हीं भ्ष्टाचार का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं न भ्ष्टाचार करूंगा और न करने दूंगा। साथ हीं उन्होंने छात्र- छात्राओं को नंदलाल सिंह महाविद्यालय को जेपीयू का सर्वश्रेष्ठ व पूरे बिहार का आदर्श महाविद्यालय बनाने के लिए संकल्पित होने की बात कही। उन्होंने महाविद्यालय के विकास में नंदलाल बाबू के पुत्र जितेंद्र सिंह समेत स्थापना में योगदान करने वाले लोगों की सराहना की। समारोह को जेपीयू के कुल सचिव प्रो. रणजीत कुमार, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह, डॉ परमेश्वर सिंह, डॉ विजय कुमार, डॉ हरिश्चंद्र आदि ने भी संबोधित किया। समारोह के पूर्व कुलपति ने कुलदेवता नंदलाल बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नवनिर्मित मैना देवी स्नातकोत्तर भवन का उद्घाटन किया। उसके बाद कुलपति प्रो. (डॉ) परमेन्द्र कुमार बाजपेई व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। प्राचार्य डॉ केपी श्रीवास्तव के द्वारा अंग-वस्त्र आदि प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की पत्रिका "समता" तथा डॉ रूबी चंद्रा के द्वारा लिखित पुस्तक "हेल्थ विथ टेस्ट मिशन मिलेट्स" का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान राम व धन्यवाद ज्ञापन डॉ कमल जी ने किया। मौके पर डॉ ओमप्रकाश सिंह, शिक्षक नेता दिनेश कुमार सिंह, शैलेंद्र पांडेय, प्रो. स्वर्गदीप शर्मा, डॉ जीडी राठौड़, राकेश कुमार, डॉ आशिष कुमार, डॉ धनंजय सिंह, डॉ इंदु कुमारी, अमृत प्रजापति, डॉ शेखर कुमार, मृत्युंजय सिंह, संजय सिंह, आलोक सिंह, मुखिया अभिषेक कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# महादलित महिला के हत्या मामले में पति गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो

मशरक। मशरक मुशहर टोली की मुन्नी देवी का गला रेत हत्या कर फेंका हुआ शव मिलने के बाद मृतिका की मां राजमुनी देवी पति स्व जगन्नाथ राउत द्वारा मशरक थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद एक्शन में मशरक पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मशरक थानाध्यक्ष धनंजय राय के नेतृत्व में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त मृतिका के पति सोनू मुसहर को उसके घर सिधवलिया गोपालगंज के मटौली गांव से शुक्रवार के शाम गिरफ्तार कर लिया। राजमुनी देवी ने मुनी देवी के पति पर दहेज के लिए हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। राजमुनि द्वारा दर्ज कराएं गए प्राथमिकी में कहा गया है कि 5 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री की शादी सिधवलिया गोपालगंज निवासी हरिलाल मुसहर के पुत्र सोनू मुसहर से की। पिछले एक साल से सोनू अपनी पत्नी से दहेज में साइकिल और रुपया अपनी मां से मांग कर लाने का दबाव बना मारपीट करने लगा।

जिसपर मुन्नी अपने मायके मशरक आकर रहने लगी। सोनू मुसहर भी मशरक आने जाने लगा। बुधवार को घर से कुदाल दाब के साथ मुन्नी को लेकर मूस मारने गया। देर रात तक जब दोनो नहीं लौटे तो सोनू को फोन कर पूछी तब उसने कहा की उसकी हत्या कर फेंक दिया है खोजो । गुरुवार के सुबह बेटी का शव गोपालबारी मशरकी पोखरा से मिला था । प्राथमिकी दर्ज कर थानाध्यक्ष केस के अनुसंधानकर्ता सुजीत कुमार के साथ मामले की त्वरित छानबीन में जुट अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# छपरा के इस निजी अस्पताल में विधवा पेंशन और वृद्धा पेंशनधारियों का फ्री में होगा इलाज

प्रात : किरण ब्यूरो

छपरा। शहर के एक ऐसे चिकित्सक जो गरीब असहाय मरीजों के लिए किसी हीरो से कम नहीं है। हमेशा अपने नई नई सोच से चर्चा में रहते है। ऐसे तो आप लोगों ने चिकित्सक पर मनमाने पैसे वसूलने, इलाज में लपरवाही का आरोप लगते तो जरूर सुनते होंगे लेकिन छपरा शहर के एक ऐसे चिकित्सक है जो गरीब असहाय मरीजों के लिए अहम योगदान दी है।

हम बात कर रहे है छपरा शहर के नगरपालिका चौक स्थित धड़कन क्लिनिक के संचालक एवं पटना इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हिमांशु कुमार की। जिन्होंने क्लिनिक में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों के लिए अनोखा पहल किया है। उन्होंने यह ऐलान किया है कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन एवं वृद्ध असहायों को फीस नहीं देना पड़ेगा। फ्री में इलाज होगा।

इसके पहले भी उनके द्वारा गरीब दिन दुःखियो के लिए ऐसे पहल किया गया था। जिसमें ठेला चालक, रिक्शा चालक, दैनिक मजदूर, सब्जी बेचने वाले, भूंजा बेचने वाले, स्वतंत्रता सेनानियों के लिए भी निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की गई है। उनके द्वारा मरजेंसी में भर्ती मरीजों का निःशुल्क इलाज समय समय पर किया जाता है, इतना ही नहीं हृदय रोगियों का निशुल्क का ऑपरेशन करवाना हो उसमें भी वह अपना अहम योगदान देने को हमेशा तत्पर रहते हैं और डॉ हिमांशु कुमार ने करीब डेढ़ साल से यह भी ऐलान किया है कि सारण जिले के जो भी जनप्रतिनिधि है अगर उनके क्षेत्र के मरीज उनके हॉस्पिटल में भर्ती होते है और वो गरीब है पैसे देने में सक्षम नहीं है तो उनके अनुशंसा पर पूरा इलाज का 50% बिल माफ किया जाता है। मरीजों को खाने पिने के भी व्यस्था भी किया जाता है।

डॉ हिमांशु कुमार ने कहा कि अंधकार में जी रहे लोगों के जीवन में प्रकाश लाना ही मेरा मुख्य उदेश्य है. उन्होंने कहा कि समाज के वंचित तबके को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए साधन सम्पन्न लोगों को आगे आने कि जरूरत है. उन्होंने कहा कि वंचित तबके के जीवन में खुशी लाना ही सच्ची सेवा है ।

# विष्णु महायज्ञ में पंडाल परिक्रमा के लिए उमड़ रही है भक्तो की भीड़


मशरक। मशरक प्रखंड अंतर्गत चरिहारा गांव के राम-जानकी शिव मंदिर परिसर मे आयोजित नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञ पंडाल की परिक्रमा को लेकर भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी ।काफी संख्या मे दूरदराज से आयी श्रद्धालु महिलाओ द्वारा पूजा पंडाल की परिक्रमा और विभिन्न देवी देवताओ की स्थापित दर्जनो मूर्तियो की पूजा अर्चना की गयी ।उधर आचार्य श्री श्री 1008 राम अनुग्रह दास जी महाराज की अगुआई मे दर्जनो आचार्य के मंत्रोच्चारण की ध्वनि के बीच नौ कुण्डीय यज्ञ स्थल की विधिवत पूजा अर्चना की गयी ।जिसमे यजमान अखिलेश सिंह, अरूण कुमार सिंह, निरज कुमार, संतोष साह,प्रभु सहनी अपनी अपनी अर्धांगिनी के साथ शामिल हुए। विष्णु महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

भीषण गर्मी के बावजूद लोग बड़े भक्तिभाव से यज्ञ अनुष्ठान मे शामिल हो रहे है ।वही शाम 6 से 9 बजे तक अयोध्या से आयी महिला प्रवचनकर्ता कण्केश्वरी जी की प्रवचन का श्रवण कर क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो रहे है ।जबकि रात्रि 9 से 11 बजे तक रास लीला की मनमोहक प्रस्तुति अपनी ओर लोगो को आकर्षित कर रहा है ।यज्ञ पंडाल मे स्थापित देवी देवताओ के विभिन्न स्वरूपो की करीब तीन दर्जन प्रतिमाए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# आईपीएल में टॉस के वक्त ही साफ हो कौन होगा इंपेक्ट प्लेयर : सौरव गांगुली

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम को जारी रखने के पक्ष में हैं लेकिन चाहते हैं कि टीम अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी का फैसला टॉस के समय ही करें। हाल में खत्म हुए आईपीएल सत्र के बाद 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम काफी चर्चा में रहा क्योंकि इस चरण में 8 दफा 250 रन से ज्यादा का स्कोर बना।

गांगुली ने कहा कि वह चाहते हैं कि आईपीएल के आगामी सत्र में मैदान की बाउंड्री और बढ़ा देनी चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि मुझे इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पसंद है। आईपीएल में सिर्फ मैं एक चीज चाहता हूं कि इसके लिए मैदान थोड़े बड़े कर देने चाहिए। सीमारेखा को थोड़ा बढ़ा देना चाहिए। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा कि यह शानदार टूर्नामेंट है। इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के साथ आप सिर्फ एक चीज कर सकते हो कि इसका फैसला टॉस से पहले हो जाए। टॉस से पहले खुलासा



करने के लिए आपको कौशल और रणनीति की जरूरत होगी। लेकिन मैं इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के पक्ष में हूं।

पृथ्वी साव का इस आईपीएल सत्र में प्रदर्शन इतना शानदार नहीं रहा लेकिन गांगुली का कहना है कि वह अब भी युवा है और छोटे प्रारूप के दाव पेच सीख रहा है। उन्होंने कहा कि वह (साव) काफी युवा है। वह अभी 23 साल का ही है। वह अब भी सीख रहा है कि टी20 क्रिकेट कैसे खेला जाए। वह शानदार प्रतिभा का धनी है और बेहतर ही होगा। कभी कभार हम हर किसी से पहले ही काफी कुछ उम्मीद लगाने लगते हैं और पृथ्वी के कौशल को देखते हुए मुझे पूरा भरोसा है कि वह अच्छा करेगा।

गांगुली ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 2022 में कार दुर्घटना से पहले की तरह खेलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह आईपीएल में हमारे लिए (दिल्ली कैपिटल्स) शानदार रहा इसलिए उसने जिस तरह से वापसी की, उसे देखकर खुश हूं। मैंने हमेशा ही कहा है कि वह विशेष खिलाड़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिका में क्रिकेट खेलने को मिलेगी: कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां क्रिकेट की लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ने इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोहली ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास मुंबई द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम अमेरिका में किसी भी रूप में क्रिकेट खेलेंगे। लेकिन अब यह हकीकत है। यह आपको दुनिया में खेल के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताता है। संयुक्त राज्य अमेरिका इस बदलाव को स्वीकार करने के लिए काफी इच्छुक है। मुझे लगता है कि यह शुरुआत करने का एक आदर्श तरीका है, इसलिए मुझे लगता है कि इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में अमेरिका की मास्टर लीग में लिस्ट ए का दर्जा दिया था।

इसके बाद अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। 2023 में हुए एमएलसी के पहले सीजन ने अमेरिकी क्रिकेट देखने के लिए मैदान में भी पहुंचे। टेक्सास और उत्तरी कैरोलिना में खचाखच भरे स्टेडियम देखे गए। अब एमएलसी के दूसरे सीजन की तैयारी चल रही है जिसमें क्रिकेट के पावरहाउस देश हिस्सा लेते नजर आएंगे। कोहली ने एमएलसी के प्रभाव और प्रशंसकों के बीच क्रिकेट में रुचि जगाने की इसकी क्षमता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शुरुआत में एक तरह का डोमिनोज़ प्रभाव शुरू हुआ और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय तक जारी रहेगा। जैसा कि मैंने कहा, हमारे पास राज्यों में खेल को जीवित रखने और दूसरों को अधिक जागरूक बनाने के लिए हमारे क्षेत्रों से पर्याप्त लोग हैं। मुझे लगता है कि वहां एमएलसी में भी काफी संभावनाएं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### क्रिस वोक्स ने क्रिकेट से दूरी बनाने पर कहा, यह जीवन का सबसे मुश्किल क्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और वरिकशायर के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स इन दिनों क्रिकेट से दूर हैं। अपनी अनुपस्थिति के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अपने पिता की मृत्यु से काफी दुखी हैं। क्रिस वोक्स के पिता का निधन मई की शुरुआत में हो गया था।

इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में 35 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि पिछला महीना उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण समय रहा, जिसके कारण उन्हें क्रिकेट से भी ब्रेक लेना पड़ा। इंग्लैंड के क्रिकेट सेटअप में सभी प्रारूपों में 200 से अधिक मैच खेलने वाले वोक्स इस सीजन में वरिकशायर का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए भी उन्होंने नहीं खेलने का फैसला किया। टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में भी वोक्स का नाम नहीं है, ऐसे में उनका ब्रेक और लंबा हो सकता है।

एक दिल को छू लेने वाले पोस्ट में क्रिस वोक्स ने बताया कि वे इस दुख के समय में अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। क्रिस वोक्स ने लिखा, पिछला महीना मेरे जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण महीना रहा है। दुर्भाग्य से, मेरे पिताजी का मई की शुरुआत में निधन हो गया। वोक्स ने इस मुश्किल दौर में अपने परिवार के साथ समय बिताने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, हम सभी स्पष्ट रूप से शोक मना रहे हैं और निस्संदेह अपने जीवन के सबसे कठिन क्षणों से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं। वोक्स ने कहा कि वह सही समय पर क्रिकेट में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को लगा बड़ा झटका

# क्रिकेटर ब्रायडन कार्से पर लगा दो साल का बैन




**यूएस (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के आगाज से पहले ही क्रिकेट की दुनिया से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। इंग्लैंड टीम के स्टार खिलाड़ी ब्रायडन कार्से को सट्टेबाजी के कारण सभी तरह के क्रिकेट से बैन कर दिया गया है। यह बैन 16 महीने का है, जिसमें से 13 महीने वह सस्पेंड रहेंगे। कार्से ने 2017 और 2019 के बीच 303 मैचों में सट्टेबाजी की थी, जो कि ईसीबी के जुआ नियमों का उल्लंघन है। कार्से ने खुद ही इस बात को स्वीकार कर लिया है कि उन्होंने विभिन्न क्रिकेट मैचों पर सट्टेबाजी की थी। हालांकि, उन्होंने उन मैचों पर दांव नहीं लगाया था जिनमें वे खुद खेल रहे थे, लेकिन 'टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने डरहम के मैचों पर जरूर पैसा लगाया था।

इस मामले पर इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रवक्ता ने कहा, हम इन मामलों को बहुत गंभीरता से लेते हैं और क्रिकेट में भ्रष्टाचार विरोधी किसी भी तरह के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करते हैं। हमें उम्मीद है कि उनका मामला अन्य क्रिकेटरों के लिए एक शिक्षाप्रद उदाहरण बन सकता है। वहीं क्रिकेट रेगुलेटर के अंतरिम डायरेक्टर डेव लुईस ने कहा, क्रिकेट रेगुलेटर कदाचार के किसी भी उल्लंघन को गंभीरता से लेता है, इस हरकत के बाद दूसरे क्रिकेटर सुधरेंगे।

### ब्रायडन कार्से का अंतरराष्ट्रीय करियर

28 साल के बॉलिंग ऑलराउंडर ब्रायडन कार्से ने इंग्लैंड के लिए 14 वनडे मैचों में 15 विकेट लिए हैं, इसके अलावा उन्होंने 32 रन भी बनाए। वहीं, कार्से ने इंग्लैंड के लिए 3 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 4 विकेट लिए हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि कार्से वही गेंदबाज हैं जिन्हें भारत में आयोजित हुए एक दिवसीय वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की टीम में रीस टॉपले के स्थान पर शामिल किया गया था। रीस टॉपले वर्ल्ड कप के दौरान इंजर्ड हो गए थे, हालांकि कार्से को वर्ल्ड कप के दौरान मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। कार्से को ईसीबी ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में 2 साल के लिए शामिल किया था। इस पूरे मामले के बाद कार्से 28 अगस्त तक नहीं खेल पाएंगे, जिससे वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज में उनकी संभावित भागीदारी समाप्त हो गई है। यह घटना क्रिकेट जगत में एक बड़ी चेतावनी के रूप में देखी जा रही है, जो अन्य खिलाड़ियों को सट्टेबाजी और भ्रष्टाचार से दूर रहने की प्रेरणा देगी।

# संजना गणेशन ने पति बुमराह को चिढ़ाया, की मस्ती

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप खेलने के लिए इस समय न्यूयॉर्क में मौजूद हैं। उनकी पत्नी संजना गणेशन जोकि खेल प्रस्तोता भी है, न्यूयॉर्क में पति का हौसला बढ़ाने के लिए सक्रिय हैं। इसी बीच संजना ने पति बुमराह के साथ की गई शरारत की एक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फैंस का ध्यान खींचा है। संजना ने सोशल मीडिया पर एक हल्के-फुल्के पोस्ट में टी20 विश्व कप 2024 से पहले अपने पति को चिढ़ाने की कोशिश की। उक्त पोस्ट में यह जोड़ा फोटोशूट की तैयारी करता दिखता है। भारत की नई जर्सी पहने हुए बुमराह के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। उनके बगल में खड़ी संजना ने भी कैमरे के सामने प्यारी सी मुस्कान बिखेरी। संजना ने पोस्ट की कैप्शन में लिखा- एक चिढ़ाने वाली मुस्कान के साथ अपने पति को काम पर ले आओ।




भारतीय टीम जब टी20 विश्व कप 2024 का अभियान शुरू करेगी तो सबकी नजरें जसप्रीत बुमराह पर रहेंगी। टी20 फार्मेट में बुमराह की गेंदबाजी अच्छी रहती है। इसी महीने खत्म हुए आईपीएल 2024 में बुमराह 20 विकेट लेने में सफल हुए थे। वह मुंबई के अकेले गेंदबाज थे जोकि खराब सीजन के बावजूद इतने विकेट ले जाने में कामयाब रहे। अभी बुमराह पर भारत को टी20 विश्व कप जितवाने का दबाव है। इससे पहले वह पत्नी के साथ हलके फुल्के मूड में मस्ती करते हुए दिखे। बुमराह के इस अंदाज को सोशल मीडिया पर उनके फैंस ने खूब पसंद भी किया। ऐसी कई टिप्पणियां आई जिसमें बुमराह को शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया।

बुमराह इस विश्व कप में भारत के लिए तरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। इस पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली भी मुहर लगाते दिखते हैं। ब्रेट ने कहा कि यॉर्कर पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने से टी20 क्रिकेट के उच्च दबाव वाले डेथ ओवरों में टीमों को काफी फायदा हो सकता है। ब्रेट ने बुमराह की उदाहरण देते हुए कहा कि वह यॉर्कर में महारत हासिल कर चुके हैं। वह लगातार बल्लेबाजों को रोकने में प्रभावी हो रहे हैं। वैसे भी तेज गेंदबाज इस हथियार का कम ही प्रयोग करते दिख रहे हैं। लेकिन बुमराह इस पर लगातार काम कर रहे हैं।

# शाकिब अल हसन को 2026 टी20 विश्व कप खेलने की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को 2026 टी20 विश्व कप खेलने की उम्मीद है, लेकिन उनका ध्यान अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने पर है। शाकिब और भारत के कप्तान रोहित शर्मा केवल दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने अब तक टी20 विश्व कप के प्रत्येक संस्करण में भाग लिया है। पहले यह अनुमान लगाया गया था कि शाकिब अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे हैं। वह टी20 विश्व कप में अब तक 36 मैचों में 47 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। ऑलराउंडर ने पहले 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करने की इच्छा जताई थी।

बीसीबी के फेसबुक पेज पर अपलोड किए गए एक वीडियो में शाकिब के हवाले से कहा गया कि सबसे पहले, जब मैंने शुरुआत की थी तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं इतने लंबे समय तक खेलूंगा और दूसरी बात यह है कि टी20 क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत से लेकर अब तक मैं और रोहित शर्मा ने सभी संस्करणों में हिस्सा लिया है। यह मेरे लिए गर्व की बात है और मुझे खुशी है कि मैं देश का प्रतिनिधित्व कर सका। मुझे उम्मीद है कि मैं एक और विश्व कप खेल सकता हूं लेकिन उससे पहले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहूंगा और बांग्लादेश पिछले टी20 टूर्नामेंट से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।



शाकिब को लगता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के विकेट टूर्नामेंट में उनके अनुकूल होंगे क्योंकि यह उनके घरेलू पिचों के समान है। शाकिब ने कहा कि यह ठीक है कि अमेरिका मेरा दूसरा घर है लेकिन मुझे लगता है कि हम इसे यहां हासिल कर लेंगे। इससे पहले वेस्टइंडीज और अमेरिका में हम जब खेले थे तो हमने अच्छा प्रदर्शन किया था। हमने फ्लोरिडा में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा उनका समर्थन मिलता है क्योंकि वे पिचें हमारी घरेलू पिचों से काफी मिलती-जुलती हैं। मुझे उम्मीद है कि हमें दोनों जगहों पर फायदा मिलेगा। बता दें कि बांग्लादेश 8 जून को डलास में श्रीलंका के खिलाफ अपना टी20 विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले शनिवार को अपने दूसरे अभ्यास मैच में भारत से भिड़ने के लिए तैयार है।

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श की फिटनेस पर सस्पेंस, ओमान के खिलाफ नहीं करेंगे गेंदबाजी

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से उन्हें फिट बताया जा रहा है लेकिन वह ओमान के खिलाफ बतौर ऑलराउंडर नहीं बल्कि बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।



भारत में आईपीएल खेलने के दौरान मार्श अप्रैल में हैमस्ट्रिंग की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। टी20 विश्व कप 2024 के आगाज से पहले, इस सप्ताह की शुरुआत में हुए दो अभ्यास मुकाबलों में वह फिर से मैदान पर लौटे।

दोनों ही मैचों में उन्होंने पूरी पारी में फील्डिंग नहीं की। हालांकि, एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की है कि मार्श 6 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ मैच खेलेंगे, लेकिन केवल बल्लेबाज के रूप में। गेंदबाजी में उनकी वापसी अभी भी अनिश्चित है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने एंड्रयू मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, मिचेल के लिए, (वार्म-अप मैच) उनके शरीर की स्थिति को परखने के बारे में थे। उन्होंने अधिक ओवर फील्डिंग की, वह अधिक स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ पाए, इसलिए उन्होंने वहां थोड़ा आत्मविश्वास हासिल किया।

ऐसा लग रहा है कि वह पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा, दूसरा भाग तब होगा जब गेंदबाजी फिर से शुरू होगी...यह पहला गेम नहीं होगा। मार्श ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए आरोन फिंच की जगह ली।

### फुटबॉल

## किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल से हार के बाद, फूट-फूटकर रोए क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाली सुपरस्टार का व्यक्तिगत तौर पर शानदार सीजन था, लेकिन उन्होंने इसे ट्रॉफी रहित समाप्त किया।

इससे ही वह दुखी हो गए और इतने संघर्ष के बाद ट्रॉफी नहीं जीत पाने से उनकी आंखों में आंसू आ गए। सऊदी अरब की फुटबॉल लीग में अल नस्र से खेलने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो किंग्स कप फाइनल में कट्टर प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद फूट-फूटकर रोने लगे। मैच का परिणाम अपने पक्ष में नहीं आने के बाद रोनाल्डो मैदान पर लेट गए और रोने लगे। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम में स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद अल हिलाल ने अल नस्र को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। अल हिलाल के गोलकीपर गोलकीपर यासीन बूनो ने दो सेव किए और अल हिलाल की जीत के हीरो रहे।

# पेरिस ओलंपिक से पहले विनेश फोगाट को मिली खुशखबरी, खेल मंत्रालय ने वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा की भी यह मांग मानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार 31 मई 2024 को कॉमनवेल्थ और एशियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान विनेश फोगाट और ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा की मांगों को अपनी मंजूरी दे दी। विनेश फोगट ने खेल मंत्रालय से हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले प्रशिक्षण शिविर में अपने निजी स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच वेन लोम्बार्ड को शामिल करने का अनुरोध किया था।

खेल मंत्रालय ने पेरिस खेलों की तैयारी के लिए कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो इशान मारवाह के साथ 60 दिन के लिए यूरोप में प्रशिक्षण लेने की वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा के योजना को भी मंजूरी दे दी। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेने वाली विनेश फोगाट ने लोम्बार्ड के हवाई किराये, वीजा शुल्क,




भोजन, आवास तथा हंगरी में स्थानीय परिवहन के लिए मदद का अनुरोध किया था।

विनेश फोगाट बुडापेस्ट में 6 से 9 जून तक होने वाली यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग 2ठ्ठस्र रैंकिंग सीरीज (पोलाक इमरे एवं वर्गा जानोस मेमोरियल टूर्नामेंट) में हिस्सा लेंगी। एमओसी ने विनेश फोगाट के मैड्रिड में 5 से 7 जुलाई तक होने वाले स्पेन के ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरा चोपड़ा 29 मई से 18 जून तक कुओर्टेन (फिनलैंड) में प्रशिक्षण लेंगे। उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो इशान मारवाह भी होंगे। जैवलिन थ्रोअर (भाला फेंक खिलाड़ी) नीरज चोपड़ा 19 जून से 7 जुलाई तक जर्मनी के सारब्रुकेन में पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी करेंगे। इसके बाद 26 साल का यह खिलाड़ी 8 जुलाई से तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में होंगे।




# यूट्यूबर जेक पॉल से माइक टायसन का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से स्थगित, फैंस को हाथ लगी निराशा



**लंदन, एजेंसी।** आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है।

माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल के खिलाफ रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे, तो उन्हें चिकित्सा उपचार की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आना की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है, जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं। बयान में कहा गया- माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें।

माइक और जेक दोनों इस बात से सहमत हैं कि यह सुनिश्चित करना उचित है कि दोनों एथलीट इस महत्वपूर्ण मैच के लिए तैयार हैं या नहीं।

आयोजकों ने कहा- एथलीट्स का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम माइक को जरूरी समय लेने में पूरी तरह से समर्थन करते हैं ताकि वह उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी वह खुद से अपेक्षा करते हैं। बयान में कहा गया है कि मुकाबले की नई तारीख की घोषणा सात जून तक की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानवापी में पूजा के अधिकार पर एक और मुकदमा

**वाराणसी, एजेंसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल की कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी पर एक नया वाद दाखिल किया गया है। कोर्ट ने इसे मूलवाद के रूप में दर्ज कर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। साथ ही तीन जुलाई को लिखित कथन दाखिल करने और सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तिथि नियत की है। बाद में वाद को अगली सुनवाई के लिए सिविल जज सीनियर डिवीजन (चतुर्थ) की कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। केस में अंजुमन इंतेजामिया कमेटी और काशी विश्वनाथ मंदिर बोर्ड ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया है। प्रतापगढ़ निवासी पत्रकार सौरभ सिंह सोमवंशी, कौशांबी के सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह, इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता राणा प्रताप सिंह व सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट रीना एन. सिंह ने अधिवक्ता आरके सिंह के माध्यम से कोर्ट में वाद दाखिल किया है। कहा है कि ज्ञानवापी तीर्थस्थल है। यहां से कभी गंगा बहती थी, जिसका अस्तित्व एक कुएं के रूप में आज भी विद्यमान है। यह ज्ञानवापी परिसर के अंदर है। इसका वर्णन स्कंद पुराण में है। आदिविश्वेश्वर, नंदी महाराज अन्य देवी देवताओं को उनसे अलग किया गया। साथ ही भगवान के भक्तों से दूर रखा जा रहा है। सर्वे में सारे प्रमाण आ गये हैं। ज्ञानवापी परिक्षेत्र से मस्जिद को हटाकर हिंदुओं को सौंपा जाए। मुस्लिम कब्जे से मुक्त कराया जाए। ताकि भगवान की पूजा-पाठ, राग-भोग और आरती सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

### छत्तीसगढ़ में तेजी से चढ़ रहा पारा, 47 डिग्री पार हुआ तापमान, सुबह से ही चल रही गर्म हवाएं

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी और सूरज की तपिश से गर्म हवाएं चल रही है। इसका असर यह हो रहा है कि सुबह के नौ बजे ही पारा चढ़ने लगा है। मई महीना जाते-जाते सुबह नौ बजे मैक्सिमम टेंप्रेचर 37 डिग्री दर्ज किया गया। यह तापमान बीते 29 मई का था। ऐसे में सुबह नौ बजे ही घर से बाहर निकलने पर तेज धूप जलाने लग रही है। इसके अलावा दिन चढ़ने पर 11 बजे टेंप्रेचर 40.4 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम को लेकर जानकारों का मानना है कि 15-20 साल पहले जो तापमान सुबह के 11 बजे होता था वह अब नौ बजे होने लगा है। बदलते मौसम को लेकर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का पैटर्न बदल दिया है। हमारी रोजमर्रा की आदतें, पराली जलाने, दुनिया में चल रहे युद्ध, व्हीकल्स, एयरकंडीशन, ग्रीन हाउस गैसेस का बढ़ना और प्री मानसून एक्टिविटी का कम होना ग्लोबल वार्मिंग के रीजन हैं। ग्रीन हाउसेज गैसों के बढ़ने से एक्सट्रीम वेदर कंडीशन पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में मौसम को लेकर बात करें तो, छत्तीसगढ़ में बीते 3-4 दिनों से पारा 47 डिग्री पहुंच रहा है। वहीं सुबह 9 से ही तापमान बढ़कर 38 डिग्री पहुंच रहा है। प्रदेश में आज सुबह से गर्म हवाएं चलने की कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। निकलकर काम निपटाने होते हैं, लेकिन 9 बजे से ही गर्मी के चलते लोगों को राहत की सुबह नहीं मिल पा रही है।

### जनसुनवाई के दौरान बिगड़ी मंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। जनसुनवाई के दौरान गृहराज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की तबीयत बिगड़ गई। शहर के एक निजी होटल में शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान अचानक गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत खराब हो गई। तुरंत मौके पर ही चिकित्सक को बुलाया गया। चिकित्सक ने स्वास्थ्य जांच की तो पता चला कि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह का तेज गर्मी और लगातार व्यस्तता के चलते ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में चिकित्सक ने मंत्री को आराम करने की सलाह दी है। दरअसल में शुक्रवार दोपहर को शहर के सारस चौराहा स्थित एक निजी होटल में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। तुरंत डॉक्टर को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद उन्होंने मंत्री जवाहर सिंह बेढम का ब्लड प्रेशर चेक किया, जिससे पता चला कि मंत्री का बल्ड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में तुरंत उन्हें दवाई दी गई, जिसके बाद उनकी तबीयत सामान्य हुई। डॉ. गजेंद्र ने बताया कि लगातार दौरे, जनसुनवाई, गर्मी और थकान की वजह से बीपी बढ़ गया था. मंत्री को पहले से ही ब्लड प्रेशर की समस्या थी। फिलहाल उनकी हालत ठीक है।

# हीटवेव से हुई मौतों पर भजनलाल के दो मंत्रियों में टकराव, किरोड़ी लाल के दावे पर उठाए सवाल

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में हीटवेव से हुई मौतों के आंकड़ों पर भजनलाल सरकार के दो मंत्रियों में टकराव हो गया है। दोनों ही मंत्री एक-दूसरे की बात को काट रहे है। आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का कहना है कि हीटवेव से 12 लोगों की मौत हो गई है। इन सभी के लिए मुआवजा के ऐलान भी कर दिया है। जबकि स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का कहना है कि हीटवेव से सिर्फ 6 लोगों की मौत हुए है। बता दें राजस्थान में हीटवेव के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक 50 से ज्यादा लोगों की हीटवेव से मौत हो चुकी है। जबकि आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के मुताबिक 12 लोगों की मौत हुई जिनके लिए उन्होंने मुआवजे का ऐलान किया है।



**कांग्रेस ने भी उठाए सवालः** पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही भाजपा सरकार अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मृतकों को मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के आंकड़े छिपाने का पाप कर रही है। एसएमएस अस्पताल से चौंकाने वाली सूचना है, जहां हीट वेव से मौत के बाद करीब 40 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में हैं, हर दिन करीब 20-25 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में आ रहे हैं। लेकिन सरकार मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के अलग-अलग कारण बताकर 3 दिन के भीतर पोस्टमार्टम करके मामलों को निपटा रही है। पुलिस की कार्रवाई, परिवार को ढूंढने और समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करने की प्रक्रिया में करीब 7 दिन लग जाते हैं। जिसके पश्चात डेड बॉडी को डिस्पोज किया जाता है। ये आंकड़े सिर्फ स्स्र्स अस्पताल के हैं, पूरे प्रदेश के हालात भयावह एवं चिंताजनक है। सरकार सिर्फ 5 लोगों की हीट वेव से मौत बता रही है।

## यूपी में पंचायतीराज विभाग की नई व्यवस्था, चेहरा देखकर ही खुलेंगे पंचायत के कम्प्यूटर

**लखनउ, एजेंसी।** अब ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव के घर पर या उनके किसी अन्य ठिकाने पर पंचायतीराज विभाग के कम्प्यूटर काम नहीं करेंगे बल्कि यह कम्प्यूटर प्रत्येक ग्राम सचिवालय में ही संचालित होंगे। यह कम्प्यूटर तभी काम करेंगे जब ग्राम पंचायत सहायक अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन करेंगे। यानि ग्राम पंचायत सहायक का चेहरा देखकर ही कम्प्यूटर खुलेगा। इससे ग्राम सचिवालय में उनकी उपस्थिति भी सत्यापित होगी।

बीती 24 मई को पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने यह पत्र सभी जिला पंचायतीराज अधिकारियों को जारी किया है। इसमें निर्देश दिए गए हैं कि सभी पंचायत सहायक द्वारा अपने मोबाइल फोन पर पंचायत गेट-वे मोबाइल एप और पंचायत गेट-वे पोर्टल पुन इंस्टाल करें। इस आदेश के मुताबिक पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर द्वारा ही अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन किया जा सकेगा। पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से ही सभी भुगतान किये जा सकेंगे। पंचायतीराज विभाग के अफसरों का कहना है कि अब पंचायत सचिवालय में ही कम्प्यूटर संचालित होंगे। पंचायतीराज विभाग की नई व्यवस्था ग्राम प्रधानों को रास नहीं आ रही है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा का कहना है कि पंचायत का भुगतान गेटवे से करने के विस्तृत निर्देश चिंतित करने वाले हैं।

## दिल्ली में आधी रात को धू-धूकर जला कश्मीरी गेट मेट्रो थाना



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में देर रात आग लग गई। अधिकारियों ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। यह आग कैसे लगी फिलहाल इसकी सही वजह पता नहीं चल सकी है। शुरुआती तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी नें बताया कि देर रात करीब 12ः45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आई, जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन थाने का एक हिस्सा आग में क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें मालखाना भी शामिल है जहां मुकदमों से संबंधित सामान को रखा जाता है। आग की कूलिंग का काम चल रहा है। आईजीएल की पाइप लाइन में आग से हड़कंप वहीं, दिल्ली के साकेत स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स में आईजीएल (इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड) की गैस पाइपलाइन में भी शुक्रवार देर रात तकनीकी खराबी के चलते आग लग गई। गैस पाइपलाइन में आग लगने से कुछ ही देर में आग फैल गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दी। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। एक अन्य मामले में हरकेश नगर स्थित जंगल में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। आग लगने के चलते जंगल में लगे छह से अधिक पेड़ जल गए। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि साकेत स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स में आइजीएल की गैस पाइपलाइन जा रही है। गुरुवार रात करीब पौने दो बजे गैस पाइपलाइन में आग लग गई।

# हिमाचल में कंगना, अनुराग ठाकुर, सुक्खू समेत कई दिग्गज नेताओं ने किया मतदान

**मंडी, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 4 लोकसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। हिमाचल में मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत,विक्रमादित्य सिंह,हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ,केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर समेत कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया है।





मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने कहा, मेरी सभी से अपील है कि लोकतंत्र के महापर्व में वे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। मोदी जी की लहर पूरे हिमाचल प्रदेश में है। पीएम मोदी ने इस बार करीब 200 रैलियां की हैं। उनका लोहा पूरा देश और प्रदेश मानता है। मुझे अवश्य यहां से आशीर्वाद मिलेगा... 400 पार में हिमाचल की भी 4 सीटें रहेंगी।

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने कहा, मैंने मतदान कर दिया है। आप सभी भी जल्द से जल्द मतदान करके अपना योगदान दें। दुनिया उम्मीद भरी नजरों से भारत की तरफ देख रही है। विकसित भारत बनाना है। हम सभी को अपना योगदान करना है। जनता का पूरा आशीर्वाद मिलने वाला है। हम लोकसभा की सभी 4 सीटें जीतेंगे। हिमाचल प्रदेश उपचुनाव में सभी 6 विधानसभा सीटें भी हम जीतने वाले हैं। कुछ राजनीतिक दलों ने चुनावी नतीजों से पहले ही हार मान ली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, ...जनता ने एक ही बात ध्यान में रखी है कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी। देश सुरक्षित है, देश मजबूत हाथों में है। मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार चल रही है और देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं...कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में तुष्टीकरण की बात की। असल धर्मनिरपेक्ष मोदी जी हैं। जिन्होंने सभी योजनाएं दी और कभी नहीं कहा कि किसी धर्म को दिया और किसी धर्म को नहीं दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा, आज बहुत अच्छा दिन है पूरे क्षेत्र से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। केवल विक्रमादित्य सिंह नहीं बल्कि पूरे मंडी क्षेत्र के 14 लाख लोगों की जीत होगी। मिलकर हम विकास कार्यों को आगे लेकर जाएंगे। मेरा निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने आएं।

# चीन ने रूस-यूक्रेन युद्ध से किया किनारा, कहा- इस मुद्दे पर चर्चा मुश्किल

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा के लिए की जा रही उम्मीदों को पूरा करना ''मुश्किल है क्योंकि उसे लगता है कि पहले से ऐसी धारणा बनी हुई है कि बीजिंग मॉस्को समर्थक है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, बैठक में चीन की उम्मीदें पूरी होना कठिन प्रतीत होता है। माओ ने कहा, ''बैठक के लिए व्यवस्था एवं चीनी पक्ष की मांग और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सामान्य अपेक्षाओं के बीच अब भी काफी अंतर है। माओ ने कोई विस्तृत विवरण दिये बिना कहा कि चीन ने संबंधित पक्षों को हमारे विचारों और चिंताओं से अवगत करा दिया है और वह सभी संबंधित पक्षों के साथ संपर्क बनाए रखेगा।

चीन संघर्ष में तटस्थ होने का दावा करता है, लेकिन उसने रूस का पुरजोर समर्थन किया है। चीन ने हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की राजकीय यात्रा की मेजबानी भी की थी। पुतिन ने बुधवार को चीन की सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी के साथ एक साक्षात्कार में चीनी नेता शी चिनफिंग के साथ अपने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा, राष्ट्रपति शी चिनफिंग सम्मानपूर्ण, मैत्रीपूर्ण, खुली और साथ ही साथ



व्यावसायिक संवाद शैली अपनाते हैं। पुतिन ने कहा, हमारी प्रत्येक बैठक न केवल पुराने मित्रों के बीच एक संवाद होती है... बल्कि इस दौरान द्विपक्षीय और अंतराष्ट्रीय एजेंडे के सर्वाधिक प्रासंगिक मुद्दों पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान भी होता है। पुतिन ने यूक्रेन के लिए बीजिंग की शांति योजना की सराहना की, जिसे मोटे तौर पर खारिज कर दिया गया है और जिसके तहत मॉस्को को कब्जाई गई भूमि को वापस करने की कोई आवश्यकता नहीं जताई गई थी। पुतिन ने कहा, हम यूक्रेन संकट को हल करने के लिए चीन के दृष्टिकोण की सराहना करते हैं। स्विट्जरलैंड ने युद्ध समाप्त करने की उम्मीद में आने वाले दिनों के लिए वार्ता का प्रस्ताव रखा था लेकिन मॉस्को या कीव द्वारा इसका समर्थन नहीं किया गया।

## भारत-अमेरिका के संबंध समान विचार पर आधारित, शांगरी ला डायलॉग में बोले अमेरिकी रक्षा मंत्री

**सिंगापुर, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बताया कि भारत-अमेरिता के रिश्ते समान दृष्टि और समान विचार पर आधारित है। इन दोनों देशो के बीच के संबंधों में रफ्तार भी बढ़ेगी। ऑस्टिन की यह टिप्पणी शांगरी ला डायलॉग में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर पूछे गए सवाल पर आई। बता दें कि शांगरी ला डायलॉग एशिया का प्रमुख रक्षा शिखर सम्मेलन है।

**लॉयड ऑस्टिन ने भारत-अमेरिका के संबंधों का विवरण दिया–** भारत-अमेरिका के रिश्ते को लेकर एक प्रतिनिधि ने अमेरिकी रक्षा मंत्री से सवाल किया। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा, मौजूदा समय में भारत के साथ हमारे संबंध अच्छे हैं। यह उतना ही अच्छा और बेहतर है, जितना पहले था। उन्होंने आगे कहा, हम भारत के साथ मिलकर बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में प्रगति हुई है।

ऑस्टिन ने आगे कहा, भारत-अमेरिका के संबंध समान दृष्टि और समान विचार पर आधारित है। इसलिए मुझे लगता है कि इस रिश्ते में जो गति हम देख रहे हैं, वह न केवल जारी रहेगा बल्कि ये रफ्तार भी पकड़ेगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर ऑस्टिन ने कहा, इस क्षेत्र में अपने दोस्तों के साथ, रक्षा उद्योग को बेहतर तरीके से एकीकृत करने के लिए हम राष्ट्रीय बाधाओं को तोड़ रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हिंद-प्रशांत में अमेरिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।


**ऑस्टिन ने बताया क्यों एशियाई क्षेत्रों में अमेरिका अपनी उपस्थिति बनाए हुए है–** हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अंतर्गत हिंद महासागर और दक्षिणी चीन सागर समेत ताइवान, फिलीपींस. ब्रुनेई, मलयेशिया और वियतनाम शामिल है। ऑस्टिन ने प्रतिनिधियों को बताया कि अमेरिकी रक्षा अद्योग को जापान समेत अन्य कई देशों के साथ एकीकृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम साथ मिलकर उन क्षमताओं में निवेश कर रहे हैं, जो स्थायी सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा दता है।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** नगदी की तंगी झेल रहे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ एक बार फिर चीन की शरण में जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ है। इस प्रोजेक्ट के भविष्य को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। इस दौरान वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ वार्ता करेंगे। वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए संयुक्त रूप से एक खाका तैयार किया जायेगा। ये दोनों देश अरबों डॉलर के सीपीईसी के तहत सहयोग बढ़ाना चाहते हैं।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर चार से आठ जून तक चीन में रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सीपीईसी परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं। सीपीईसी परियोजना एक दशक पहले शुरू की गई थी और कई ऊर्जा और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा, ''चीन की यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के साथ वार्ता करेंगे और चीन-पाकिस्तान संबंधों के विकास के लिए एक खाका तैयार करेंगे।''



मार्च में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद शरीफ की यह पहली चीन यात्रा होगी।

माओ ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि यात्रा के दौरान शरीफ चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग और अन्य अधिकारियों के साथ चीन-पाकिस्तान संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान रणनीतिक साझेदार हैं और दोनों देशों की मित्रता समय की कसौटी पर खरी उतरी है तथा यह साझेदारी मजबूत और स्थिर बनी हुई है।

बीजिंग के अलावा, 72 वर्षीय शरीफ गुआंग्डोंग और शानक्सी प्रांतों का भी दौरा करेंगे। माओ ने कहा कि दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मामलों में भी अच्छा संचार और समन्वय बनाए रखा है। माओ ने कहा, ''चीन इस यात्रा के माध्यम से पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, ताकि हमारी रणनीतिक साझेदारी में और अधिक प्रगति हो सके।''

इस बीच प्रधानमंत्री शरीफ ने चीन की अपनी आगामी यात्रा के संबंध में इस्लामाबाद में शुक्रवार को एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीनी कंपनियों को पाकिस्तान में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। शरीफ ने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान चीन के उद्योगपतियों और निवेशकों को हर संभव सुविधा प्रदान करेगा।

## नॉर्थ कोरिया ने दागी मिसाइल तो भड़के अमेरिका, जापान समेत कई देश, की कड़ी निंदा

**वाशिंगटन , एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने हाल ही में अभ्यास के दौरान पूर्वी समुद्री क्षेत्र में बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। अब संयुक्त राज्य अमेरिका,दक्षिण कोरिया और जापान ने संयुक्त रूप से उत्तर कोरिया के इस कारनामे की निंदा की है। वर्जीनिया के लिटिल वाशिंगटन में जापान के उप विदेश मंत्री मसाताका ओकानो और दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून के साथ अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने बैठक की थी। बैठक के बाद तीनों देशों का एक संयुक्त बयान सामने आया है।

**शांति बनाए रखने की अपील–** तीनों सहयोगियों ने दक्षिण चीन सागर में गैरकानूनी समुद्री दावों का विरोध के महत्व को पहचाना और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व की पुष्टि की। संयुक्त बयान में कहा गया,ताइवान में हमारी स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और हम आगे शांतिपूर्ण समाधान का ऐलान करते हैं।

प्योंगयांग राज्य मीडिया ने हाल ही में कहा था कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया को निशाना साधते हुए सुपर-लार्ज मल्टीपल रॉकेट लांचरों के तोपखाने प्रदर्शन अभ्यास का निरीक्षण किया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555